


हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

दुमका, औरंगाबाद, पटना एवं आरा से प्रकाशित



बसंत पंचमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!



रजि नं.-JHAHIN/2022/82776 • दुमका • शुक्रवार • 23 जनवरी 2026 • वर्ष 04 • अंक 339 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00


## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना देर रात दावोस से पहुंचे लंदन



**संवाददाता। रांची**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार देर रात लंदन पहुंचे। वहां पहुंचने पर झारखंडी स्कॉलर्स और भारतीय डायस्पोरा के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री सोरेन के साथ सरकारी प्रतिनिधिमंडल में उनकी पत्नी व विधायक कल्पना सोरेन भी हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में शिरकत की थी। सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय की ओर से गुरुवार को बताया गया कि लंदन पहुंचने पर झारखंड के स्कॉलर्स और भारतीय डायस्पोरा के सदस्यों की ओर से मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और उनकी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन का पारंपरिक गीत-संगीत से स्वागत हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि इस स्वागत सम्मान से अभिभूत हूं, निशब्द हूं। मेरे प्रति आपका यह प्रेम देखकर मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। लंदन में हमारे लोग झारखंड का नाम रोशन कर रहे हैं। आप सबका हार्दिक आभार। कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखण्ड के हमारे स्कॉलर्स और डायस्पोरा के सदस्यों की ओर से स्वागत के लिए आभार व्यक्त करती हूं। सभी को झारखंडी जोहार।

## झारखंड में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच भीषण मुठभेड़

### कई नक्सलियों के मारे जाने की आशंका

**संवाददाता। पश्चिमी सिंहभूम**



झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के घने और दुर्गम सारंडा जंगल में गुरुवार सुबह सुरक्षाबलों और भाकपा (माओवादी) नक्सली संगठन के बीच भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। छोटानागरा थाना क्षेत्र में हुई इस मुठभेड़ में दोनों ओर से काफी देर तक गोलीबारी होती रही। शुरुआती जानकारी के अनुसार इस मुठभेड़ में कई माओवादियों के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है। सुरक्षाबलों की ओर से अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस के वरीय अधिकारियों को सारंडा के जंगली इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी।

इसी सूचना के आधार पर कोबरा, झारखंड जगुआर और जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सुरक्षाबल जैसे ही नक्सलियों के ठिकानों के करीब पहुंचे, खुद को घिरा देख नक्सलियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की। सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली घने जंगल और पहाड़ी इलाके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने पूरे क्षेत्र को घेर लिया है और बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। आईजी (अभियान) माइकल राज एस ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस और माओवादियों बीच सुबह से मुठभेड़ चल रही है। गौरतलब है कि सारंडा और कोल्हान क्षेत्र लंबे समय से नक्सल प्रभावित इलाका रहा है। यहां कई बड़े नक्सली नेताओं की सक्रियता बताई जाती रही है।

इनमें मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु और अनल जैसे शीर्ष माओवादी नेताओं के नाम सामने आते रहे हैं। इसके अलावा असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटु लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत और रापा मुंडा भी अपने दस्ता सदस्यों के साथ इस इलाके में सक्रिय बताए जाते हैं।

## झारखंड: सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी नक्सली अनल दा ढेर

**एजेंसी, पश्चिमी सिंहभूम**

पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा थाना क्षेत्र स्थित सारंडा जंगल में गुरुवार हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक करोड़ रुपये के इनामी नक्सली अनल दा उर्फ पतिराम मांझी को मार गिराया गया है। आईजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता माइकल राज एस ने अनल के मारे जाने की पुष्टि की है। इस मुठभेड़ में अनल के साथ अन्य 11 नक्सलियों के मारे जाने की भी सूचना है। सुरक्षा बलों को खुफिया सूचना मिली थी कि अनल दा का दस्ता बड़ी घटना की साजिश रच रहा है। इसके आधार पर कोबरा, जगुआर और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की संयुक्त टीम ने इलाके की घेराबंदी की। सुबह से शुरू हुई मुठभेड़ में जबरदस्त गोलीबारी हुई। मुठभेड़ के बाद चलाए गए सर्च अभियान में भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं, जिनमें एके-47, इंसास राइफल, एसएलआर और कारतूस शामिल हैं। ग्रामीणों की मदद से शवों की पहचान की जा रही है। अनल दा झारखंड के गिरिडीह जिले का निवासी था और वर्षों से सारंडा के घने जंगलों में छिपा हुआ था। वह प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) की झारखंड-बिहार स्पेशल एरिया कमेटी से जुड़ा था और संगठन की कमान संभाल रहा था। उस पर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। मुठभेड़ में मारे गए अन्य नक्सलियों में कई महत्वपूर्ण कमांडर शामिल बताए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि यह ऑपरेशन अनल के दस्ते को पूरी तरह निशाना बनाने के लिए चलाया गया था, जिसमें मिसिर बेसरा जैसे अन्य बड़े नाम भी शामिल थे। हालांकि उनकी स्थिति स्पष्ट नहीं है।

## मुख्यमंत्री नीतीश ने सिवान को दी 202 करोड़ की सौगात

**एजेंसी, सिवान**



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को समृद्धि यात्रा के क्रम में सीवान जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मैरवा के प्रांगण में सीवान जिले की 202 करोड़ रुपये की लागत से कुल 71 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 157 करोड़ रूपये की 40 योजनाओं का शिलान्यास एवं 45 करोड़ रुपये की 31 योजनाओं का उद्घाटन शामिल है। मुख्यमंत्री ने राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मैरवा के प्रांगण में विभिन्न विभागों द्वारा सीवान जिले में संचालित विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को सांकेतिक चेक, स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री द्वारा तेल प्रसंस्करण इकाई हेतु सूर्यान्स एफपीओ को 9 लाख 90 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही फार्म मशीनरी बैंक के लिए मुकेश कुमार, ग्राम कयलगढ़ बढ़ेरिया को 8 लाख रुपये की अनुदान राशि का चेक प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त झोपड़ी मशरूम इकाई हेतु धर्मेंद्र राम को 89,750 रुपये की अनुदान राशि प्रदान की गई। कृषि सखियों ने मुख्यमंत्री का अभिनंदन करते हुए कहा कि वे सभी प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु किसानों को निरंतर जागरूक कर रही हैं। सरकार द्वारा उन्हें 5 हजार रुपये प्रतिमाह की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। इस प्रकार सीवान जिले के 11 प्रखंडों में कुल 23 कृषि सखियों को 5 हजार रूपये प्रतिमाह की दर से प्रोत्साहन राशि दी जा रही है, इसके लिए हम सभी मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजना सीवान आंदर पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का आंदर ढाला के समीप स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस सड़क के निर्माण का काम लगभग 24 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है और शेष निर्माणाधीन कार्य काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## मेला प्राधिकरण ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को भेजा दूसरा नोटिस

**एजेंसी, प्रयागराज** । मौनी अमावस्या को माघ मेला में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के गंगा स्नान को लेकर शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज को दूसरी नोटिस भेजकर चेतावनी दी गई है कि यदि 24 घंटे में समुचित जवाब नहीं दिया गया तो मेला प्राधिकरण की ओर से दी गई सुविधाएं निरस्त कर दी जाएंगी और आप का प्रवेश मेला क्षेत्र में सदैव के लिए प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। उक्त जानकारी शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज के मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र योगी सरकार ने गुरुवार को दी। उन्होंने बताया कि मेला प्रशासन से जारी की एक और नोटिस से शंकराचार्य के भक्तों में आक्रोश व्याप्त है।

## बांग्लादेश ने टी20 विश्वकप का बहिष्कार किया

**एजेंसी, ढाका**



बांग्लादेश सरकार ने टी20 विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट का बहिष्कार करने की घोषणा की है। बांग्लादेश सरकार के फैसले के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) टी20 विश्व कप से हट गयी है। है। बांग्लादेश ने ये फैसला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मैच स्थल भारत से बाहर रखे जाने की उसकी मांग खरिज करने के बाद लिया है। बीसीबी ने कहा है कि वर्तमान हालातों में वह अपनी टीम को सुरक्षा कारणों से भारत नहीं भेज सकता। बोर्ड के अनुसार खिलाड़ियों और अंतरिम सरकार के खेल सलाहकार के बीच हुई अहम बैठक के बाद विश्वकप से हटने का फैसला किया गया है। इससे पहले आईसीसी ने कहा था कि या तो बांग्लादेश खेलने के लिए तैयार हो या बाहर जाये। इसके बाद एक बैठक में बीसीबी के वरिष्ठ अधिकारियों, राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों और अंतरिम सरकार के खेल सलाहकारों की बैठक हुई। इसमें आइसीसी के फैसले पर बात हुई। इसके बाद बीसीबी की ओर से कहा गया कि बांग्लादेश भारत में नहीं खेलने के अपने रुख पर बना हुआ है। साथ ही कहा कि मौजूदा हालातों में टीम भारत नहीं जाएगी, चाहे विश्कप से बाहर ही होना पड़े। बैठक के बाद खेल सलाहकार आसिफ नज़रुल ने कहा कि आईसीसी ने बांग्लादेश के साथ न्याय नहीं किया है। उन्होंने कहा कि यह मामला सिर्फ क्रिकेट कार्यक्रम या टूर्नामेंट प्रतिबद्धताओं तक सीमित नहीं है। साथ ही कहा कि , खिलाड़ियों की सुरक्षा सबसे ऊपर अै। इससे किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। नज़रुल ने यह भी साफ किया कि बांग्लादेश दबाव में झुकने वाला नहीं है। वहीं इससे पहले गत दिवस आईसीसी ने बीसीबी की आयोजन स्थल बदलने की मांग ठुकरा दी है।

## दावोस में बोले ट्रंप: पीएम मोदी मेरे शानदार दोस्त, जल्द होगी भारत-अमेरिका के बीच बड़ी ट्रेड डील

**एजेंसी, दावोस**



स्विट्जरलैंड के बर्फीले पहाड़ों के बीच आयोजित हो रहे वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के 56वें वार्षिक शिखर सम्मेलन से एक बड़ी खबर सामने आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर प्रशंसा की है और दोनों देशों के बीच एक महत्वपूर्ण व्यापारिक समझौते (ट्रेड डील) के जल्द संपन्न होने की उम्मीद जताई है। शिखर सम्मेलन के दौरान हुई एक विशेष चर्चा में ट्रंप ने पीएम मोदी को अपना एक बेहद शानदार दोस्त बताया और कहा कि वह भारत के साथ संबंधों को लेकर बहुत उत्साहित हैं। ट्रंप ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त करते हुए कहा, पीएम मोदी एक अद्भुत इंसान और मेरे बहुत अच्छे मित्र हैं। हम उनके नेतृत्व का सम्मान करते हैं और बहुत जल्द भारत के साथ अमेरिका की एक बड़ी और प्रभावी ट्रेड डील होने जा रही है। राष्ट्रपति ट्रंप के इस बयान को वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती साख और मजबूत होते द्विपक्षीय संबंधों के रूप में देखा जा रहा है। ट्रंप का यह सकारात्मक रुख उस समय आया है जब दोनों देशों के बीच व्यापारिक वार्ता एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। हालांकि, इस बहुप्रतीक्षित डील की राह में कुछ चुनौतियां भी बनी हुई हैं। बीते कुछ समय से दोनों देशों के वार्ताकार टैरिफ (शुल्क) की दरों और एक-दूसरे के बाजारों तक पहुंच बनाने जैसे तकनीकी मुद्दों पर आम सहमति बनाने की कोशिश कर रहे हैं। विशेष रूप से ऊर्जा और कृषि क्षेत्र से जुड़े कुछ मसलों पर दोनों देशों के बीच असहमति के स्वर भी उठते रहे हैं। लेकिन ट्रंप के ताजा बयान ने यह संकेत दे दिया है कि राजनीतिक स्तर पर इस डील को लेकर काफी इच्छाशक्ति है। वहीं, भारत के विदेश मंत्रालय ने भी इस दिशा में सकारात्मक संकेत दिए हैं। मंत्रालय के अनुसार, भारत और अमेरिका पिछले एक साल से अधिक समय से एक संतुलित व्यापार समझौते के लिए निरंतर संपर्क में हैं। दोनों देश एक ऐसी डील के लिए प्रतिबद्ध हैं जो दोनों अर्थव्यवस्थाओं के लिए फायदेमंद साबित हो।

## इस्पात संयंत्र में भीषण विस्फोट, छह मजदूरों की मौत, पांच गंभीर

**एजेंसी, बलौदाबाजार**

जिले में एक दर्दनाक औद्योगिक हादसा हो गया। भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र के ग्राम बकुलाही स्थित एक इस्पात संयंत्र में क्लिनिकल फर्नेस संचालन के दौरान जोरदार विस्फोट हुआ, जिसमें छह मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। ब्लास्ट इतना जबरदस्त था कि संयंत्र परिसर में अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद कामकाज पूरी तरह ठप हो गया और मजदूरों में दहशत का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, भाटापारा ग्रामीण पुलिस और अतिरिक्त पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचे। प्रशासन की टीम ने राहत और बचाव कार्य शुरू कराया। घायलों को पहले भाटापारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बिलासपुर रेफर कर दिया गया। हादसे पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि इस मामले की गंभीरता से जांच होनी चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था या नहीं, और मजदूरों की मौत की असल वजह क्या है—इन सभी बिंदुओं की निष्पक्ष जांच जरूरी है। कलेक्टर दीपक सोनी और एसपी भावना गुप्ता ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हादसे में छह लोगों की मौत हुई है और पांच मजदूर घायल हैं। फिलहाल पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम मामले की जांच में जुटी हुई है। संयंत्र प्रबंधन से भी पूछताछ की जा रही है और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े दस्तावेजों की जांच की जा रही है।



## जम्मू-कश्मीर के डोडा में खाई में गिरा सेना का वाहन, 10 जवान शहीद



**एजेंसी, डोडा।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां भारतीय सेना का एक कैस्पर वाहन गहरी खाई में जा गिरा। इस दुर्घटना में 10 जवान शहीद हो गए, जबकि 10 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। मिली जानकारी के अनुसार सेना का यह वाहन भद्रवाह–चंबा मार्ग से होकर एक ऊंची पहाड़ी पोस्ट की ओर जा रहा था। बताया जा रहा है कि सड़क की हालत पहले से ही काफी खराब थी। तभी अज्ञात कारणों से चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद कैस्पर करीब 200 फीट गहरी खाई में गिर गया। हादसे की सूचना मिलते ही सेना, पुलिस और राहत दल मौके पर पहुंचे और तत्काल बचाव अभियान शुरू किया गया। खाई में गिरे जवानों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन तेज़ी से चलाया गया। घायल सैनिकों को पहले नजदीकी मेडिकल सेंटर ले जाया गया, बाद में बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर अस्पताल पहुंचाया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सभी घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा देने के निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं हादसे में जवानों की शहादत पर गहरा दुख जताया गया है।

## म्यांमार-थाईलैंड सीमा पर फंसे भारतीय, औवेसी ने उठाया मुद्दा



**एजेंसी, नई दिल्ली** । रोज़गार के नाम पर धोखाधड़ी करके ले जाये गये 16 भारतीयों को थाईलैंड-म्यांमार सीमा पर किसी जगह बंधक बना कर बंधुआ मजदूरी कराये जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लमीन (एआईएमआईएम) के नेता असदुदीन औवेसी ने गुरुवार को एक्स पर अपने हैंडल पर यह जानकारी दी और विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने अनुरोध किया है कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करेंऔर सभी भारतीय नागरिकों की वापसी सुनिश्चित करायें। ओवैसी ने एक्स हैंडल पर लिखा कि उन्हें एक दुखद समाचार मिला है कि हैदराबाद के तीन व्यक्तियों सहित 16 भारतीय नागरिक म्यांमार-थाईलैंड सीमा पर किसी जगह कैद में है। इन्हें नौकरी का वादा देकर थाईलैंड ले जाने के बहाने यहां लाया गया था। वहां इनसे जबरन 18 से 20 घंटे काम कराया जा रहा है। उन्हें शारीरिक प्रताड़ना दी जा रही है। उनका पासपोर्ट और फोन छीन लिया गया है और मेडिकल सुविधाओं से उन्हें वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकारी सज्जाद अली से मिली है। वे उस्मान नगर, हैदराबाद के रहने वाले हैं।

## अमित शाह शनिवार को लखनऊ में 'उत्तर प्रदेश दिवस' समारोह को करेंगे संबोधित



**एजेंसी, नई दिल्ली** । केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार को लखनऊ में 'उत्तर प्रदेश दिवस' समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे। केन्द्रीय गृह मंत्रालय के गुरुवार के बयान के मुताबिक लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान गृहमंत्री 'एक जनपद–एक व्यंजन' योजना की शुरुआत करेंगे। योजना के तहत प्रत्येक जनपद के विशिष्ट पारंपरिक व्यंजनों की पहचान कर उन्हें गुणवत्ता, ब्रांडिंग और बाजार से जोड़ा जाएगा, जिससे स्थानीय व्यंजनों को राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान मिल सके। मंत्रालय ने बताया कि समारोह के दौरान अमित शाह 'सरदार पटेल औद्योगिक क्षेत्र योजना' का भी शुभारंभ करेंगे, जिससे उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा गृहमंत्री शाह मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपदों को पुरस्कार प्रदान करेंगे तथा उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान 2025-26 का वितरण भी करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### धनबाद के सरायढेला में जेबीवीएनएल ठेकेदार के गोदाम में भीषण आग

**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड के धनबाद जिले के सरायढेला थाना क्षेत्र की बलियापुर रोड पर झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) के लिए काम करने वाली कंपनी लेजर पावर के एक ठेकेदार के गोदाम में गुरुवार को अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने की घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गोदाम में रखे ट्रांसफॉर्मर, केबल, बिजली के तार समेत बिजली के कई कीमती सामान जल गए, जिससे लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गोदाम से अचानक धुआं निकलता दिखाई दिया। इसके कुछ ही देर बाद आग की लपटें तेज हो गईं। आग इतनी अधिक तेज हो गई कि आसपास के इलाके में धुंआ-धुंआ ही दिखाई देने लगा। आगजनी की घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना सरायढेला थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास शुरू किया। आग की गंभीरता को देखते हुए दमकल विभाग को भी सूचना दी गई। दमकल की गाड़ियों के पहुंचने तक पुलिस और स्थानीय लोग आग को फैलने से रोकने के प्रयास में जुटे रहे। गोदाम में बड़ी मात्रा में ज्वलनशील सामग्री मौजूद होने के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। फिलहाल, आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, पुलिस और संबंधित विभाग की ओर से मामले की जांच की जा रही है।

### माध्यमिक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में रिकॉर्ड गैरहाजिरी, हर दूसरा अभ्यर्थी गायब

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में अधिकतर नियुक्ति परीक्षाएं विवादों में फंस जाती हैं। कभी समय पर परीक्षा नहीं होती। परीक्षा होती है तो रिजल्ट में काफी देर होती है। फिर रिजल्ट जारी होने के बाद मामला कोर्ट में पहुंच जाता है। लेकिन इस बार अलग तरह का मामला सामने आया है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की माध्यमिक आचार्य के 1373 पदों के लिए पेपर-1 की परीक्षा में अभ्यर्थियों की बेरुखी सामने आई। 15 जनवरी से 19 जनवरी तक हुई इस परीक्षा में अभ्यर्थियों की भागीदारी उम्मीद से भी कम रही। कुल 50,004 अभ्यर्थियों को 16 परीक्षा केंद्रों पर सीट आवंटित किए गए थे। लेकिन इनमें से सिर्फ 25,188 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए। यानी हर दूसरा अभ्यर्थी परीक्षा से गायब रहा। माध्यमिक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों की गैरहाजिरी गंभीर संकेत है। यह साफ बताता है कि परीक्षा प्रक्रिया और सूचना तंत्र में खामियां हैं। ग्रामीण क्षेत्र के अभ्यर्थी नियमित रूप से वेबसाइट या ई-मेल नहीं देखते, जबकि परीक्षा की सभी सूचनाएं इसके माध्यम से ही दी गई। इस कारण बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। अगर किसी नियुक्ति परीक्षा में अपेक्षित संख्या में अभ्यर्थी शामिल नहीं होते तो इसके लिए स्पष्ट नीति होनी चाहिए। ऐसी स्थिति में अनुपस्थित अभ्यर्थियों को एक अवसर मिलना चाहिए। अभ्यर्थियों की अनुपस्थिति का कारण भर्ती प्रक्रिया को लेकर बढ़ता अविश्वास है। पिछले कुछ वर्षों में शिक्षक नियुक्ति में देरी, नियमों में बार-बार बदलाव और चयन प्रक्रिया पर उठे सवालों ने युवाओं का भरोसा कमजोर किया है। अभ्यर्थियों का कहना है कि परीक्षा के बाद भी नियुक्ति कब तक होगी, यही स्पष्ट नहीं रहता। बार-बार टलती भर्तियों ने अभ्यर्थियों को मानसिक रूप से थका दिया है। इस दौरान अभ्यर्थियों ने या तो कोई वैकल्पिक रोजगार अपना लिया या फिर अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की ओर मुड़ गए। इस कारण अनुपस्थिति कम रही। परीक्षा से अनुपस्थित कुछ अभ्यर्थियों ने कहा कि पाठ्यक्रम और परीक्षा पैटर्न को लेकर कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं था।

### जगदंबा कोल फैक्ट्री की मालकिन पर गोलीबारी, मां-बेटे की मुश्किल से बची जान

**बोकारो, एजेंसी।** झारखंड के बोकारो जिले के नावाडीह ब्लॉक के ऊपरघाट क्षेत्र में बुधवार की देर रात उस वक्त सनसनी फैल गई, जब जगदंबा कोल फैक्ट्री की मालकिन शिव कुमारी और उनके पुत्र डॉ शिवम कुमार की कार पर अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने गोलीबारी कर दी। हमलावरों ने मारुति सियाज कार (नंबर जेएच 09 एटी 7328) पर दो गोलियां चलाईं, जो कार के पिछले हिस्से को चीरते हुए आर-पार निकल गईं। गनीमत यह रही कि इस हमले में कार में सवार मां-बेटे की जान बड़ी मुश्किल से बची। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र के रामा हरिया स्थित मां जगदंबा कोल फैक्ट्री से शिव कुमारी अपने पुत्र डॉ शिवम् कुमार के साथ रात करीब 10।30 बजे के बाद कार से निकली थीं। जब उनकी गाड़ी पिलपिलो कटहरडीह के गोदोनाला के पास पहुंची, तभी दो बाइक पर सवार चार अज्ञात लोगों ने उन्हें रुकने का इशारा किया। डॉ शिवम ने संदिग्ध परिस्थिति को देखते हुए कार नहीं रोकी और आगे बढ़ने की कोशिश की। इसी दौरान हमलावरों ने कार के दोनों ओर से फायरिंग शुरू कर दी। दो गोलियां कार के पीछले हिस्से में लगीं। इससे कार क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन किसी के शरीर पर चोट नहीं आई। फायरिंग के बाद डॉ शिवम ने सूझबूझ दिखाते हुए कार नहीं रोकी और सीधे बोकारो थर्मल थाना पहुंचे। वहां उन्होंने इंस्पेक्टर पिंकू कुमार यादव को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पिंकू कुमार यादव सक्रियता हुए और दोनों को लेकर डीवीसी अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उनकी जांच की। मेडिकल जांच में दोनों पूरी तरह सुरक्षित पाए गए। इस घटना के बाद मां-बेटा काफी भयभीत नजर आ रहे हैं।

# 26 जनवरी को बदलेगा मौसम का मिजाज : रांची में फिर गिरेगा पारा

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में बीते 24 घंटों के दौरान दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, लेकिन ठंड से अभी पूरी तरह राहत नहीं मिली है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में गिरावट आ सकती है। इसके बाद तीन से चार दिनों के भीतर तापमान में फिर बढ़ोतरी होने की संभावना है। खासतौर पर 26 जनवरी की सुबह राज्य के कई इलाकों में घना कोहरा छाया रह सकता है।

मौसम विभाग ने बताया है कि 26 जनवरी को एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा। इसका असर झारखंड में भी देखने को मिलेगा। इसके प्रभाव से तापमान में उतार-चढ़ाव रहेगा और सुबह के समय ठंड और कोहरे का असर ज्यादा महसूस होगा। हालांकि दिन में धूप निकलने से हल्की राहत मिलने की संभावना है।

बुधवार को राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 30।4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम का रिकॉर्ड भी बताया जा रहा है। वहीं राजधानी रांची का न्यूनतम तापमान 12।9 डिग्री सेल्सियस रहा, जो पिछले 24 घंटे में 1।9 डिग्री की बढ़ोतरी है।



जमशेदपुर में न्यूनतम तापमान 9।7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य का सबसे ठंडा जिला गुमला रहा, जहां न्यूनतम तापमान 8।4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पलामू में भी तापमान में रिकॉर्ड गिरावट देखी गई, जिससे सुबह और रात के समय ठिठुरन बढ़ गई है। झारखंड में अगले पांच दिनों के दौरान मौसम शुष्क बना रहेगा और तापमान में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। राज्य के अधिकांश हिस्सों में दिन का तापमान 27 से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच सकता है। देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज में अधिकतम तापमान 29 से 30 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है।

जबकि न्यूनतम तापमान 9 से 14 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। राजधानी रांची में भी तापमान में बढ़ोतरी का रुख रहेगा। यहां अधिकतम तापमान 25 से बढ़कर 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9 से 13 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार पलामू, गढ़वा, लातेहार और गुमला में रात का पारा सबसे नीचे रहने का अनुमान है, जहां न्यूनतम तापमान 6 से 8 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। हालांकि इन जिलों में भी दिन के समय तापमान 28 से 30 डिग्री तक पहुंचने से ठंड और गर्मी का अंतर साफ नजर आएगा।

वहीं पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां सबसे गर्म रहेंगे। इन जिलों में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल किसी बड़े मौसम तंत्र के सक्रिय न होने से बारिश की संभावना नहीं है।

### जसीडीह में बड़ा रेल हादसा टला

## नावाडीह फाटक पर ट्रक से टकराई ट्रेन

**जसीडीह, एजेंसी।** जसीडीह-मधुपुर के बीच रोहिणी-नावाडीह रेलवे फाटक पर गुरुवार सुबह एक बड़ा रेल हादसा हो गया। डाउन लाइन पर गोंडा से चल कर आसनसोल जा रही ट्रेन नंबर 13510 गोंडा आसनसोल एक्सप्रेस ट्रेन और चावल से भरे ट्रक में जोरदार टक्कर हो गई। ट्रक का नंबर जेएच 15 एक्स 8874 है। इस हादसे से कुछ देर के लिए डाउन लाइन और अप रेल लाइनों पर ट्रेनों की आवाजाही बाधित हो गई। यह घटना सुबह करीब 9:38 बजे की बताई जा रही है। हालांकि, सुबह करीब 10:55 में अप लाइन को चालू कर दिया गया। आसनसोल झाझा पैसेंजर ट्रेन को पास किया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फाटक पर सुबह के समय भारी ट्रैफिक था। इसी दौरान चावल से भरा ट्रक रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। गेटमैन पंकज कुमार का कहना है कि ट्रैफिक अधिक होने के कारण ट्रेन को सिग्नल नहीं दिया गया था। इसके बावजूद इसके डाउन लाइन पर गोंडा-आसनसोल एक्सप्रेस आ गई और फाटक पर ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि आसपास अफरा-तफरी मच गई।

ट्रेन और ट्रक की टक्कर के दौरान ट्रक की चपेट में दो मोटरसाइकिलें भी आ गईं। राहत की बात यह रही कि मोटरसाइकिल सवार मौके से किसी तरह भाग गए। इस घटना में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर ट्रेन की रफ्तार कुछ और अधिक होती, तो जानमाल का बड़ा नुकसान हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के सीनियर अफसर और जसीडीह आरपीएफ घटना स्थल पर पहुंच कर मामले जांच कर रही है। आरपीएफ और जसीडीह थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच भीड़ को नियंत्रित किया। फाटक के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। रेलवे अधिकारी ट्रैक की स्थिति का जायजा लेते रहे और ट्रक को हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। रेलवे प्रशासन की ओर से बताया गया कि डाउन लाइन पर प्रभावित यातायात को बहाल करने के प्रयास जारी है। अप लाइन पर ट्रेनों को सावधानीपूर्वक पास कराने की व्यवस्था की जा चुकी है, ताकि यात्रियों को कम से कम परेशानी हो। इस घटना पर रेलवे स्तर की ओर से जांच शुरू कर दी गई है।

## वेटिंगलिस्ट यात्रियों के लिए खुशखबरी, राजधानी एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच



**धनबाद, एजेंसी।** यात्रियों की लगातार बढ़ती मांग और लंबी प्रतीक्षा सूची को देखते हुए रेलवे ने भुवनेश्वर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच जोड़ने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से खासकर लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 22823 भुवनेश्वर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में 23 जनवरी को तथा ट्रेन संख्या 22824 नई दिल्ली-भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस में 24 जनवरी को एक-एक अतिरिक्त सेकंड एसी (2) कोच जोड़ा जाएगा। अतिरिक्त कोच जुड़ने से सीटों की उपलब्धता बढ़ेगी और प्रतीक्षा सूची में शामिल यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिलने की संभावना भी बढ़ जाएगी।

गौरतलब है कि भुवनेश्वर और नई दिल्ली के बीच राजधानी एक्सप्रेस में हमेशा यात्रियों की भारी भीड़ रहती है। त्योहारों, अवकाश और परीक्षा के मौसम में इस रूट पर प्रतीक्षा सूची काफी लंबी हो जाती है, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने अस्थायी रूप से अतिरिक्त कोच जोड़ने का फैसला किया है।

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए भविष्य में भी जरूरत के अनुसार कोचों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। अतिरिक्त कोच जुड़ने से धनबाद सहित मार्ग के विभिन्न स्टेशनों पर चढ़ने-उतरने वाले यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।

धनबाद से चंद्रपुरा, बोकारो व टाटा होकर चलने वाली झाड़ग्राम मेमू गुरुवार को प्रभावित रहेगी। सुबह झाड़ग्राम से चलने वाली ट्रेन बोकारो तक चलेगी। दोपहर में धनबाद से चलने वाली ट्रेन बोकारो से झाड़ग्राम तक जाएगी। सुबह स्वर्णरेखा एक्सप्रेस के बाद टाटा जाने के लिए यही विकल्प है।

## प्रदेश में शराब घोटाला केस में जल्द हो सकती है सीबीआई की एंट्री, जुटा रही है जानकारी




**रांची, एजेंसी।** झारखंड में शराब घोटाला मामले में छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित आर्थिक अपराध विंग (ईओडब्ल्यू) में सात सितंबर 2024 को दर्ज प्राथमिकी मामले में सीबीआई की एंट्री हो सकती है। रायपुर ईओडब्ल्यू की अनुशंसा के करीब एक साल बाद सीबीआई ने इससे संबंधित जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि बहुत जल्द ही सीबीआई इसमें केस दर्ज करेगी।

फिलहाल उक्त केस ईओडब्ल्यू के पास ही है, जिसमें झारखंड में शराब घोटाले के किंग-पिन व सत्ता के करीबी रहे संदिग्धों, आरोपितों की जानकारी जुटाई जा रही है। इन आरोपितों में प्रेम प्रकाश भी शामिल है, जिसे ईडी ने जमीन घोटाला केस में जेल भेजा था।

रायपुर ईओडब्ल्यू ने प्रेम प्रकाश से संबंधित दस्तावेज एकत्रित किया है। रायपुर ईओडब्ल्यू ने अपने केस से संबंधित सभी दस्तावेज अपनी अनुशंसा के साथ दिल्ली स्थित सीबीआई मुख्यालय को सौंपा था। झारखंड में शराब घोटाला मामले की जांच कर रही झारखंड एसीबी ने जिन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है, वे सभी आरोपित वर्तमान में रायपुर ईओडब्ल्यू के निशाने पर हैं। एक-एक कर सबका बयान वहां चल रहा है।


हाल ही में रायपुर ईओडब्ल्यू ने देसी शराब आपूर्ति कंपनी के संचालक चुन्नू जायसवाल को रिमांड पर लिया था और उससे पूछताछ की थी। पूर्व में अन्य आरोपितों से भी पूछताछ हो चुकी है। ये सभी आरोपित सीबीआई की जांच के घेरे में भी होंगे। इन सबसे सीबीआई भी पूछताछ कर सकती है। रायपुर ईओडब्ल्यू केस में ईडी रांची ने वर्ष 2024 में ही पीएमएल अधिनियम के तहत जांच शुरू की थी। ईडी ने उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के तत्कालीन प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, तत्कालीन संयुक्त आयुक्त उत्पाद गजेंद्र सिंह व अन्य को आरोपित बनाया था।

इसके बाद ईडी ने 29 अक्टूबर 2024 को सभी संबंधित को ठिकाने पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी में झारखंड की उत्पाद नीति (जनवरी 2022 में छत्तीसगढ़ राज्य विपणन निगम लिमिटेड के माडल आधारित) से जुड़े कागजात, प्रिज्म कंपनी के होलोग्राम के नमूने, दो आइफोन, अन्य मोबाइल आदि की बरामदगी हुई थी।

आरोप है कि जनवरी 2022 में झारखंड में उत्पाद नीति को बदलने के लिए छत्तीसगढ़ के अधिकारियों के साथ तत्कालीन उत्पाद सचिव व अन्य अधिकारियों ने प्लान किया और रायपुर में बैठक की थी।

यह भी आरोप है कि उत्पाद नीति लागू होने के बाद दो वर्षों तक झारखंड उत्पाद नीति में छत्तीसगढ़ की एजेंसियां कार्यरत रहीं। नकली होलोग्राम, अवैध शराब की सप्लाई कर झारखंड सरकार को करोड़ों की क्षति पहुंचाई गई। ईडी की जांच चल रही है, अब सीबीआई इन बिंदुओं को भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत खंगालेगी।

## जमशेदपुर के बिष्टुपुर एसएसपी आवास के समीप सकारोबारी पुत्र कैरव गांधी अपहरण मामला:अब भी रहस्य बरकरार



**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर के बिष्टुपुर एसएसपी आवास के समीप से चर्चित उद्यमी कैरव गांधी के अपहरण मामले में पुलिस को अब तक कोई ठोस सफलता नहीं मिली है। जांच के दौरान यह सामने आया है कि अपहरण में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन का मालिक राजशेखर है, जो बिहार के नालंदा जिले के राजगीर थाना क्षेत्र अंतर्गत नई पोखर का निवासी है।

पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए नालंदा तक पहुंची, लेकिन आरोपी पुलिस के पहुंचने से पहले ही फरार हो गया। घटना के नौ दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक न तो कैरव गांधी का कोई सुराग मिला है और न ही अपहरणकर्ताओं तक पुलिस पहुंच सकी है। इस बीच सोनारी थाना क्षेत्र में कैरव की एक महिला मित्र से भी पुलिस ने पूछताछ की, हालांकि वहां से भी कोई अहम जानकारी हाथ नहीं लगी।

13 जनवरी को सर्किट हाउस इलाके से शुरू हुई इस सनसनीखेज अपहरण की घटना ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कोल्हान के डीआईजी अनुरंजन किस्पोट्टा लगातार जल्द खुलासे का दावा कर रहे हैं, लेकिन 192 घंटे बीत जाने के बावजूद पुलिस खाली हाथ है। बुधवार की शाम कैरव गांधी के घर के बाहर लोगों की भारी भीड़ जुटी रही।

तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। कोई अपराधियों से मोलभाव की बात करता दिखा तो कोई पुलिस के अपराधियों के करीब पहुंचने का दावा करता रहा। हालांकि किसी भी पुलिस अधिकारी ने इन बातों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की। अपराधियों ने इस किडनैपिंग को पूरी तरह फिल्मी अंदाज में अंजाम दिया। जिस स्कॉर्पियो से कैरव गांधी का अपहरण किया गया, उस पर 'पुलिस' लिखा हुआ था। इससे साफ है कि अपराधियों ने खाकी का सहारा लेकर शहर में नाकाबंदी पार करने की रणनीति बनाई थी।

पुलिस का मानना है कि अपराधियों ने कैरव को डराकर या पुलिस की सतर्कता का फायदा उठाकर उसे शांतिपूर्वक अपनी गाड़ी में शिफ्ट कर लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची पुलिस मुख्यालय भी एक्शन मोड में है और डीआईजी स्तर पर मॉनिटरिंग की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस नतीजा सामने नहीं आया है।

राजशेखर के पिता का नाम उपेंद्र सिंह है। वह राजगीर में 'मारवाड़ी बासा' नामक होटल का संचालन करता है। इससे पहले राजशेखर नवादा जिले के हिसुआ प्रखंड में कंप्यूटर कोचिंग चलाता था, जिसे विवादों के चलते बंद कर दिया गया। राजशेखर का घर नई पोखर इलाके में है, जिसे देशभर में साइबर अपराधियों का सुरक्षित ठिकाना माना जाता है। पुलिस ने नालंदा पुलिस के सहयोग से कई बार उसके घर पर दबिश दी, लेकिन वह अपनी कार समेत फरार होने में सफल रहा। हाई अलर्ट के बावजूद आरोपी का बच निकलना पुलिस के लिए बड़ा सवाल बन गया है।

## जमशेदपुर में भव्य टुसू मेला का आयोजन, बंगाल और ओडिशा से भी बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल

**जमशेदपुर, एजेंसी।** बिष्टुपुर गोपाल मैदान में झारखंड एकता मंच द्वारा एक भव्य टुसू मेले का आयोजन किया गया। जमशेदपुर लोकसभा सांसद विद्युत बरन महतो, इचागढ़ विधायक सबिता महतो, पूर्व सांसद सुमन महतो और कई जिला परिषद सदस्य मंच पर मौजूद रहे।

झारखंड के विभिन्न जिलों के साथ-साथ बंगाल और ओडिशा से भी लोग टुसू मूर्तियों और चौडल के साथ मेले में पहुंचे। 60-70 फीट ऊंचे चौडल मेले का मुख्य आकर्षण बने। आकर्षक टुसू मूर्तियों से मेला परिसर सजा हुआ था। पुरुषों और महिलाओं ने अपनी स्थानीय भाषाओं में नृत्य किया और गाने गाए और ढोल और अन्य पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप पर अपनी संस्कृति का जश्न मनाया। टुसू मेले में चालीस हजार से ज़्यादा लोगों की भीड़ देखी गई।

सुरक्षा के लिए, आयोजकों द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्वयंसेवकों को तैनात किया गया था। तीस सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए थे। यह ध्यान देने योग्य है कि इस मेले की नींव 2006 में तत्कालीन जमशेदपुर सांसद सुनील महतो ने रखी थी। आदिवासी एकता मंच एक गैर-राजनीतिक मंच है जिससे सभी राजनीतिक दलों के नेता और कार्यकर्ता जुड़े हुए हैं।

भव्य टुसू मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में टुसू गीत, झुमर गीत और बूढ़ी गाड़ी नृत्य प्रदर्शन शामिल थे। इस दौरान, टुसू मूर्तियां और ऊंचे चौडल लाने वाले ग्रामीणों की टीमों को आयोजकों द्वारा सम्मानित किया गया। झारखंड एकता मंच के मुख्य संयोजक आस्तिक महतो ने कहा कि इस मेले की नींव तत्कालीन जमशेदपुर सांसद सुनील महतो ने रखी थी। वह अब हमारे साथ नहीं हैं, लेकिन इस मेले के माध्यम से उन्होंने झारखंड की कला, संस्कृति और परंपराओं को एक नई पहचान दी। टुसू झारखंड का एक महान त्योहार है, और इस तरह का आयोजन हर साल 21 जनवरी को जमशेदपुर में किया जाता है। इसका उद्देश्य यह है कि साल भर काम करने के बाद, जो लोग टुसू मनाते हैं, वे एक-दूसरे से मिलने, अपनी भाषा और संस्कृति को समझने और आनंद लेने के लिए इस मेले में आते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि भले ही आज की युवा पीढ़ी राज्य के बाहर पढ़ाई कर रही हो, लेकिन उन्हें समाज की भलाई के लिए अपनी पुरानी परंपराओं और संस्कृति को समझना चाहिए। यह मेला सिर्फ एक मेला नहीं है; यह झारखंडी संस्कृति की विरासत बन गया है।

## पलामू में भाजपा जिलामंत्री पर जानलेवा हमला, पिस्टल की बट से मारकर किया घायल ; कार में की तोड़फोड़




**मेदिनीनगर (पलामू), एजेंसी।** हैदरनगर थाना अंतर्गत ग्राम बिंदुबिगहा निवासी भाजपा जिला मंत्री सोमेश कुमार सिंह व उनके 17 वर्षीय पुत्र आयुष सिंह के साथ बेरहमी से मारपीट व हत्या करने का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है।

पीड़ित सोमेश कुमार सिंह ने बताया कि वे बुधवार की सुबह करीब 10 बजे वह हैदरनगर स्टेशन के पास स्थित अपनी जमीन पर चारदीवारी का निर्माण कार्य करवा रहे थे।

इस दौरान उनका पुत्र आयुष सिंह भी उनके साथ मौजूद था। इसी बीच ग्राम बिंदुबिगहा, थाना हैदरनगर के निवासी चंदन सिंह, हरि सिंह, छोटू सिंह, सूली सिंह व गांव के ही अन्य लगभग पांच अज्ञात लोग मौके पर पहुंच कर मारपीट शुरू कर दिया।

बताया कि आरोपितों ने पिस्टल के बट से सोमेश कुमार सिंह के चेहरे पर आंख के नीचे वार किया, जिससे उनके चेहरे से खून बहने लगा और सिर में गंभीर चोट आई।

आरोपितों ने मौके पर खड़ी कार के शीशे तोड़कर उसे भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित पक्ष ने बताया कि इस पूरी घटना का फोटो एवं वीडियो साक्ष्य उनके पास मौजूद है, जिसे जांच के दौरान देखा जा सकता है।

घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़ित परिवार ने पलामू एसपी से से दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी एवं कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने कहा कि जमीनी विवाद में दोनों पक्षों में मारपीट हुई है। जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई होगी।

## दुमका पुलिस को साइबर क्राइम के खिलाफ मिली बड़ी सफलता

**दुमका, एजेंसी।** जिला पुलिस ने साइबर अपराध और पुलिस के साथ मारपीट और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। जबकि एक अन्य की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस ने सभी के पास से एक कार और पांच मोबाइल भी बरामद किया है। दुमका जिले के सरैयाहाट थाना की पुलिस ने साइबर अपराध के मामले में छह युवकों को गिरफ्तार किया है। इस पूरे मामले में थाना प्रभारी राजेंद्र यादव ने बताया कि चोराजोर गांव के नाविर दास ने पुलिस को सूचित किया कि उसके बेटे निरंजन दास को एक कार से ककनी गांव का रोशन शर्मा और हीरो रजक जबरदस्ती लेकर चला गया है।

सूचना के बाद जब पुलिस खोजबीन के दौरान पास के कोठिया गांव पहुंची तो देखा कि कार रौशन शर्मा के घर के सामने खड़ी है। गाड़ी के अंदर बैठे रौशन और हीरो नामक दो युवक को वाहन समेत पूछताछ के लिए थाना लाया गया। दोनों ने बताया कि घघरी गांव का साइबर अपराधी करण कुमार अलग-अलग खाते पर कमीशन देकर पैसा मंगवाता है।

## सारंडा में सुरक्षाबलों-नक्सलियों की मुठभेड़, 4 नक्सली ढेर



**चाईबासा, एजेंसी।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में गुरुवार सुबह से सुरक्षाबलों और भाकपा (माओवादी) नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ जारी है। छोटानागरा थाना क्षेत्र के कुंभडीह गांव के पास शुरू हुई इस मुठभेड़ ने पूरे इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है।

शुरुआती जानकारी के मुताबिक, इस मुठभेड़ में चार नक्सलियों के मारे जाने की खबर है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं की गई है। गुरुवार तड़के से ही आसपास के ग्रामीण इलाकों में गोलीबारी की आवाजें सुनाई देती रहीं। जंगल के अंदर से लगातार फायरिंग होने की सूचना मिलती रही, जिससे ग्रामीण सहमे हुए हैं।

सूत्रों के अनुसार, सुरक्षाबल नक्सल विरोधी अभियान के तहत सारंडा के घने जंगलों में सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसी दौरान जंगल में पहले से घात लगाए बैठे नक्सलियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने भी मोर्चा संभाल लिया, जिसके बाद मुठभेड़ तेज हो गई।

सारंडा का इलाका दुर्गम पहाड़ियों और घने जंगलों से घिरा हुआ है, जहां नक्सलियों की लंबे समय से गतिविधियां रही हैं। इसी कारण ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबल पूरी सतर्कता बरत रहे हैं। जंगल के भीतर बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पूरे क्षेत्र को चारों ओर से घेर लिया गया है।

कोल्हान प्रमंडल के डीआईजी अनुरंजन किस्पोट्टा ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन पूरा होने के बाद ही विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। फिलहाल मारे गए नक्सलियों की संख्या को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है।

वहीं, सूत्रों से यह भी जानकारी मिल रही है कि मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 50 लाख रुपए के इनामी एक बड़े नक्सली कमांडर को भी मार गिराया है। हालांकि इस दावे पर भी अब तक मुहर नहीं लगी है। समाचार लिखे जाने तक मुठभेड़ जारी है। अतिरिक्त सुरक्षाबलों को इलाके में भेजा गया है। ऑपरेशन खत्म होने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

# झामुमो के 47वें स्थापना दिवस को लेकर सुंदरपहाड़ी में सुगबुगाहटः दुमका रैली को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी तेज

संवाददाता

**साहेबगंज।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर आगामी 2 फरवरी को दुमका में आयोजित होने वाली महारैली की तैयारियों को लेकर सुंदरपहाड़ी प्रखंड में सरगर्मी तेज हो गई है। गुरुवार को सुंदरपहाड़ी प्रखंड के टेसोबथान (वन विभाग गेस्ट हाउस) में झामुमो प्रखंड समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें रैली की सफलता को लेकर विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बिनोद मुर्मू ने की, जबकि मुख्य अतिथि सह पर्यवेक्षक के रूप में पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रो. प्रेमनंदन कुमार मंडल उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मुख्य रूप से दो बिंदुओं पर चर्चा की गई। सर्वप्रथम, आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पार्टी कार्यालय में



सुबह 9:30 बजे झंडोत्तोलन करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद 2 फरवरी को दुमका में होने वाले 47वें स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रो. प्रेमनंदन कुमार मंडल ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने कहा कि झामुमो का स्थापना दिवस हमारी पहचान और शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने निर्देश दिया किः हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्यकर्ता अपनी संस्कृति और परंपरा के अनुरूप ढोल-नगाड़ों तथा पारंपरिक हथियारों के साथ दुमका रैली में शामिल होंगे। सभी पंचायतों में बैठक आयोजित कर ग्राम प्रधानों और आम जनता को इस ऐतिहासिक रैली में शामिल होने का न्योता दिया जाए। बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को गोलबंद किया जाए ताकि साहेबगंज जिले से भारी संख्या में जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके। बैठक में संगठन की मजबूती और रैली की सफलता का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर प्रखंड सचिव दाऊद अंसारी, प्रखंड उपाध्यक्ष जस्टिन हांसदा, कोषाध्यक्ष गोपाल पंडित, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष तालामय हेमब्रम, सचिव जासिंता बेसरा, प्रखंड प्रमुख प्रमिला टुडू, युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष सुनील हांसदा, पूर्व सचिव कुर्बान अंसारी, सब्बीर अंसारी, जि.प. सदस्य प्रतिनिधि शैलेश साह, दिनेश दत्ता, राजीव गिरी, मेरी मरांडी, सुहागिनी मुर्मू, नसिमुद्दिन अंसारी, गुलु मडैया और अरुण ठाकुर सहित सभी पंचायतों के अध्यक्ष, सचिव और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। यह बैठक दर्शाती है कि 2 फरवरी की दुमका रैली को लेकर झामुमो कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है और पार्टी इसे अपनी शक्ति प्रदर्शन के बड़े अवसर के रूप में देख रही है।

# साहेबगंज पुलिस की बड़ी सफलताः बोरियो के संजू हत्याकांड का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार, हथियार और कारतूस बरामद

संवाददाता

**साहेबगंज।** जिले के बोरियो थाना क्षेत्र में बीते दिनों हुए सनसनीखेज संजू मड़ैया हत्याकांड की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया है। सदर एसडीपीओ (SDPO) किशोर तिर्की ने गुरुवार को अनुमंडलीय कार्यालय स्थित अपने कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस मामले का विस्तृत खुलासा किया। उन्होंने बताया कि बीती 19 जनवरी की रात करीब 8 बजे बोरियो थाना क्षेत्र के बड़ा रक्सो पंचायत भवन के पास अपराधियों ने संजू मड़ैया की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बोरियो थाना में कांड संख्या 06/26 दर्ज कर जांच शुरू



की थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया गया था। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने आरोपी धुमा किस्कू (22 वर्ष), जो बड़ा राक्सो, दमगी का निवासी है, को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी धुमा किस्कू की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियारों का जखीरा बरामद किया है, जिसमें शामिल हैंः

* 12 बोर का एक नाली बंदूक (हत्या में प्रयुक्त)
* 07 पीस जिंदा कारतूस
* 04 पीस खोखा (इस्तेमाल किए गए कारतूस)

इस हत्याकांड के सफल उद्भेदन और गिरफ्तारी में इंस्पेक्टर नूनूदेव राय, बोरियो थाना प्रभारी रोहित कुमार, पु०अ०नि० सिद्धार्थ शंकर टोप्पो, स०अ०नि० विराम मार्डी, प्रभा शंकर दूबे, देवनारायण साहू, सुधीर कुमार तिवारी और सशस्त्र बल के जवानों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एसडीपीओ किशोर तिर्की ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस घटना के पीछे का मुख्य उद्देश्य क्या था और क्या इसमें कोई अन्य व्यक्ति भी संलिप्त है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र के लोगों ने सराहना की है।

# बोरियो में उमड़ा झामुमो का जनसैलाबः सांसद विजय हांसदा के वनभोज में जुटे सैकड़ों कार्यकर्ता, 2 फरवरी की दुमका रैली को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प

संवाददाता

**साहेबगंज।** बोरियो के तसर सेंटर मैदान में गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) साहेबगंज जिला समिति द्वारा आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय बैठक सह वनभोज (पिकनिक) कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय कुमार हांसदा उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन सांसद प्रतिनिधि सह जिला उपाध्यक्ष संजीव सामु हेंब्रम ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा झारखंड के जननायक और झामुमो के संस्थापक स्वर्गीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन (गुरुजी) की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर और उन्हें नमन कर किया गया। इस अवसर पर नेताओं ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए आगामी चुनौतियों





के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद विजय हांसदा ने आगामी 2 फरवरी को झामुमो के 47वें स्थापना दिवस पर दुमका में आयोजित होने वाली महारैली पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा, "दुमका का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। हमारे कार्यकर्ताओं को वहाँ पहुँचने और व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। पार्टी हर कार्यकर्ता के साथ मजबूती से खड़ी है।" साथ ही उन्होंने चुनाव संबंधी कार्यों को लेकर बीएलए-2 (BLA 2) फॉर्म भरने और अभिकर्ताओं के चयन की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने जिले के सभी प्रखंड अध्यक्षों और सचिवों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में '2 फरवरी दुमका चलो' के नारे के साथ सघन दीवार लेखन शुरू करें। उन्होंने बीएलए फॉर्म-2 भरकर जल्द से जल्द जिला समिति को समर्पित करने का भी आदेश दिया ताकि चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा सके। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजमहल विधायक मोहम्मद ताजुद्दीन उर्फ एम०टी० राजा, बोरियो विधायक धनंजय सोरेन, जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू, पूर्व विधायक ताला मरांडी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय गोस्वामी और वरिष्ठ नेता सिमोन मालतो उपस्थित रहे। इनके अलावा जिला सचिव सुरेश टुडू, राजमहल विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद मारूफ, जिला प्रवक्ता राजाराम मरांडी, जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रो० नजरुल इस्लाम, पूर्व नगर अध्यक्ष केताबुद्दीन शेख, केंद्रीय समिति सदस्य मुजीबुर्रहमान, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बसंती हांसदा, केंद्रीय समिति सदस्य बबलू मिश्रा, सुरेन्द्र यादव, एखलाकुर रहमान, महेश साह, जिला परिषद सदस्य अब्दुल बारीक शेख, जेठा मुर्मू सहित साहिबगंज और गोड्डा जिले के सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। वनभोज के इस अनूठे आयोजन ने न केवल कार्यकर्ताओं के बीच आपसी प्रेम और तालमेल को बढ़ाया, बल्कि आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों के लिए ऊर्जा का भी संचार किया।

# SIR से घबराने की जरूरत नहीं, कांग्रेस कार्यकर्ता करेंगे मतदाताओं की मददः साहेबगंज में बोले मास्टर ट्रेनर हीरालाल साह

संवाददाता

**साहेबगंज।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर साहेबगंज जिला कांग्रेस कमेटी ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी (JPCC) के निर्देश पर जिले के मतदाताओं को जागरूक करने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला महासचिव सह बीएलए (BLA) मास्टर ट्रेनर हीरालाल साह ने जिले के नागरिकों को आश्वस्त किया है कि उन्हें पुनरीक्षण प्रक्रिया (SIR) से डरने की कोई आवश्यकता नहीं है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अपने कार्यकर्ताओं को चुनावी और तकनीकी बारीकियों में दक्ष बनाने के लिए लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है। जेपीसीसी द्वारा जारी सूची के अनुसार, पूरे प्रदेश से 44 अनुभवी पदाधिकारियों को मास्टर ट्रेनर के रूप में चयनित किया गया है। यह विशेष प्रशिक्षण



कार्यक्रम 15 जनवरी से शुरू हो चुका है और मार्च 2026 तक जारी रहेगा। इन मास्टर ट्रेनर्स की जिम्मेदारी जिला और प्रखंड स्तर पर 'बूथ लेवल असिस्टेंट' (BLA) को प्रशिक्षित करना है। साहेबगंज जिले में इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए जिला महासचिव हीरालाल साह और जिला महासचिव मूरसलिम खान का चयन किया गया है। इन दोनों नेताओं को अलग-अलग क्षेत्रों में बीएलए को प्रशिक्षित करने का जिम्मा सौंपा गया है। ये मास्टर ट्रेनर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को बताएंगे कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, सुधार करने या अन्य प्रक्रियाओं को कैसे सुगम बनाया जाए। मास्टर ट्रेनर हीरालाल साह ने कहा कि "SIR (विशेष गहन पुनरीक्षण) को लेकर साहेबगंज के नागरिकों के मन में किसी प्रकार का डर नहीं होना चाहिए। हम जिले के प्रत्येक मतदाता तक पहुँचेंगे और उन्हें जानकारी देंगे कि फॉर्म कैसे भरना है और किन दस्तावेजों की आवश्यकता होगी। हमारे द्वारा प्रशिक्षित बीएलए हर नागरिक की सेवा और मार्गदर्शन के लिए बूथ स्तर पर उपलब्ध रहेंगे।" एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर हीरालाल साह ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो भरोसा उन पर जताया है, वे उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे ताकि जिले का कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे। इस पहल से साहेबगंज जिले में मतदाताओं के बीच जागरूकता बढ़ने और मतदाता सूची की त्रुटियों को दूर करने में बड़ी मदद मिलने की उम्मीद है।

# मॉडल कॉलेज राजमहल में त्रिवेणी संगमः 'बेटी बचाओ', 'मतदाता दिवस' और 'गणतंत्र दिवस' के संकल्प के साथ छात्रों ने भरी हुंकार

संवाददाता

**साहेबगंज/राजमहल।** मॉडल कॉलेज राजमहल में गुरुवार को देशभक्ति और सामाजिक जागरूकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की दोनों इकाइयों के तत्वावधान में गणतंत्र दिवस कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। इस अवसर पर 'बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ' योजना की वर्षगांठ तथा राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 को उत्साहपूर्वक मनाते हुए विद्यार्थियों ने राष्ट्र निर्माण और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित भव्य भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने संविधान, लोकतंत्र और महिला सशक्तिकरण जैसे गंभीर विषयों पर अपने प्रभावशाली विचार रखे।

* सोफा बैतूल ने भारतीय संविधान के इतिहास और लोकतांत्रिक मूल्यों की बारीकियों को साझा किया।
* मो. अशरफ ने युवाओं की भूमिका और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास पर बल देते हुए देशभक्ति का जज्बा जगाया।
* खुशी कुमारी ने "स्वतंत्रता से गणतंत्र की ओर" भारत की ऐतिहासिक यात्रा का वर्णन करते हुए संविधान के महत्व को रेखांकित किया।



अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने शिक्षा और मतदान के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए एक प्रेरक संदेश दियाः "शिक्षा ऐसा धन है, जो कभी समाप्त नहीं होता। बेटियों को अवश्य शिक्षित होना चाहिए, क्योंकि शिक्षित बेटी ही सशक्त समाज की आधारशिला है। शिक्षा हमें सक्षम, निर्भीक, आत्मनिर्भर और स्वयं निर्णय लेने में समर्थ बनाती है।" साथ ही, उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने मतदान के अधिकार के प्रति संवेदनशील बनें और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। मुख्य अतिथि डॉ. सुब्रत सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में देशप्रेम और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना प्रबल होती है। कार्यक्रम के अंत में छात्रा खुशी ने उपस्थित सभी शिक्षकगणों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं को 'मतदाता शपथ' दिलाई, जिसमें निष्पक्ष और निर्भीक होकर मतदान करने का संकल्प लिया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अमित कुमार, डॉ. रमजान अली सहित महाविद्यालय के अन्य कर्मचारियों और दर्जनों छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे परिसर में राष्ट्र निर्माण और लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश गूंजता रहा।

# महेशपुर में नशे का 'साइलेंट अटैक': डेंड्राइट और गोगो की गिरफ्त में बचपन, क्या प्रशासन की खामोशी बनेगी बर्बादी का सबब

संवाददाता

**पाकुड़/महेशपुर।** महेशपुर प्रखंड इन दिनों एक ऐसे खामोश लेकिन आत्मघाती हमले की जद में है, जो हथियारों से नहीं बल्कि 'डेंड्राइट' और 'गोगो' जैसे घातक रसायनों से हो रहा है। यह नशा धीरे-धीरे क्षेत्र के बच्चों और युवाओं के फेफड़ों के रास्ते उनके दिमाग तक पहुँचकर उनके भविष्य को खोखला कर रहा है। सबसे डरावनी बात यह है कि इस जानलेवा लत का शिकार अब 10 से 15 वर्ष के स्कूली बच्चे हो रहे हैं। नशे का यह काला कारोबार अब गांवों की गलियों से निकलकर विद्यालयों के प्रवेश द्वार तक पहुँच चुका है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए गढ़बाड़ी विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए नशे के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विद्यालय के शिक्षक सरोज पांडे ने अत्यंत व्यथित मन से कहा, "आज का युवा और मासूम बच्चे डेंड्राइट जैसे जहरीले रसायनों का शिकार हो रहे हैं। यह सिर्फ सामाजिक समस्या नहीं, बल्कि एक



पूरी पीढ़ी के विनाश का संकेत है।" उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस अवैध कारोबार की जड़ों पर तुरंत प्रहार किया जाए। विद्यालय के छात्र गुलशन अली, शबनम खातून, जन्नतुल शेख, जुवेल शेख, सोहेल खान, बेनसतुल्ला शेख, तौफीक शेख, आरिफ शेख और अजय किस्कू सहित दर्जनों विद्यार्थियों ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय और बाजार के आसपास डेंड्राइट और गोगो खुलेआम बिक रहे हैं। विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे अब चुप नहीं बैठेंगे और गांव-गांव जाकर सहपाठियों व ग्रामीणों को इस जहर के प्रति जागरूक करेंगे। जांच में यह बात सामने आई है कि नशे के लिए इस्तेमाल होने वाला यह पदार्थ साइकिल की दुकानों और छोटी किराना दुकानों में बेहद सस्ते दामों पर उपलब्ध है। मूल रूप से रबर, चमड़ा और टायर पंचर चिपकाने के काम आने वाला यह औद्योगिक गोंद (Adhesive) बच्चों को बिना किसी पूछताछ के बेचा जा रहा है, जो कि पूरी तरह गैरकानूनी है।

विशेषज्ञों के अनुसार, जब इन रसायनों को सूंघकर नशे के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, तो यह सीधा सेंट्रल नर्वस सिस्टम पर हमला करता है। इससेः

* दिमाग की नसें स्थायी रूप से क्षतिग्रस्त हो सकती हैं।
* मानसिक संतुलन बिगड़ना और याददाश्त का जाना।
* फेफड़ों और दिल पर गंभीर बुरा असर।
* लंबे समय तक इस्तेमाल से अचानक मौत का खतरा।

इस संवेदनशील मुद्दे पर महेशपुर के विधायक प्रोफेसर स्टीफन मरांडी ने कड़ा रुख अपनाया है। एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा, "यह बेहद चिंताजनक विषय है।

**पूर्व रेलवे**

**एनआईटी सं. 249_2025-26, दिनांक 19.01.2026.** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा–711101 द्वारा (**सीनि. डीईएन/1/हावड़ा** के अधिकार क्षेत्र के लिए) नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का विवरणः** (i) लिलुआ, पाण्डुया, देबीपुर, मेमारी, बैंची, खान्यान, आरामबाग, हरिपाल, नालीकुल, सिउड़ी, उत्तरपाड़ा,. हिंद मोटर, कोन्नगर, रिषड़ा, श्रीरामपुर, बैद्यबाटी, भद्रेश्वर, मानकुंडु, चुचुड़ा, हुगली तथा बैण्डेल स्टेशनों में डब्ल्यू. हॉल, शौचालय, सर्कुलेटिंग एरिया का सुधार। (ii) एईएन/बैण्डेल के अधीन मगरा कॉलोनी में स्टॉफ क्वार्टर की मरम्मत तथा नवीनीकरण के साथ पाथवे, ड्रेन, सेप्टिक टैंक इत्यादि का सुधार। **अनुमानित लागतः** रु. 12,99,55,494.88; **बयाना राशिः** रु. 7,99,800। **निविदा प्रपत्र की कीमतः** शून्य। **समापन अवधिः** 12 (बारह) महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 09.02.2026 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। **ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान-** ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीसी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-558/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# डीएवी पब्लिक स्कूल महेशपुर में वार्षिकोत्सव की धूमः विधायक स्टीफन मरांडी ने टॉपरों को किया सम्मानित, बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से जीता दिल

संवाददाता

**पाकुड़/महेशपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल, महेशपुर के प्रांगण में गुरुवार को 'वार्षिकोत्सव समारोह' का आयोजन पूरे हर्षोल्लास और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, वहीं स्कूली बच्चों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। समारोह का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रोफेसर स्टीफन मरांडी, विशिष्ट अतिथि एसडीपीओ विजय कुमार तथा युवा नेत्री उपासना मरांडी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी अतिथियों को शॉल और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय तेलियापोखर के प्राचार्य प्रदीप कुमार सिंह, पाकुड़ के प्राचार्य विश्वजीत चक्रवर्ती तथा डीएवी महेशपुर के प्राचार्य संजय कुमार झा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पुरस्कार वितरण समारोह रहा। शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा एलकेजी से लेकर दसवीं तक के टॉपर छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथियों





के हाथों प्रमाण पत्र और ट्रॉफी प्रदान की गई। पुरस्कार पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। वक्ताओं ने बच्चों को इसी तरह कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वार्षिकोत्सव के दौरान बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संगीत, नृत्य और नाटकों के माध्यम से छात्रों ने महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश दिए, जिनमें शामिल थेः

* सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता।
* झारखंड की समृद्ध लोक संस्कृति का प्रदर्शन।
* हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई एकता और आपसी भाईचारा।
* देशभक्तों की वीरता का वृत्तांत।
* बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान पर आधारित भावपूर्ण प्रस्तुति।

अपने संबोधन में विधायक स्टीफन मरांडी ने कहा कि विद्यालय केवल अक्षर ज्ञान देने का केंद्र नहीं है, बल्कि यह बच्चों में उच्च संस्कारों और नैतिक मूल्यों का निर्माण करने वाली पाठशाला है। उन्होंने शिक्षकों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि महेशपुर क्षेत्र के बच्चे आज राज्य स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं, जो गर्व का विषय है। समारोह को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार झा के निर्देशन में विज्ञान शिक्षक राजीव कुमार, पीटी शिक्षक विकास कुमार राय, बीपी शाही, कुलदीप उपाध्याय, अरुण रंजन चौबे, निशांत कुमार, अजय कुमार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और कर्मियों की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल-48-25; दिनांक 19.01.2026;** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन हेतु विद्युत ठेकेदारी का वैध लाइसेंस रखने वाले तथा नीचे वर्णित कार्य सम्पन्न करने में आर्थिक रूप से सक्षम प्रतिष्ठित निविदादाताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम साथ में उसका स्थानः** आसनसोल मंडल - आसनसोल मंडल में नए ओएफसी रूम का प्रावधान। **निविदा मूल्यः** रु. 14,60,152.38; **बयाना राशिः** रु. 29,200; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **कार्य समापन अवधिः** 12 महीने। **बंद एवं खुलने की तारीख एवं समयः** 13.02.2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। (ASN-315/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

हिन्दी दैनिक
सोन वर्षा वाणी
दुमका, शुक्रवार 23 जनवरी 2026
बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper


## संक्षिप्त समाचार

### सरस्वती पूजा के मद्देनजर विधि व्यवस्था संधारण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूजा संपादन हेतु बैठक



हज़ारीबाग। सरस्वती पूजा के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूजा संपादन सुनिश्चित करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी आदित्य पांडेय की अध्यक्षता में आज 21 जनवरी को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी उपस्थित थे। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया गया कि सरस्वती पूजा आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाई जाए तथा विधि व्यवस्था बनाए रखने में किसी प्रकार की कोताही न हो। पूजा पंडाल किसी भी अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्र अथवा कार्ट परिसर के आसपास नहींa बनाए जाएंगेअनुमंडल पदाधिकारी ने निर्देशित किया कि रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी परिस्थिति में लाउडस्पीकर नहीं बजाए जाएंगे तथा किसी भी प्रकार के भड़काऊ, आपत्तिजनक अथवा अश्लील गाने बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा सभी पूजा समितियों को निर्देश दिया गया कि दिनांक 24 जनवरी को ही मूर्ति विसर्जन सुनिश्चित किया जाए नगर निगम को निर्देशित किया गया कि विसर्जन स्थलों, तालाबों एवं जलाशयों में किसी प्रकार का गहरीकरण कार्य नहीं किया जाए, तालाबों की समुचित साफ-सफाई कराई जाए तथा किसी भी संभावित दुर्घटना से निपटने हेतु आवश्यकतानुसार नौका एवं प्रशिक्षित गोताखोर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बिजली विभाग को विसर्जन स्थलों एवं उनके आसपास झूलते या असुरक्षित विद्युत तारों को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पूजा आयोजकों को यह सख्त हिदायत दी गई कि आमजनों से चंदा वसूली में किसी प्रकार की जोर-जबरदस्ती, दबाव अथवा परेशान नहीं किया जाए। प्रशासन ने सभी नागरिकों एवं पूजा समितियों से अपील की है कि वे प्रशासन का सहयोग करते हुए सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में अपनी सहभागिता अवश्य निभाए।

### तैयारियां पूरीः हजारीबाग प्रेस क्लब में लगातार तीसरी बार मां सरस्वती की भव्य पूजा आज




हजारीबाग। हजारीबाग प्रेस क्लब में लगातार तीसरी बार मां सरस्वती की पूजा-अर्चना का भव्य आयोजन शुक्रवार को किया जाएगा। प्रेस क्लब परिसर में विधि-विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ ज्ञान, बुद्धि और विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना की जाएगी। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों के साथ-साथ समाजसेवी, बुद्धिजीवी और प्रबुद्ध नागरिकों की उपस्थिति रहेगी। पूजा कार्यक्रम के दौरान मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष वैदिक मंत्रोच्चारण, पुष्प अर्पण, धूप-दीप प्रज्वलन एवं आरती संपन्न होगी। पूजा के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजन को लेकर प्रेस क्लब परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजा प्रेस क्लब भवन दुल्हन की तरह जगमगा रहा है, जिससे कार्यक्रम की भव्यता और भी बढ़ गई है। आयोजन की सफलता को लेकर सरस्वती पूजा समिति का गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष गौरव प्रकाश के नेतृत्व में पूरी टीम द्वारा क्लब के सदस्यों को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए हैं, जिनका निर्वहन सभी सदस्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कर रहे हैं। क्लब के सभी सदस्य आयोजन को सफल और यादगार बनाने को लेकर पूरी तरह तैयार हैं। संध्या आरती के दौरान भजन कीर्तन का आयोजन किया गया है वही शनिवार को पूजा अर्चना एवं हवन के पश्चात ढोल नगाड़ों के साथ मां सरस्वती को विदाई दी जाएगी खास बात यह रहेगी कि क्लब से जुड़े सभी सदस्य माता रानी को अपने हाथों में लेकर पैदल चलकर झील में विसर्जित करेंगे। हजारीबाग प्रेस क्लब के संयुक्त सचिव भास्कर उपाध्याय ने कहा कि मां सरस्वती पूजा हजारीबाग प्रेस क्लब की एक महत्वपूर्ण परंपरा बन चुकी है। यह आयोजन पत्रकारों की एकजुटता और सामाजिक दायित्व का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास जताया कि मां सरस्वती की कृपा से यह आयोजन सफल और प्रेरणादायक सिद्ध होगा। प्रेस क्लब द्वारा आयोजित यह पूजा कार्यक्रम न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि पत्रकारिता और समाज के बीच आपसी सौहार्द, सहयोग और सकारात्मक संदेश को भी मजबूत करता है। पूजा कमेटी के अध्यक्ष गौरव प्रकाश ने कहा कि मां सरस्वती ज्ञान, विवेक और विद्या की देवी हैं, और पत्रकारिता से जुड़े सभी लोग उनके आशीर्वाद से समाज को सही दिशा देने का कार्य करते हैं। यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और एकता का प्रतीक है। उन्होंने जिले के सभी पत्रकार साथियों और नागरिकों से इस पावन अवसर पर शामिल होने की अपील की।

### डेंटल कॉलेज में विश्व प्रोस्थोडॉन्टिक्स दिवस पर सतत दंत शिक्षा पर व्यावहारिक कार्यक्रम का आयोजन




हजारीबाग। कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल में विश्व प्रोस्थोडॉन्टिक्स दिवस के अवसर पर प्रोस्थोडॉन्टिक्स और क्राउन एंड ब्रिज विभाग ने वेनीर्स और लैमिनेट्स पर एक सतत दंत शिक्षा (सीडीई) व्यावहारिक कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह कार्यक्रम प्रधानाचार्य डॉ. के. श्री कृष्णा और उप-प्रधानाचार्य डॉ. अंकुर भार्गव के बहुमूल्य सहयोग और मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिनके प्रोत्साहन ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शैक्षणिक सत्र अतिथि वक्ता डॉ. प्रेम भूषण की उपस्थिति से समृद्ध हुआ। जिन्होंने वेनीर्स और लैमिनेट्स की समकालीन अवधारणाओं और नैदानिक अनुप्रयोगों पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। सत्र के बाद व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के लिए मॉडलों पर अभ्यास किया। मौके पर हजारीबाग डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग की सराहना करते हुए कहा कि कॉलेज भविष्य में भी इस तरह के शैक्षणिक और कौशल विकास से जुड़े कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगा, ताकि हजारीबाग डेंटल कॉलेज शैक्षणिक उत्कृष्टता के नए मानदंड स्थापित करता रहे। स्नातकोत्तर और स्नातक दोनों ही छात्राओं ने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। व्यावहारिक सत्र संकाय सदस्यों डॉ. सौवीर मोहन पांडे (विभागाध्यक्ष), डॉ. दया शंकर, डॉ. श्रेया मुखर्जी और डॉ. नंदिता बिस्वास के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिससे प्रभावी पर्यवेक्षण और शिक्षण सुनिश्चित हुआ। इस कार्यक्रम का संचालन स्नातकोत्तर छात्रों डॉ. ऋत्विक, डॉ. अंकिता कुमारी, डॉ. शौविक, डॉ. सौरभ, डॉ. अंकिता और डॉ. हर्षिता ने उत्साहपूर्वक किया, जिन्होंने कार्यक्रम के सुचारू आयोजन और समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सीडीई कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी प्रतिभागियों ने इसकी सराहना की। यह उन्नत और सौंदर्यपूर्ण दंत चिकित्सा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो शैक्षणिक उत्कृष्टता और कौशल विकास के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिलेभर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

» अपर समाहर्ता ने अधिकारियों एवं कर्मियों को दिलाई लोकतांत्रिक शपथ







संवाददाता

पाकुड़ ।राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर गुरुवार को समाहरणालय सभागार सहित जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन ने पदाधिकारियों एवं कर्मियों को मतदान के प्रति जागरूक रहने तथा अपने मताधिकार का निर्भीक होकर प्रयोग करने की शपथ दिलाई अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 से प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी (निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस) को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को लोकतंत्र में उनकी भागीदारी और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि यह दिवस प्रत्येक नागरिक को यह स्मरण कराता है कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति एक महत्वपूर्ण कर्तव्य भी है। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मियों को शपथ दिलाई गई कि "हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने उक्त शपथ को दोहराया कार्यक्रम के दौरान अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी कुमार अभिषेक सिंह एवं कार्यपालक दंडाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी ने प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाताओं को गुलाब का फूल, डायरी एवं कलम प्रदान कर सम्मानित किया इसके अतिरिक्त समाहरणालय के अलावा जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न सरकारी कार्यालयों, अनुमंडल कार्यालय, सभी प्रखंड-सह-अंचल कार्यालयों, सिविल सर्जन कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, विद्यालयों सहित अन्य संस्थानों में भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे जिलेभर में लोकतांत्रिक जागरूकता का संदेश प्रसारित हुआ

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्रॉस कंट्री दौड़ का होगा आयोजन



» स्वस्थ जीवनशैली, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम के संदेश के साथ जिला प्रशासन की पहल
» इस क्रॉस कंट्री दौड़ में केवल पाकुड़ जिले के निवासी प्रतिभागी ही भाग लेने के पात्र होंगे



संवाददाता

पाकुड़ । पाकुड़ जिला प्रशासन द्वारा 25 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों में स्वस्थ जीवनशैली, खेल भावना, अनुशासन तथा राष्ट्रप्रेम को प्रोत्साहित करना है। यह दौड़ प्रातः 07:00 बजे उप विकास आयुक्त, पाकुड़ के आवास के निकट स्थित वी०आई०पी० रोड से प्रारंभ होकर सोनाजोड़ी तक जाएगी तथा वापसी उपरांत वी०आई०पी० रोड परिसर में संपन्न होगी। जिला प्रशासन के इस आयोजन में विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग लेंगे। प्रशासन का मानना है कि ऐसे आयोजनों से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है, बल्कि सामाजिक समरसता और सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार होता है जिला प्रशासन ने आमजनों से अपील की है कि वे इस आयोजन में सहभागिता कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करें एवं इस जनहितकारी पहल को सफल बनाएं

# गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में साइकिल प्रतियोगिता का आयोजन






» प्रतियोगिता में केवल पाकुड़ जिले के निवासी प्रतिभागी होंगे पात्र

संवाददाता

पाकुड़। जिला प्रशासन द्वारा गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर 24 जनवरी 2026 को प्रातः 07:00 बजे से साइकिल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, खेल भावना, अनुशासन, पर्यावरण संरक्षण तथा राष्ट्रप्रेम को प्रोत्साहित करना है। साइकिल प्रतियोगिता वी०आई०पी० रोड, उप विकास आयुक्त, पाकुड़ के आवास के निकट से प्रारंभ होकर सोनाजोड़ी तक जाएगी तथा वापसी उपरांत वी०आई०पी० रोड परिसर में संपन्न होगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस प्रतियोगिता में केवल पाकुड़ जिले के निवासी प्रतिभागी ही भाग लेने के पात्र होंगे जिला प्रशासन का मानना है कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और सकारात्मक सोच को भी मजबूती मिलती है जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करें तथा इस जनहितकारी पहल को सफल बनाएं

## समाज से ड्रग्स जुआ और नशीली पदार्थ का सफाया और शोषित पीड़ित के लिए हर पल हुँ मौजूद-अजहर इस्लाम

संवाददाता



पाकुड़। पूर्व एनडीए प्रत्याशी सह समाजसेवी अजहर इस्लाम ने कहा की मैं राजनीति में इसलिए खड़ा हूँ ताकि समाज से ड्रग्स और नशेली पदार्थ जैसी गंदगी को खत्म किया जा सके, पाकुड़ क्षेत्र में फैले भ्रष्टाचार पर रोक लगे,और गरीब, असहाय व पीड़ित लोगों को न्याय मिल सके उन्होंने कहा मैंने अपनी आँखों से देखा है कि कैसे ड्रग्स ने हमारे युवाओं को बर्बाद किया,कैसे परिवार टूटने की कगार पर पहुँच गए और कैसे समय पर कार्रवाई न होने से नशा पूरे इलाके में फैलता चला गया। आज वही युवा, जो कभी नशे का शिकार था,खुद कह रहा है ड्रग्स से गंदा नशा कुछ नहीं है। यह चेतावनी है पूरे समाज के लिए कोई इस नशे मे ना लिप्त हो साथ साथदुख की बात यह है कि जब नशा बढ़ता रहा, तब व्यवस्था ने समय रहते इलाज, सुधार और सख़्त कार्रवाई की जगह चुप्पी को तरजीह दी। इसी चुप्पी ने गुनहगारों को ताकत दी और आम जनता को कमजोर किया उन्होंने कहा मैं किसी व्यक्ति या पद का नाम लेकर आरोप नहीं करता लेकिन यह ज़रूर कहता हूँ कि अब सिस्टम को जवाब देना होगा क्यों पूरे क्षेत्र में नशा फैलता गया क्यों गरीब परिवार सबसे ज़्यादा टूटे *क्यों इलाज और पुनर्वास की व्यवस्था समय पर नहीं हुई उन्होंने कहा मेरी राजनीति नशे के खिलाफ, भ्रष्टाचार के खिलाफ और गरीब के पक्ष में है नशा नहीं, नया भविष्य चाहिए , भ्रष्टाचार नहीं, जवाबदेही चाहिए गरीब अकेला नहीं, अब उसके साथ राजनीति है युवा बचेगा, तभी समाज बचेगा* मैं सत्ता के लिए नहीं,सिस्टम सुधार के लिए राजनीति मे हुँ

## फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में सशक्त पहल पाकुड़ जिले के शैक्षणिक संस्थानों में एमडीए -आईडीए अभियान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित





संवाददाता

पाकुड़। फाइलेरिया उन्मूलन के राष्ट्रीय लक्ष्य के अनुरूप पाकुड़ जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में आगामी मास ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन-आईडीए अभियान 2026 को लेकर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह अभियान 10 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक संचालित किया जाएगा जागरूकता कार्यक्रम सेंट जोसेफ स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल, पाकुड़, राज +2 विद्यालय (सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस +2) तथा पॉलिटेक्निक कॉलेज, पाकुड़ में सफलतापूर्वक संपन्न हुए। कार्यक्रम का आयोजन जिला वेक्टर जनित रोग पदाधिकारी डॉ अमित कुमार के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें जिला भीवीडी सलाहकार श्री अंकित कुमार, संबंधित शैक्षणिक संस्थानों के प्राचार्यगण, शिक्षकगण एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मियों की सक्रिय सहभागिता रही। जागरूकता सत्रों के दौरान छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को फाइलेरिया रोग, इसके संचरण के कारण, लक्षण, दीर्घकालिक जटिलताएँ तथा रोग के पूर्ण उन्मूलन हेतु एमडीए-आईडीए अभियान की महत्ता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। आगामी एमडीए-आईडीए 2026 अभियान (10 फरवरी से 25 फरवरी) पर विशेष बल देते हुए बताया गया कि दी जाने वाली दवाएँ पूर्णतः सुरक्षित हैं तथा रोग के प्रसार को रोकने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इस अवसर पर जिला भीवीडी पदाधिकारी डॉ अमित कुमार ने विद्यार्थियों से "स्वास्थ्य दूत " की भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने परिवार एवं समुदाय में जागरूकता फैलाकर अभियान के दौरान सभी पात्र व्यक्तियों को निर्धारित दवाओं का सेवन सुनिश्चित कराएं। वहीं जिला भीवीडी सलाहकार ने फाइलेरिया एवं कालाज़ार उन्मूलन लक्ष्यों की प्राप्ति में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। दिशोंम झारखंड ब्यूरो पाकुड़ :कार्यक्रम के दौरान प्राचार्यगण एवं शिक्षकों ने एमडीए- आईडीए अभियान से संबंधित संदेशों के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा पाकुड़ जिले को फाइलेरिया एवं कालाजार मुक्त बनाने की दिशा में सरकार के प्रयासों को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया इसी क्रम में पाकुड़ सदर प्रखंड के भराबाद गांव में संदिग्ध कालाजार रोगियों की जिला भीवीडी पदाधिकारी द्वारा जांच भी की गई यह जागरूकता कार्यक्रम जिले में सामुदायिक सहभागिता को सुदृढ़ करने तथा वेक्टर जनित रोगों के उन्मूलन की दिशा में प्रगति को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल सिद्ध हो रहा है।

## एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में कक्षा VI नामांकन हेतु आवेदन आमंत्रित

संवाददाता



पाकुड़ । पाकुड़ जिला अंतर्गत संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा VI में नामांकन के लिए पात्र एवं इच्छुक छात्र- छात्राओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, कुमारभाजा (लिट्टीपाड़ा) में 60 बालिका छात्राओं के नामांकन हेतु आवेदन लिए जाएंगे। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, राजबाड़ी (पाकुड़िया) में 30 बालक एवं 30 बालिका छात्र-छात्राओं के नामांकन हेतु आवेदन आमंत्रित हैं इस संबंध में परियोजना निदेशक आईटीडीए सह जिला कल्याण पदाधिकारी अरूण कुमार एक्का ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएँ दिनांक 10 फरवरी 2026 तक निर्धारित पंजीयन प्रपत्र पूर्ण रूप से भरकर जिला कल्याण कार्यालय, पाकुड़ में जमा कर सकते हैं। आवेदन प्रपत्र जिला कल्याण कार्यालय, पाकुड़, जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों तथा संबंधित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में उपलब्ध हैं। उन्होंने आगे बताया कि नामांकन हेतु चयन परीक्षा की तिथि 08 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। आवेदन करने वाले छात्र-छात्राओं की आयु सीमा 10 से 13 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। श्री एक्का ने यह भी जानकारी दी कि इस संबंध में विस्तृत सूचना कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा दिनांक 10 जनवरी 2026 को समाचार पत्रों के माध्यम से पूर्व में ही प्रकाशित कराई जा चुकी है। उन्होंने जिले के सभी पात्र छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है

## उप विकास आयुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई






संवाददाता

हजारीबाग ।16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह द्वारा सभी विभागीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा पांच प्रथम बार मताधिकार का प्रयोग करने वाले मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र प्रदान किया गया ज्ञातव्य है कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 की थीम "Indian Citizen at the Heart of Indian Democracy – My India My Vote – मैं भारत हूँ" है, जो मतदाताओं को समर्पित है। यह थीम मतदाताओं की वोट की शक्ति के माध्यम से चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के प्रति उनकी भावनाओं एवं आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करती है कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त के अलावे सदर अनुमंडल पदाधिकारी, नगर आयुक्त, प्रशिक्षु आईएएस, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत हिट एंड रन मुआवजा योजना पर काउंसलिंग का आयोजन







संवाददाता

रामगढ़।राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत परिवहन कार्यालय, रामगढ़ में हिट एंड रन मुआवजा योजना को लेकर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मोटर वाहन निरीक्षक मोनू मृणाल एवं विपुल उरांव की उपस्थिति में आमजनों को हिट एंड रन मुआवजा योजना की विस्तृत जानकारी दी गई।काउंसलिंग के दौरान बताया गया कि सड़क दुर्घटना में हिट एंड रन की स्थिति में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 50,000/- तथा मृत्यु की स्थिति में पीड़ित परिवार को 2,00,000/- की सहायता राशि प्रदान करने का प्रावधान है। इस योजना का उद्देश्य दुर्घटना पीड़ितों एवं उनके परिजनों को त्वरित राहत प्रदान करना है मोटर वाहन निरीक्षकों द्वारा लोगों को आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, एफ.आई.आर., मेडिकल रिपोर्ट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट (मृत्यु की स्थिति में), आधार कार्ड एवं बैंक खाते की जानकारी से संबंधित प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी के माध्यम से आवेदन जमा कराकर योजना का लाभ प्राप्त किया जा सकता है।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, दुर्घटना की स्थिति में पीड़ित की सहायता करने तथा "स्वर्णिम घंटा" (Golden Hour) के महत्व को समझते हुए घायल व्यक्ति को शीघ्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की अपील की गई यह काउंसलिंग कार्यक्रम राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे आम नागरिकों में जागरूकता बढ़ेगी और अधिक से अधिक लोग हिट एंड रन मुआवजा योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

# जामताड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाईः दो शातिर साइबर अपराधी गिरफ्तार, फर्जी APK लिंक भेजकर देशभर में करते थे ठगी

संवाददाता





**जामताड़ा।** पुलिस को साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक (SP) राजकुमार मेहता को मिली गुप्त सूचना के आधार पर साइबर थाना पुलिस ने करमाटाँड़ थाना क्षेत्र में छापेमारी कर दो शातिर साइबर अपराधियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। ये अपराधी फर्जी APK फाइल के जरिए बैंक ग्राहकों का डेटा चोरी कर देश भर में ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। एसपी के निर्देश पर साइबर अपराध थाना प्रभारी राजेश मंडल के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें पु०अ०नि० बिनोद सिंह एवं अन्य जवान शामिल थे। टीम ने करमाटाँड़ थाना अंतर्गत सकलपुर मुख्य मार्ग से करीब 300 मीटर अंदर पलास की झाड़ियों और तालाब के समीप घेराबंदी की। यहाँ छिपकर ठगी कर रहे दो अपराधियों को पुलिस ने रंगे हाथ दबोच लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः**

1. उलफाज अंसारी (37 वर्ष): पिता – मजलूम मियाँ, ग्राम – कुरूवा, थाना – करमाटाँड़।
2. सुरज मंडल (19 वर्ष): पिता – मोहन मंडल, ग्राम – बगरूडीह, थाना – करमाटाँड़।

**बरामद सामानः**

पुलिस ने अपराधियों के पास से भारी मात्रा में संदिग्ध दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं:

मोबाइल फोनः 06
सिम कार्डः 05
एटीएम कार्डः 03
आधार कार्डः 02
पैन कार्डः 01

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में ठगी की अपनी कार्यशैली (Modus Operandi) का खुलासा किया। ये अपराधी SBI के खाताधारकों को उनके WhatsApp पर मैसेज भेजते थे कि "आपका SBI खाता बंद हो गया है, इसे चालू रखने के लिए तत्काल KYC अपडेट करें।" मैसेज के साथ एक फर्जी APK लिंक दिया जाता था। जैसे ही पीड़ित उस लिंक से फाइल डाउनलोड करता, अपराधियों को उसके मोबाइल का पूरा एक्सेस मिल जाता था। इसके बाद वे पीड़ित के गोपनीय बैंक विवरण हासिल कर ई-वॉलेट के माध्यम से पैसे उड़ा लेते थे। इनका नेटवर्क पूरे भारत में फैला हुआ था। इस मामले में जामताड़ा साइबर अपराध थाना कांड संख्या 05/26 (दिनांक 22.01.2026) के तहत आईटी एक्ट और नए टेलीकम्युनिकेशंस एक्ट 2023 की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अनजान नंबर से आए WhatsApp मैसेज या अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें। विशेष रूप से किसी भी APK फाइल को डाउनलोड न करें, क्योंकि यह आपके बैंक खाते को खाली कर सकती है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत साइबर हेल्पलाइन या नजदीकी थाने को दें।

# लोकतंत्र की मजबूती का संकल्पः कुडहित में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर हज़ारों मतदाताओं ने ली शपथ

संवाददाता





**जामताड़ा/कुंडहित।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला उपायुक्त, जामताड़ा के निर्देशानुसार गुरुवार को कुडहित प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' गौरवपूर्ण तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर सहित क्षेत्र के सभी 98 मतदान केंद्रों, शिक्षण संस्थानों और थाना परिसरों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को मताधिकार के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'मतदाता प्रतिज्ञा पाठ' रहा। प्रखंड कार्यालय एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर मौजूद अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और विशेषकर नए मतदाताओं ने संयुक्त रूप से लोकतंत्र की मर्यादा बनाए रखने की शपथ ली। उपस्थित जनसमूह ने संकल्प लिया किः "हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।" सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी (CO) जमाले राजा ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य मतदाताओं को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति सचेत करना है। उन्होंने बताया कि प्रखंड कार्यालय के साथ-साथ प्रखंड के सभी 98 मतदान केंद्रों, कॉलेजों, उच्च विद्यालयों और थाना परिसर में भी मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। स्कूलों और कॉलेजों में युवाओं को बताया गया कि एक वोट की शक्ति से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ऐसे युवा भी शामिल हुए जो हाल ही में मतदाता सूची में निबंधित हुए हैं। नए मतदाताओं को उनके मतदाता पहचान पत्र के महत्व और निर्वाचन प्रक्रिया में भागीदारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने अपील की कि चुनाव के समय कोई भी मतदाता घर न रहे और अपने मत का प्रयोग अनिवार्य रूप से करे। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के कर्मी, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सामूहिक शपथ ग्रहण के साथ ही कुडहित प्रखंड में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिससे पूरे क्षेत्र में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति एक सकारात्मक संदेश गया है।

# बेटियां बोझ नहीं, भविष्य हैंः कुडहित में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' को लेकर छात्रों ने भरी हुंकार

संवाददाता



**जामताड़ा/कुंडहित ।** समाज में बेटियों के प्रति संकीर्ण सोच को बदलने और कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथाओं को जड़ से मिटाने के उद्देश्य से गुरुवार को कुडहित में एक प्रभावी जागरूकता रैली निकाली गई। सिंहवाहिनी प्लस टू उच्च विद्यालय के तत्वावधान में आयोजित इस रैली के माध्यम से छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मिथिलेश कुमार के नेतृत्व में निकाली गई यह रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर पूरे कुडहित बाजार का भ्रमण किया। रैली में शामिल छात्र-छात्राएं हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। इस दौरान "बेटी हुई है तो खुशियां क्यों न बढ़ें", "कन्या भ्रूण हत्या महिलाओं के विरुद्ध सबसे जघन्य अपराध है"* और "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना था कि बेटियां समाज की धरोहर हैं, बोझ नहीं। रैली को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक मिथिलेश कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में बेटियां किसी भी मामले में लड़कों से कम नहीं हैं। वे शिक्षा, विज्ञान, खेल और रक्षा जैसे हर क्षेत्र में देश के विकास में अपना अहम योगदान दे रही हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बेटियों को बोझ समझने के बजाय उन्हें उच्च शिक्षा दिलाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब एक बेटी शिक्षित होती है, तो पूरा परिवार और आने वाली पीढ़ियां शिक्षित होती हैं। जागरूकता अभियान के दौरान प्रधानाध्यापक ने समाज में व्याप्त 'दहेज' जैसी कुप्रथा पर भी कड़ा प्रहार किया। उन्होंने लोगों से दहेज मुक्त समाज बनाने की अपील करते हुए कहा कि कुडहित प्रखंड में इस अभियान को रुकने नहीं दिया जाएगा। आने वाले समय में विद्यालय के सदस्य घर-घर जाकर लोगों को बेटियों को शिक्षित करने और सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए प्रेरित करेंगे। इस जागरूकता रैली को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। स्थानीय लोगों ने भी विद्यालय की इस पहल की सराहना की। इस अभियान ने क्षेत्र में सकारात्मक चर्चा छेड़ दी है, जिससे आने वाले समय में महिला सशक्तीकरण को और बल मिलने की उम्मीद है।

# इंसानियत की मिसालः नारायणपुर के पंदनी गांव में सोसाइटी ब्राइट फ्यूचर ने बांटे 100 कंबल, असहायों के खिले चेहरे





संवाददाता

**जामताड़ा।** जिले में ठंड के बढ़ते प्रकोप और कनकनी के बीच सामाजिक संस्था 'सोसाइटी ब्राइट फ्यूचर' ने मानवता की सेवा के लिए हाथ बढ़ाया है। संस्था की ओर से नारायणपुर प्रखंड के पंदनी गांव में एक विशेष राहत कार्यक्रम आयोजित कर बेसहारा, गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस पहल से कड़ाके की ठंड झेल रहे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। संस्था के समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद सिराजुद्दीन की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 100 लोगों को कंबल प्रदान किए गए। कंबल पाकर बुजुर्गों और विधवा महिलाओं के चेहरे पर संतोष और खुशी साफ देखी गई। वितरण के दौरान सामाजिक दूरी और अनुशासन का भी पूरा ध्यान रखा गया। इस अवसर पर मोहम्मद सिराजुद्दीन ने कहा कि 'सोसाइटी ब्राइट फ्यूचर' का मूल मंत्र समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की सेवा करना है। उन्होंने बताया कि संस्था केवल झारखंड ही नहीं, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों में सक्रिय है। ठंड के मौसम में कोई भी अभावग्रस्त व्यक्ति असुरक्षित न रहे, इसके लिए संस्था लगातार प्रयासरत है। मोहम्मद सिराजुद्दीन ने संस्था के अन्य सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सोसाइटी ब्राइट फ्यूचर बहुआयामी सेवा कार्यों में जुटी है। उन्होंने कहाः

**जल सेवाः** पानी की किल्लत वाले क्षेत्रों में पानी की टंकियों का निर्माण कराया गया है।

**आवास योजनाः** बेघर और लाचार लोगों के लिए छत (आवास) उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है।

**शिक्षा और स्वास्थ्यः** समाज के पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए स्वास्थ्य शिविर और शिक्षा के क्षेत्र में भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

संस्था की इस निस्वार्थ सेवा की स्थानीय ग्रामीणों ने जमकर सराहना की। ग्रामीणों का कहना है कि जब कड़ाके की ठंड में गरीब बेहाल थे, तब संस्था ने आगे आकर उनकी सुध ली। ग्रामीणों ने मोहम्मद सिराजुद्दीन और पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसे लोक कल्याणकारी कार्य जारी रहेंगे। इस मानवीय पहल ने साबित कर दिया कि यदि इच्छाशक्ति और सेवा भाव हो, तो समाज के अभावों को दूर कर खुशहाली लाई जा सकती है।

# मेझिया में बिखरे प्रतिभा के रंगः सामुदायिक पुस्तकालय में चित्रांकन प्रतियोगिता का सफल आयोजन

संवाददाता



**जामताड़ा ।** जिला अंतर्गत मेझिया स्थित सामुदायिक पुस्तकालय भवन में गुरुवार, 22 जनवरी 2026 को बच्चों के कलात्मक कौशल को निखारने के उद्देश्य से एक भव्य चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत मेझिया के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से कैनवस पर उतारा। इस रचनात्मक कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत की मुखिया मिरुदी सोरेन ने की। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत सचिव हरिलाल सोरेन और प्रबुद्ध नागरिक भागीरथ पंडित उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों द्वारा बनाए गए चित्रों का अवलोकन किया और उनकी प्रतिभा की मुक्त कंठ से सराहना की। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन बच्चों के भीतर दबे आत्मविश्वास को जगाते हैं। पढ़ाई के साथ-साथ कला और संस्कृति से जुड़ाव बच्चों के बहुमुखी विकास के लिए अनिवार्य है। प्रतियोगिता में मेझिया और गोखलाडीह सहित आसपास के गांवों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भाग लेने वाले मुख्य प्रतिभागियों में शामिल थेः मेझिया सेः दीपक सोरेन, शीरमला मुर्मू, श्रेया हेम्ब्रम, प्रीतम मंडल, सबा-प्रवीन, और गुलशन-खातुन। गोखलाडीह सेः सचिन्द्र हांसदा, आकाश मराण्डी, महादेव सोरेन, पुर्मिला मुर्मू और सुहागी मुर्मू। इसके अलावा सुनम हेम्ब्रम और प्रियंका सोरेन ने भी अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। स्थानीय ग्रामीणों ने पुस्तकालय में हुई इस गतिविधि की प्रशंसा करते हुए कहा कि मेझिया सामुदायिक पुस्तकालय अब केवल किताबों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि बच्चों की रचनात्मकता का केंद्र भी बन रहा है। यह पहल ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को सुधारने और बच्चों को नई दिशा देने में मील का पत्थर साबित होगी।

# जामताड़ा में सरस्वती पूजा की उमंगः बाजारों में उमड़ा जनसैलाब, शांति व्यवस्था हेतु पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

संवाददाता






**जामताड़ा।** विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा को लेकर जामताड़ा शहर में उत्सव और उल्लास का माहौल चरम पर है। पूजा की पूर्व संध्या पर शहर के बाजारों में भारी चहल-पहल देखी गई, जहाँ श्रद्धालु और छात्र-छात्राएं पूजा की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे रहे। एक ओर जहाँ बाजारों में खरीदारी की रौनक दिखी, वहीं दूसरी ओर प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मोर्चा संभाल लिया है। सरस्वती पूजा के मद्देनजर शहर के फल बाजारों में सुबह से ही ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ी। खासकर सेब, केला, अंगूर, बेर और नारियल जैसे फलों की जमकर बिक्री हुई। दुकानदारों ने बताया कि पिछले दो-तीन दिनों से मांग में भारी इजाफा हुआ है, जिससे कारोबार में अच्छी तेजी आई है। इसके अलावा फूल-मालाओं, सजावटी सामान और हवन सामग्री की दुकानों पर भी देर शाम तक भीड़ लगी रही। प्रतिमा स्थापना को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। शहर के विभिन्न मूर्तिकला केंद्रों पर युवाओं की टोलियां अपनी पसंद की प्रतिमा लेने पहुँचीं। कई स्थानों पर 'जय मां शारदे' के उद्घोष के बीच युवाओं को ऑटो और ठेलों पर सुरक्षित तरीके से प्रतिमाएं ले जाते देखा गया। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती मां सरस्वती की प्रतिमाओं ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया है। पूजा के दौरान शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए जामताड़ा पुलिस पूरी तरह सतर्क है। गुरुवार को थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो के नेतृत्व में पुलिस बल ने शहर के मुख्य मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला। यह मार्च थाना परिसर से शुरू होकर कोर्ट मोड़, गांधी चौक, सुभाष चौक और टावर चौक होते हुए इंदिरा चौक तक पहुँचा। इस दौरान पुलिस ने आम जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने की अपील की।

**फ्लैग मार्च के उपरांत थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो ने कहा कि प्रशासन किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए मुस्तैद है। उन्होंने स्पष्ट किया किः**

पूजा के दौरान असामाजिक तत्वों पर ड्रोन और सीसीटीवी के माध्यम से विशेष नजर रखी जाएगी।

शहर के संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल और सादे लिबास में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जामताड़ा में इस बार सरस्वती पूजा आस्था, उत्साह और सुरक्षा के सुंदर संगम के रूप में देखी जा रही है। प्रशासन की सक्रियता और नागरिकों के सहयोग से यह उम्मीद जताई जा रही है कि ज्ञान की देवी की यह आराधना पूरी श्रद्धा और आपसी भाईचारे के साथ संपन्न होगी।




# मां सरस्वती को प्रिय हैं ये वस्तुएं, पूजा के दौरान जरूर करें अर्पित

**माना जाता है कि सरस्वती जी की पूजा करने से साधक को शिक्षा और कला के क्षेत्र में लाभ देखने को मिल सकता है। वहीं बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा का विधान है। ऐसे में आप सरस्वती जी की विशेष कृपा प्राप्त करने के लिए बसंत पंचमी के दिन देवी को कुछ खास चीजें अर्पित कर सकते हैं।**

हिंदू धर्म में माता सरस्वती को ज्ञान और कला की देवी माना जाता है। प्रत्येक वर्ष माघ माह के शुक्ल पक्ष में आने वाली पंचमी तिथि को बसंत पंचमी का त्योहार मनाया जाता है। यह दिन माता सरस्वती की पूजा के लिए ही समर्पित माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी तिथि पर मां सरस्वती, ब्रह्मा जी के मुख से प्रकट हुई थीं। इसलिए बसंत पंचमी पर सरस्वती जी की पूजा की जाती है।

## जरूर चढ़ाएं ये चीजें

बसंत पंचमी के दिन पूजा के दौरान बच्चों को मां सरस्वती जी को पीले फूल और केसर रोली, चंदन, हल्दी और अक्षत अर्पित करें। मां सरस्वती को बुद्धि और ज्ञान की देवी माना गया है। ऐसे में पूजा में शिक्षा से संबंधित चीजें जैसे पेन और कॉपी को शामिल करना चाहिए। ऐसा करने से साधक की बुद्धि में वृद्धि होती है और स्मरण शक्ति भी अच्छी होती है।

## अर्पित करें ये चीजें

बसंत पंचमी पर पूजा के दौरान मां सरस्वती की प्रतिमा या मूर्ति को पीले रंग के वस्त्र भी अर्पित करने चाहिएं। साथ ही इस दिन पीले रंग के वस्त्र धारण करने से भी मां सरस्वती की कृपा साधक पर बनी रहती है।

## इन चीजों का लगाएं भोग

वसंती पचमी पर मां सरस्वती को बूंदी का प्रसाद चढ़ाना बहुत ही शुभ माना जाता है। मान्यताओं के अनुसार, इस दिन मां सरस्वती को बूंदी अर्पित करने से ज्ञान की प्राप्ति हो सकती है। इसके साथ ही आप भोग के रूप में देवी को मीठे पीले चावल या फिर पीली मिठाई अर्पित कर सकते है। इससे देवी प्रसन्न होकर मां सरस्वती शिक्षा और बुद्धि का आशीर्वाद प्रदान करती हैं।



# क्यों की जाती है वसंत पंचमी के दिन सरस्वती पूजा

**हर साल माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को बसंत पंचमी का त्योहार मनाया जाता है। यह पर्व देवी सरस्वती को समर्पित है। माना जाता है कि इस दिन माता सरस्वती का जन्म हुआ था। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, इस दिन मां सरस्वती की आराधना करने से देवी लक्ष्मी और मां काली भी प्रसन्न होती हैं।**

## बसंत पंचमी पूजा विधि

बसंत पंचमी के दिन सुबह स्नान करने के बाद पीले या सफेद रंग के कपड़े रहनें। फिर सरस्वती पूजा का संकल्प लें। पूजा घर पर देवी सरस्वती की मूर्ति या फोटो स्थापित करें। माता को गंगा जल से स्नान कराएं। इसके बाद पीले पुष्प, अक्षत, सफेद चंदन, धूप, दीप आदि अर्पित करें। इस दिन पीली मिठाई का भोग लगाना चाहिए। सरस्वती वंदना और मंत्र के साथ पूजा करनी चाहिए। आप चाहें तो सरस्वती कवच का पाठ कर सकते हैं। ओम श्री सरस्वत्यै नमः मंत्र का जाप करते हुए हवन करें। फिर अंत में माता सरस्वती की आरती करनी चाहिए। बसंत ऋतु के आगमन का सबसे पवित्र त्योहार बसन्त पंचमी माना जाता है। इस दिन ज्ञान की देवी माता सरस्वती की पूजा की जाती है। इसे हर साल माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। इसी दिन से ही बसंत ऋतु की शुरुआत भी होती है। बसंत पंचमी के इस शुभ अवसर पर पीले वस्त्र धारण कर विद्या की देवी सरस्वती की आराधना का विधान है।

## बसंत पंचमी के लिए सरस्वती वंदना

बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की वंदना के बगैर पूजा अधूरी रह जाती है। विद्या और ज्ञान की देवी सरस्वती की आराधना के लिए सरस्वती स्त्रोतम का एक अंश बहुत महत्वपूर्ण है। बसंत पंचमी के दिन सरस्वती वंदना के दौरान इसका पाठ करना अत्यंत लाभकारी होता है।

*या कुन्देन्दुतुषारहारधवला या शुभ्रवस्त्रावृता।*
*या वीणावरदण्डमण्डितकरा या श्वेतपद्मासना॥*
*या ब्रह्माच्युत शंकरप्रभृतिभिर्देवैः सदा वन्दिता।*
*सा मां पातु सरस्वती भगवती*
*निःशेषजाड्यापहा॥1॥*
*शुक्लां ब्रह्मविचार सार परमामाद्यां जगद्व्यापिनीं।*
*वीणा-पुस्तक-धारिणीमभयदां*
*जाड्यान्धकारापहाम॥*
*हस्ते स्फटिकमालिकां विदधतीं*
*पद्मासने संस्थिताम।*
*वन्दे तां परमेश्वरीं भगवतीं*
*बुद्धिप्रदां शारदाम॥2॥*


अर्थ - जो विद्या की देवी भगवती सरस्वती कुन्द के फूल, चन्द्रमा, हिमराशि और मोती के हार की तरह धवल वर्ण की हैं और जो श्वेत वस्त्र धारण करती हैं, जिनके हाथ में वीणा-दण्ड शोभायमान है, जिन्होंने श्वेत कमलों पर आसन ग्रहण किया है तथा ब्रह्मा, विष्णु एवं शंकर आदि देवताओं द्वारा जो सदा पूजित हैं, वही सम्पूर्ण जड़ता और अज्ञान को दूर कर देने वाली माँ सरस्वती हमारी रक्षा करें।

## बसंत पंचमी का महत्व

बसंत पंचमी के इस त्योहार को किसी भी कार्य के लिए शुभ माना जाता है, लेकिन विवाह के लिए इसे सबसे शुभ मुहूर्त माना गया है। इसके अलावा विद्यारंभ, नवीन विद्या प्राप्ति और ग्रह-प्रवेश के लिए भी यह दिन बहुत ही शुभ माना गया है। इसे प्रकृति का उत्सव भी माना गया है। महाकवि कालिदास ने बसंत को ऋतुसंहार नामक काव्य में सर्वप्रिये चारुतर बसंते से अलंकृत किया है। इसके अलावा श्रीहरि विष्णु के अवतार भगवान श्रीकृष्ण ने भी गीता में ऋतूनां कुसुमाकरः अर्थात 'मैं ऋतुओं में बसंत हूँ' कहकर बसंत को अपना स्वरूप बताया है। पौराणिक कथाओं के अनुसार माना जाता है कि इसी दिन कामदेव और रति ने मानव हृदय में पहली बार प्रेम और आकर्षण का संचार किया था। माता सरस्वती के अलावा इस दिन कामदेव और रति की पूजा भी करना चाहिए। इससे आपका दांपत्य जीवन खुशहाल गुजरता है। वहीं सरस्वती माता की पूजा करने से जीवन अंधकार से ज्ञानरूपी प्रकार की ओर गतिमान होता है।

## बसंत पंचमी की कथा

पौराणिक ग्रंथों में वर्णित कथाओं के अनुसार श्रीहरि विष्णु के आदेश पर ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की। सृष्टि की रचना के दौरान धरती पर हरेक चीज मौजूद थी। लेकिन ब्रह्मा जी को कुछ कमीं खल रही थी। इस कमीं को दूर करने के लिए ब्रह्मा जी ने अपने कमल से जल निकालकर जमीन पर छिड़क दिया। इस जल के धरती पर छिड़कते ही एक तेज प्रकाश निकला और धरती कंपन करने लगी। इसी तेज प्रकाश से एक कन्या उत्पन्न हुई। जिसके एक हाथ में वीणा, एक में पुस्तक और एक हाथ में माला मौजूद थी। इसके अलावा चौथा हाथ वरदान देने की मुद्रा में था। इसके बाद जैसे ही उस कन्या ने वीणा के तार छेड़े, इस धरती की हर चीज में स्वर आ गया। इसी वजह से उस कन्या का नाम सरस्वती रखा गया। तब से लेकर आजतक तीनों लोकों में मां सरस्वती की विधिवत रूप से पूजा की जाती है।





# बसंत पंचमी के दिन जरूर करें गुलाल के ये खास उपाय, होंगी सभी मनोकामनाएं पूरी

**सनातन धर्म में बसंत पंचमी का दिन छात्रों के लिए बेहद सौभाग्यशाली माना जाता है। इस दिन माता सरस्वती की पूजा करने का विधान है। अब ऐसे में इस दिन गुलाल के कुछ उपायों को करने से सुख-सौभाग्य में वृद्धि हो सकती है। आइए इस लेख में विस्तार से जानते हैं।**

हिंदू धर्म में बसंत पंचमी का पर्व खास महत्व रखता है। यह पर्व वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक होता है, जो नए जीवन, समृद्धि और उल्लास का समय माना जाता है। यह पर्व विशेष रूप से ज्ञान की देवी सरस्वती की पूजा के लिए प्रसिद्ध है। बसंत पंचमी का आयोजन माघ माह की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को होता है, जो आमतौर पर जनवरी-फरवरी में पड़ता है। इस दिन लोग विशेष रूप से सरस्वती पूजा करते हैं, क्योंकि सरस्वती विद्या, संगीत, कला और ज्ञान की देवी मानी जाती हैं। हिंदू परंपरा में इस दिन बच्चों को उनके पहले अक्षर सिखाने का रिवाज भी है, जिसे अक्षरारंभ कहा जाता है। इसके अलावा, इस दिन पीले रंग के कपड़े पहनने का रिवाज है, जो बसंत ऋतु की खुशहाली और उजाले का प्रतीक माना जाता है। अब ऐसे में इस दिन सरस्वती पूजा के दिन गुलाल के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया है।

## सफलता प्राप्ति के लिए गुलाल के उपाय

सरस्वती पूजा के दिन अपनी विद्या और कार्यक्षेत्र में सफलता के लिए गुलाल विशेष रूप से पीला गुलाल से तिलक करें। इसे माथे पर लगाना आपके ज्ञान के स्तर को बढ़ाने और सफलता की दिशा में मदद कर सकता है। अपनी किताबों या अध्ययन सामग्री पर हल्का सा गुलाल छिड़कें। यह आपको विद्या में उन्नति और सफलता प्राप्त करने में मदद कर सकता है। सरस्वती पूजा के दौरान गुलाल को अपने हाथ में लेकर किसी मंत्र का जाप करें, जैसे ऊं सरस्वती नमः। इससे आपको उत्तम फलों की प्राप्ति हो सकती है।

## मनचाहा परिणाम पाने के लिए गुलाल के उपाय

पूजा के दौरान देवी सरस्वती की मूर्ति या चित्र पर गुलाल चढ़ाएं, खासकर पीला गुलाल। यह माना जाता है कि सरस्वती देवी की कृपा से आपके कार्य और प्रयास सफल होंगे, जिससे आप अपने मनचाहे फल को प्राप्त कर सकेंगे। पूजा से पहले पीला गुलाल लेकर अपने माथे पर तिलक करें। साथ ही अपने प्रिय कार्य या उद्देश्य का मंत्र जाप करते हुए मन में एकाग्रता और विश्वास रखें। ऐसा करने से आपका मनोकामना शीघ्र पूरी हो सकती है। सरस्वती पूजा के बाद कुछ गुलाल लेकर उसे शुद्ध जल में डालें और बहते हुए पानी में प्रवाहित करें। ऐसा करने से मनचाहे फलों की प्राप्ति हो सकती है।

## सौभाग्य में वृद्धि के लिए गुलाल के उपाय

बसंत पंचमी के दिन माता सरस्वती की पूजा करने के दौरान माता को पहले गुलाबी या पीले रंग का गुलाल चढ़ाएं और फिर पूजा करने के बाद उसी गुलाल को एक पोटली में बांधकर अपने घर की तिजोरी में रखें या फिर आप इसे अपने स्टडी टेबल पर रख सकते हैं। इससे सुख-सौभाग्य में वृद्धि हो सकती है।



# आ रही है वसंत पंचमी क्या करें विद्यार्थी

वसंत पंचमी सभी के लिए महत्व रखती है। वसंत पंचमी पर विद्यार्थियों को माता सरस्वती की आराधना अवश्य करनी चाहिए। जो लोग सरस्वती के कठिन मंत्र का जप नहीं कर सकते उनके लिए प्रस्तुत है मां सरस्वती के सरल मंत्र। वसंत पंचमी में इस मंत्र का पाठ करने से विद्या और बुद्धि में वृद्धि होती है।

ऊँ शारदा माता ईश्वरी मैं नित सुमरि
तोय हाथ जोड़ अरजी करूं विद्या वर दे मोय।'

मां सरस्वती का सुप्रसिद्ध मंदिर मैहर में स्थित है। मैहर की शारदा माता को प्रसन्न करने का मंत्र इस प्रकार है।

ऊँ शारदा शारदांभौजवदना, वदनाम्बुजे।
सर्वदा सर्वदास्माकमं सन्निधिमं सन्निधिमं क्रियात।'

शरद काल में उत्पन्न कमल के समान मुखवाली और सब मनोरथों को देने वाली मां शारदा समस्त समृद्धियों के साथ मेरे मुख में सदा निवास करें।

सरस्वती का बीज मंत्र 'क्लीं' है। शास्त्रों में क्लींकारी कामरूपिण्यै यानी 'क्लीं' काम रूप में पूजनीय है। नीचे दिए गए मंत्र से मनुष्य की वाणी सिद्ध हो जाती है। समस्त कामनाओं को पूर्ण करने वाला यह मंत्र सरस्वती का सबसे दिव्य मंत्र है।

**सरस्वती गायत्री मंत्र** : ऊँ वागदैव्यै च विद्महे कामराजाय धीमहि। तन्नो देवी प्रचोदयात। इस मंत्र की 5 माला का जाप करने से साक्षात मां सरस्वती प्रसन्न हो जाती हैं तथा साधक को ज्ञान-विद्या का लाभ प्राप्त होना शुरू हो जाता है। विद्यार्थियों को ध्यान करने के लिए त्राटक अवश्य करना चाहिए। 10 मिनट रोज त्राटक करने से स्मरण शक्ति बढ़ती है। एक बार अध्ययन करने से कंठस्थ हो जाता है।

# वसंत पंचमी के दिन नील सरस्वती पूजने से होती है धन की वृद्धि

शास्त्रों में वर्णित है कि वसंत पंचमी के दिन ही शिव जी ने मां पार्वती को धन और सम्पन्नता की अधिष्ठात्री देवी होने का वरदान दिया था। उनके इस वरदान से मां पार्वती का स्वरूप नीले रंग का हो गया और वे 'नील सरस्वती' कहलाईं। वसंत पंचमी के दिन नील सरस्वती का पूजन करने से धन और सम्पन्नता से सम्बंधित समस्याओं का समाधान होता है। वसंत पंचमी की संध्याकाल को 'ऐं ह्रीं श्रीं नील सरस्वत्यै नमः' मंत्र का जाप कर गौ सेवा करने से धन वृद्धि होती है। उज्जैन में सरस्वती देवी की एक प्रतिमा सिंहपुरी क्षेत्र में बिजासन माता मंदिर के सामने प्रतिष्ठित हैं। जिन्हें सभी भक्त बरसों से स्याही अर्पित करते हैं। मान्यता है कि वही नील सरस्वती हैं।



# वसंत पंचमी के दिन किए जाते हैं ये खास कार्य

हिन्दू मान्यता के अनुसार वसंत पंचमी को अबूझ मुहूर्त माना जाता है। इस दिन बिना मुहूर्त जाने शुभ और मांगलिक कार्य किए जाते हैं। वसंत पंचमी परंपरागत त्योहार होने के कारण कई प्राचीन मान्यताएं भी समाज में हैं। आइए जानते हैं किन खास दिनों का पर्व हैं वसंत पंचमी-

- वसंत पंचमी के दिन को मां सरस्वती के जन्मोत्सव के रूप में मनाते हैं।
- यह दिन वसंत ऋतु के आरंभ का दिन होता है।
- इस दिन बच्चों को पहला अक्षर लिखना सिखाया जाता है। नव बालक-बालिका इस दिन से विद्या का आरंभ करते हैं।
- पितृ तर्पण किया जाता है।
- कामदेव की पूजा की जाती है।
- संगीतकार अपने वाद्ययंत्रों का पूजन करते हैं।
- स्कूलों और गुरुकुलों में सरस्वती और वेद पूजन किया जाता है।
- विद्या की देवी सरस्वती और ग्रंथों का पूजन किया जाता है।
- इस दिन पहनावा भी परंपरागत होता है। पुरुष कुर्ता-पाजामा में और स्त्रियां पीले या वासंती रंग की साड़ी पहनती हैं।
- गायन और वादन सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं जो सरस्वती मां को अर्पित किए जाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना बाईपास पर भिड़े दो किन्नर, फायरिंग, युवती को लगी गोली

**पटना, एजेंसी।** पटना के बाईपास थाना क्षेत्र की महारानी कॉलोनी में बुधवार देर शाम दो किन्नर गुटों के बीच हुए विवाद में गोली चल गई। इस घटना में एक युवती के हाथ में गोली लगी, जिसे घायल अवस्था में नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही बाईपास थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। बाईपास थाना प्रभारी रंजीत कुमार ने बताया कि उन्हें दो किन्नरों के बीच आपसी विवाद और मारपीट की सूचना मिली थी। हालांकि, उन्होंने गोलीबारी की पुष्टि नहीं की, लेकिन युवती के घायल होने और अस्पताल में भर्ती कराए जाने की बात स्वीकार की। थाना प्रभारी के अनुसार, विवाद का कारण यह था कि दोनों किन्नर पहले एक ही समूह में काम करते थे। अलग होने के बाद उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिसके परिणामस्वरूप बुधवार देर शाम यह बवाल हुआ। घायल युवती काजल कुमारी ने बताया कि, किन्नरों का उनकी बड़ी बहन से किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक मौके पर पहुंचे और उनकी बहन पर गोली चला दी। काजल के अनुसार, गोली उनकी बहन को न लगकर उनके हाथ में लगी, जिससे वह घायल हो गईं।

### वैशाली के लालगंज में बदमाशों ने की 2-3 राउंड फायरिंग

**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** वैशाली जिले के लालगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मैदा टोली गांव में अज्ञात बदमाशों ने दो से तीन राउंड गोलीबारी की। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही लालगंज सदर एसडीपीओ गोपाल मंडल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल से एक खाली खोखा और एक मिसफायर कारतूस बरामद किया है। यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में पांच से छह बदमाश दौड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं, जो बाद में एक स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार होकर मौके से फरार हो गए। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, यह गोलीबारी गांव के एक युवक द्वारा कराए जा रहे ऑनलाइन गेमिंग को लेकर हुए विवाद का परिणाम है। ग्रामीणों ने बताया कि अपराधी स्कॉर्पियो से आए थे। उन्होंने बहुरानी साड़ी शोरूम की गली में गाड़ी खड़ी की और वहां से करीब 25 से 30 मीटर दूर जाकर फायरिंग की। डायल-112 की पुलिस टीम भी तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। लालगंज थाना अध्यक्ष मनमोहन कुमार ने भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर बरामद खोखे को जब्त किया। सदर एसडीपीओ गोपाल मंडल ने पुष्टि की कि ऑनलाइन गेमिंग को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था, जिसके बाद फायरिंग की घटना हुई। पुलिस अधिकारी मामले की गहन जांच कर रहे हैं। गोली चलाने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

### दरभंगा-नई दिल्ली एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों का बदला मार्ग

**समस्तीपुर, एजेंसी।** गोरखपुर–गोंडा रेल खंड पर ऑटोमेटिक सिग्नलिंग के कमीशनिंग कार्य को लेकर रेलवे द्वारा नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य बभनान, परसा तिवारी और स्वामी नारायण छपिया के बीच लगभग 12 किलोमीटर के रेलखंड में किया जाएगा। इस कारण 23 और 24 जनवरी को ब्लॉक लिया गया है, जिसका असर कई ट्रेनों के परिचालन पर पड़ेगा। इस दौरान कुछ ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएंगी, कुछ ट्रेनों को नियंत्रित अथवा पुनर्निर्धारित किया गया है, वहीं कुछ ट्रेनों का बभनान और स्वामी नारायण छपिया स्टेशनों पर अस्थायी ठहराव नहीं दिया जाएगा। रेलवे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 23 जनवरी को दरभंगा से चलने वाली ट्रेन संख्या 02569 दरभंगा–नई दिल्ली विशेष, बरौनी से चलने वाली ट्रेन संख्या 02563 बरौनी–नई दिल्ली विशेष, दरभंगा से चलने वाली ट्रेन संख्या 12565 दरभंगा–नई दिल्ली एक्सप्रेस तथा मुजफ्फरपुर से चलने वाली ट्रेन संख्या 12557 मुजफ्फरपुर–आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस को निर्धारित मार्ग गोरखपुर–बस्ती–गोंडा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर–बढ़नी–गोंडा के रास्ते चलाया जाएगा। इसी तरह 24 जनवरी को दरभंगा से चलने वाली ट्रेन संख्या 22551 दरभंगा–जालंधर सिटी एक्सप्रेस भी इसी परिवर्तित मार्ग से चलेगी। वहीं, दिल्ली और अन्य स्टेशनों से बिहार की ओर आने वाली कई ट्रेनों के मार्ग में भी बदलाव किया गया है। 23 जनवरी को नई दिल्ली से चलने वाली ट्रेन संख्या 02570 नई दिल्ली–दरभंगा विशेष, आनंद विहार टर्मिनल से चलने वाली ट्रेन संख्या 12558 आनंद विहार टर्मिनल–मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस, अमृतसर से चलने वाली ट्रेन संख्या 12408 अमृतसर–न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस, नई दिल्ली से चलने वाली ट्रेन संख्या 02564 नई दिल्ली–बरौनी विशेष, आनंद विहार टर्मिनल से चलने वाली ट्रेन संख्या 15280 आनंद विहार टर्मिनल–सहरसा एक्सप्रेस, अमृतसर से चलने वाली ट्रेन संख्या 14674 अमृतसर–जयनगर एक्सप्रेस तथा काठगोदाम से चलने वाली ट्रेन संख्या 13020 काठगोदाम–हावड़ा एक्सप्रेस को गोंडा–बस्ती–गोरखपुर के स्थान पर गोंडा–बढ़नी–गोरखपुर मार्ग से चलाया जाएगा।

# सीवान में सीएम नीतीश कुमार आगमन के बीच धमाका,

## पटाखा ब्लास्ट से युवक की मौत, मची अफरातफरी

**सीवान, एजेंसी।** सीवान जिले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन के दौरान हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बड़रम गांव में अचानक हुए बम विस्फोट से हड़कंप मच गया। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे पूरे इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया। यह धमाका मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल से 7 किलोमीटर दूरी पर हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह विस्फोट पटाखा ब्लास्ट के कारण हुआ बताया जा रहा है। घटना के समय तेज धमाके की आवाज से आसपास के लोग दहशत में आ गए और घटनास्थल पर भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। विस्फोट इतना जोरदार था कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।



आसपास के लोगों ने बताया कि तेज धमाका हुआ। धमाके की आवाज 2 किलोमीटर दूर तक गई। आसपास के लोगों के घरों के दरवाजे हिलने लगे। स्थानीय लोगों ने बताया कि, हम लोग घर से बाहर निकले। देखा तो पास वाले घर से धुआं उठ रहा था। मलबा बिखरा पड़ा था।

धीर-धीरे भीड़ जुटने लगी। उस घर में अवैध रूप से पटाखे बनाए जाते थे। आज पटाखा बनाने के दौरान ही ब्लास्ट हुआ है। पूरा परिवार पटाखे बनाता था। कई बार शिकायत कभी की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 4 साल पहले भी एक घर में पटाखा बनाने के दौरान ब्लास्ट हुआ था।

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि ब्लास्ट बहुत तेज था। धड़ घर के पास पड़ा था। सिर गिरकर घर के पीछे गिर गया। घर भी पूरी तरह गिर गया है। आसपास के घरों पर भी असर हुआ है। घर के सामने लगे पेड़-पौधे भी झुलस गए हैं। बॉडी की हालत ऐसी है कि पहचानना मुश्किल है की वो कौन है।

ब्लास्ट की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घर के आसपास इलाके को घेर लिया है। ब्लास्ट वाली जगह पर लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई है। जिसे पुलिस हटा रही है। पुलिस का कहना है कि, लगता है यहां अवैध तरीके से पटाखे का निर्माण हो रहा था। एक आदमी की मौत हो गई है। घर में कितने लोग थे, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

## टाटानगर-बक्सर एक्सप्रेस पर पथराव, बोगी का शीशा टूटा



**जमुई, एजेंसी।** पूर्व रेलवे के जसीडीह-झाझा रेलखंड पर बुधवार को टाटानगर-बक्सर एक्सप्रेस (18183 अप) पर पथराव किया गया। घोरपारण रेलवे स्टेशन के समीप हुई इस घटना में ट्रेन की एक बोगी की खिड़की का शीशा टूट गया। हालांकि, किसी यात्री के घायल होने की सूचना नहीं है, लेकिन अचानक हुए पथराव से यात्रियों में दहशत फैल गई।

यह घटना असामाजिक तत्वों द्वारा की गई। पथराव के कारण ट्रेन में सवार यात्रियों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया और वे कुछ देर तक सहमे रहे। घटना की सूचना मिलते ही यात्रियों ने झाझा रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) को जानकारी दी। ट्रेन के झाझा स्टेशन पहुंचने पर आरपीएफ उप निरीक्षक मुकेश कुमार ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त बोगी का निरीक्षण किया और यात्रियों से पूछताछ की। यात्रियों ने बताया कि घोरपारण के पास अचानक पत्थर खिड़की से टकराया, जिससे शीशा चकनाचूर हो गया।

आरपीएफ उप निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पथराव करने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि ऐसी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत रेलवे सुरक्षा बल को दें।

## डीएम अंशुल कुमार को मिलेगा बेस्ट डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन अवॉर्ड

**पूर्णिया, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में उत्कृष्ट चुनाव प्रबंधन, निष्पक्षता और नवाचार के लिए पूर्णिया जिले को देश स्तर पर बड़ी उपलब्धि मिली है। भारत निर्वाचन आयोग ने पूर्णिया डीएम अंशुल कुमार को देश के प्रतिष्ठित बेस्ट डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन अवॉर्ड के लिए चुना है। ये सम्मान आगामी 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों दिया जाएगा।

जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से इस संबंध में आधिकारिक पत्र प्राप्त हुआ है। लेटर में उल्लेख किया गया है कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान पूर्णिया जिले में जिस तरह से शांतिपूर्ण, पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराया गया, वह देश के अन्य जिलों के लिए अनुकरणीय है। मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने में जिले का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा।

इस सफलता के पीछे जिलाधिकारी अंशुल कुमार की मजबूत नेतृत्व क्षमता और दूरदर्शी सोच को सबसे बड़ा कारण माना जा रहा है। उन्होंने पूरे चुनावी तंत्र को एक टीम के रूप में संचालित किया, जिसमें बूथ लेवल से लेकर जिला स्तर तक के सभी पदाधिकारियों और कर्मियों ने पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपनी भूमिका निभाई। हर स्तर पर बेहतर समन्वय और अनुशासन देखने को मिला, जिसके कारण चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सका।

जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने में जिले के प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की भूमिका भी सराहनीय रही। मीडिया ने मतदाताओं को जागरूक करने में प्रशासन का सहयोग किया और निष्पक्ष सूचनाओं के माध्यम से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाया।

# पटना के हर वार्ड में बनेगा 'नगर मित्र': वीएमडी पर दिखाई जाएगी तस्वीर

**पटना, एजेंसी।** स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने और आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग हासिल करने के उद्देश्य से पटना नगर निगम ने एक नई पहल की शुरुआत की है। इस योजना के तहत नगर निगम क्षेत्र के हर वार्ड में एक 'नगर मित्र' का चयन किया जाएगा, जो अपने क्षेत्र में स्वच्छता अभियान को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू कराने में अहम भूमिका निभाएगा। नगर निगम का मानना है कि जब तक आम नागरिक स्वच्छता अभियान से सीधे नहीं जुड़ेंगे, तब तक स्थायी और व्यापक बदलाव संभव नहीं है। इसी सोच के तहत 'नगर मित्र' की अवधारणा लाई गई है, ताकि जनभागीदारी के माध्यम से शहर को साफ-सुथरा और सुंदर बनाया जा सके।

नगर मित्र की भूमिका केवल निगरानी तक सीमित नहीं होगी, बल्कि वे अपने-अपने इलाकों में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने, लोगों को जागरूक करने और स्वच्छ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करने का काम भी करेंगे। नगर मित्र अपने निवास स्थान के दोनों ओर लगभग पांच पांच घरों तक की सड़क, गली और आसपास के सार्वजनिक स्थलों की नियमित निगरानी करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी व्यक्ति सड़क, गली, नाली या खुले स्थानों पर कचरा न फेंके। किसी भी प्रकार की सफाई संबंधी समस्या की जानकारी समय पर नगर निगम तक



पहुंचाना भी उनकी जिम्मेदारी होगी, ताकि त्वरित और प्रभावी समाधान किया जा सके। इसके साथ ही वे स्थानीय नागरिकों को गीले और सूखे कचरे के अलग अलग करने, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में सहयोग, प्लास्टिक के सीमित उपयोग और स्वच्छता से जुड़े नियमों के पालन के लिए प्रेरित करेंगे।

नगर मित्र के चयन की प्रक्रिया पटना नगर निगम के सफाई इंस्पेक्टर और सिटी मैनेजर की निगरानी में की जाएगी। चयन के दौरान संबंधित क्षेत्र के आसपास के घरों से भी फीडबैक लिया जाएगा, ताकि जिम्मेदार, जागरूक और स्वच्छता के प्रति संवेदनशील नागरिक को ही इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए चुना जा सके। नगर निगम का उद्देश्य है कि ऐसे लोग आगे आएं जो समाज में उदाहरण बन सकें और दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित कर सकें।

पटना नगर निगम ने यह भी निर्णय लिया है कि जिस प्रकार पहले नगर शत्रु की तस्वीरें पटना स्मार्ट सिटी द्वारा अधिस्थापित वीएमडी (वेरिएबल मैसेज डिस्प्ले) पर दिखाई जाती थीं। उसी तरह नगर मित्र के चयन के बाद उनकी तस्वीर भी वीएमडी पर दिखाई जाएगी। इससे एक ओर जहां अच्छे कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मान और पहचान मिलेगी। वहीं, दूसरी ओर समाज में सकारात्मक संदेश भी जाएगा।

गौरतलब है कि पटना नगर निगम द्वारा नगर शत्रु (गंदगी फैलाने वालों) के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। सघन अभियान के तहत अब तक करीब 2000 लोगों को चिह्नित किया जा चुका है। विभिन्न अंचलों में यह संख्या इस प्रकार हैः

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, यह पूरी पहल आने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखकर की जा रही है, ताकि पटना की रैंकिंग में सुधार हो और शहर को देश के स्वच्छ और सुंदर शहरों की श्रेणी में लाया जा सके। नगर निगम को उम्मीद है कि नगर मित्र और आम नागरिकों के सहयोग से पटना को स्वच्छ स्वस्थ और आदर्श शहर बनाने का सपना जरूर साकार होगा।

# फिल्मी स्टाइल में भागा कैदी, लेकिन नाला बन गया काल!

**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा के स्थानीय सीएचसी में मंगलवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब मेडिकल जांच के लिए लाए गए एक कैदी ने पुलिस को चकमा देकर अस्पताल के बगल स्थित अंडरग्राउंड नाले में छलांग लगा दी। यह घटना न सिर्फ पुलिस के लिए चुनौती बन गई, बल्कि अस्पताल परिसर में मौजूद मरीजों और स्टाफ में भी दहशत का माहौल पैदा हो गया।

लहेरियासराय थाना की पुलिस दो कैदियों, इफ्तिखार अहमद और मोहसिन कुरैशी को मेडिकल जांच के लिए सीएचसी लेकर पहुंची थी। जांच की प्रक्रिया के दौरान अचानक इफ्तिखार अहमद ने मौके का फायदा उठाया और पुलिस को चकमा देकर अस्पताल से सटे अंडरग्राउंड नाले में कूद गया। देखते ही देखते वह नाले के अंदर जाकर छिप गया।

घटना की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। मरीज, उनके परिजन और अस्पताल कर्मी सहम गए। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और नाले के मुहाने की घेराबंदी कर दी गई। पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई, ताकि कैदी किसी अन्य रास्ते से फरार न हो सके।

पुलिस लगातार कैदी को बाहर निकलने के लिए समझाने-बुझाने का प्रयास करती रही। पुलिसकर्मी उससे अपील करते रहे कि वह खुद बाहर आ जाए, जिससे कोई अनहोनी न हो। अंधेरे और गंदगी से भरे नाले में छिपे रहने से उसकी जान को खतरा भी था। काफी देर तक जब कैदी बाहर नहीं निकला, तो पुलिस के हाथ-पांव फूलने लगे।



लंबी मशक्कत और समझाने-बुझाने के बाद आखिरकार कैदी इफ्तिखार अहमद को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जैसे ही वह नाले से बाहर आया, पुलिस ने राहत की सांस ली।पीएचसी प्रभारी डॉ। तारिक मंजर ने बताया कि हथकड़ी ढीली हो जाने के कारण कैदी भागकर नाले में कूद गया। वहीं लहेरियासराय थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि इफ्तिखार अहमद चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया था और दोनों कैदियों की मेडिकल जांच पूरी होने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।यह घटना पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल भी खड़े करती है, तो साथ ही यह दिखाती है कि थोड़ी-सी चूक कितनी बड़ी स्थिति पैदा कर सकती है।

## बिहार के यंग साइंटिस्ट श्रेयस ने थाईलैंड में लहराया तिरंगा

**पटना, एजेंसी।** जब इरादे मजबूत हो और मेहनत को दिशा मिल जाए, तो कामयाबी इतिहास रच देती है। बिहार के औरंगाबाद जिले के होनहार यंग साइंटिस्ट श्रेयस बी। चंद्रा ने थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में आयोजित इन्वेंशन, इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी एक्सपोजिशन 2026 में गोल्ड मेडल जीतकर न सिर्फ जिले, बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। इस इंटनेशनल आयोजन में दुनिया के 20 से अधिक देशों के साइंटिस्ट ने भाग लिया था।

श्रेयस ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर क्यूआर टेक्नोलॉजी बेस्ड एक विशेष डाटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम विकसित किया, जिसे इंटरनेशनल एक्सपर्ट ने बेहद खास बताया। इस रिसर्च के लिए उनकी टीम को गोल्ड मेडल के साथ-साथ एनआरसीटी आउटस्टैंडिंग इंटरनेशनल इन्वेंशन एंड इनोवेशन प्राइज से भी सम्मानित किया गया। यह सम्मान वर्ल्ड लेवल पर सिर्फ 6 देशों को ही दिया जाता है और कई सालों बाद यह गौरव भारत को मिला है।

श्रेयस के पिता सूर्यकांत सिन्हा और माता निभा सिन्हा, दोनों शिक्षक हैं और शहर के सत्येंद्र नगर के निवासी हैं। बेटे की इस हिस्टोरिकल अचीवमेंट से परिवार में खुशी और गर्व का माहौल है। उन्होंने ने बताया कि श्रेयस को बचपन से ही रिसर्च और इनोवेशन में इंटरेस्ट रहा है। उन्होंने सरकार से अपील की कि ऐसे टैलेंट्स को इंटरनेशनल मंच तक पहुंचने के लिए हर तरह से मदद दी जाए। श्रेयस इससे पहले भी कई बड़ी अचीवमेंट्स हासिल कर चुके हैं। अप्रैल 2022 में उसने वूमन सेफ्टी डिवाइस बनाया था।

## बांका में श्रृंगार दुकान में लगी आग : तीन लाख की संपत्ति जलकर राख

**बांका, एजेंसी।** बांका के पुनसिया बस्ती में बुधवार देर रात एक श्रृंगार दुकान में भीषण आग लग गई। इस घटना में दुकान में रखा 3 लाख रुपए से अधिक का सामान जलकर राख हो गया। यह दुकान पुनसिया निवासी शक्ति कुमार की 'मुन्ना साह श्रृंगार स्टोर' नाम से थी। दुकानदार शक्ति कुमार ने बताया कि बुधवार शाम को वह रोज की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। देर रात कुछ लोगों ने दुकान से आग की लपटें उठती देखीं और उन्हें इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही शक्ति कुमार मौके पर पहुंचे, जहां दुकान में भीषण आग लगी हुई थी।

काफी मशक्कत के बाद दुकान का शटर उठाकर आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक आग पूरी दुकान में फैल चुकी थी। आसपास के लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाने की कोशिश की गई, परंतु रात का समय होने के कारण आग पर पूरी तरह नियंत्रण नहीं पाया जा सका। आग लगने की सूचना पर 112 पुलिस भी मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया। आग इतनी भीषण थी कि इसकी चपेट में आकर दुकान में रखा सारा श्रृंगार संबंधी सामान जलकर राख हो



गया। दुकान का ढांचा भी क्षतिग्रस्त हो गया।

इस दौरान घंटों तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। फिलहाल आग लगने का सही कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। आसपास के लोगों द्वारा काफी प्रयास किया गया लेकिन आग इतनी भीषण थी कि धु धु कर सब कुछ जल गया।

दुकानदार के अनुसार, आग में करीब 3 लाख रुपए से अधिक की संपत्ति नष्ट हो गई है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। दुकानदार ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाया है।

# आवासीय परिसर के व्यावसायिक उपयोग की होगी जांच

**भागलपुर, एजेंसी।** शहरी क्षेत्र के सभी घरों को होल्डिंग टैक्स के दायरे में लाने की तैयारी की जा रही है। अब कोई भी प्लॉट या भवन नहीं बचेगा, जो नगर निकाय से निबंधित नहीं हुआ हो। निबंधित नहीं कराने वाले घरों को सर्वे कर कर्मी खोज निकालेंगे।

बुधवार को पुलिस लाइन स्थित स्मार्ट सिटी सभागार में प्रमंडलीय आयुक्त अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आंतरिक राजस्व की प्रमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रमंडल क्षेत्र के सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अभियान चलाकर राजस्व संग्रहण के निर्धारित वार्षिक लक्ष्य की वसूली करें।

प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि छूटे होल्डिंग की पहचान कर सभी होल्डिंगधारियों को नोटिस भेजा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि व्यावसायिक और आवासीय होल्डिंग टैक्स सही तरीके से संग्रहित हों। कई आवासीय होल्डिंग का व्यावसायिक उपयोग



किया जा रहा है।

कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सुलतानगंज, नवगछिया और बांका को निर्देश दिया गया कि वे होल्डिंग टैक्स संग्रहण के लिए आनलाइन भुगतान की व्यवस्था को लेकर आवश्यक कार्रवाई करें। नगर निगम भागलपुर ने आनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध करा दी है।

इसके अलावा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत अकबरनगर, सबौर, हबीबपुर, बौंसी और अन्य जिनका अपना कार्यालय भवन नहीं है, उन्हें संबंधित अंचल अधिकारी और अपर समाहर्त्ता से समन्वय स्थापित कर लीज नीति या सरकारी भूमि के लिए कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में खनिज विकास पदाधिकारी भागलपुर और बांका को अवैध खनन की सघन जांच करने के लिए टीम बनाने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के स्तर से भी जांच कराने का निर्देश दिया गया। अवैध खनन में वसूली नहीं होने पर नीलामी से संबंधित कार्रवाई की जाएगी।

समय सीमा के भीतर शुल्क जमा नहीं होने पर समाहर्त्ता के न्यायालय से वाहनों की नीलामी की जाएगी। चालान की जांच करने और यदि अवैध पाया जाता है तो प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया गया। राज्य-कर अपर आयुक्त, भागलपुर प्रमंडल को चालू वित्तीय वर्ष के अंत तक निर्धारित राजस्व लक्ष्य का शत-प्रतिशत वसूली करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में नगर आयुक्त किसलय कुशवाहा, अपर समाहर्त्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, खनिज विकास पदाधिकारी, जिला अवर निबंधक, कार्यपालक अभियंता समेत सभी नगर परिषद और नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### स्वच्छ ईंधन की चेतावनी, निवेश नहीं बढ़ा तो जलवायु संकट और गहराएगा

जीवाश्म ईंधन के अंधाधुंध इस्तेमाल से बढ़ते जलवायु संकट के बीच पूरी दुनिया में स्वच्छ ईंधन की जरूरत महसूस की जाने लगी है। मगर इस दिशा में प्रयास बहुत कम हो रहे हैं। स्वच्छ ईंधन और नवीकरणीय ऊर्जा को लेकर योजनाएं तो बन रही हैं, लेकिन उनके क्रियान्वयन की गति बेहद धीमी है, जबकि जीवाश्म ईंधन पर अब भी ज्यादा जोर दिया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन को लेकर वैश्विक स्तर पर चिंता तो है, लेकिन इससे निपटने के उपायों पर गंभीरता से काम नहीं हो पा रहा है। विश्व आर्थिक मंच की ओर से हाल में जारी एक रपट में भी इसका उल्लेख किया गया है। इसमें कहा गया है कि स्वच्छ ईंधन से जुड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए वर्ष 2030 तक निवेश को चार गुना बढ़ा कर सालाना सौ अरब डालर करने की आवश्यकता है। जाहिर है कि अगर इस तरह की चेतावनियों और सुझावों को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो भविष्य में इसके भयावह परिणाम सामने आ सकते हैं। गौरतलब है कि दुनिया भर में इस समय स्वच्छ ईंधन पर सालाना करीब पच्चीस अरब डालर ही निवेश हो रहा है। दरअसल, स्वच्छ ईंधन को लेकर दावे तो बहुत किए जाते हैं, लेकिन इससे संबंधित योजनाओं की लागत अधिक होने से कई देश पीछे हट जाते हैं। वहीं सबसे अधिक कार्बन उत्सर्जन कर रहे विकसित देश खुद इसमें कटौती करने के बजाय छोटे और विकासशील देश पर नाहक दबाव बनाते रहे हैं। ऐसे में स्वच्छ ईंधन को साझा प्रयासों से प्रोत्साहित करने का वैश्विक लक्ष्य कहीं पीछे छूट जाता है। इसमें दोराय नहीं कि जलवायु संकट से निपटने की दिशा में स्वच्छ ईंधन अहम भूमिका निभा सकता है। इसके इस्तेमाल से उद्योगों और परिवहन क्षेत्र में बढ़ते उत्सर्जन को धीरे-धीरे कम किया जा सकता है। लिहाजा स्वच्छ ईंधन के इस्तेमाल के लक्ष्य को जमीन पर उतारने के लिए न केवल भरोसेमंद और निवेश-योग्य परियोजनाएं बनानी होंगी, बल्कि उन्हें सख्ती से लागू भी करना होगा। जीवाश्म ईंधन के निरंतर इस्तेमाल से पूरी दुनिया में वायु प्रदूषण की समस्या भी गंभीर होती जा रही है। इस संकट से बचने के लिए स्वच्छ ईंधन और नवीकरणीय ऊर्जा ही बेहतर विकल्प है।

### संकीर्ण सोच के चलते अधर में अनाथों का भविष्य?

यह विचित्र विडंबना है कि एक ओर बड़ी संख्या में दंपति बच्चों को गोद लेने के लिए बरसों इंतजार करते हैं, तो दूसरी ओर ऐसे अनाथ बच्चे भी हैं, जो उम्र बढ़ने के साथ गोद लिए जाने से वंचित रह जाते हैं। केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के आंकड़े बताते हैं कि गोद लेने के मामले में समाज का नजरिया किस कदर संकुचित है। इस समय प्राधिकरण के पास ऐसे कई बच्चे हैं, जिनकी उम्र छह वर्ष या इससे अधिक हो गई है।यह दुखद है कि कई दंपति बच्चा तो गोद लेना चाहते हैं, लेकिन साथ ही उम्र सीमा भी तय कर देते हैं। आज भी लोग नवजात शिशु अथवा पांच साल तक के बच्चों को ही गोद लेना पसंद करते हैं। सवाल है कि संतान सुख पाने के लिए क्या यह नजरिया सही है? उम्र और रंग-रूप के आधार पर बच्चों में भेदभाव करने की प्रवृत्ति को स्वस्थ सोच कहा जा सकता है?गौरतलब है कि गोद लेने की प्रक्रिया के साथ प्रतीक्षा सूची लंबी होने का खमियाजा बच्चों को ही भुगतना पड़ता है। कई बार दंपति की जटिल शर्तों से उनकी उपेक्षा ही होती है। इस जद्दोजहद के बीच कई बच्चे पांच-छह साल की उम्र पार कर जाते हैं और उनके गोद लिए जाने की उम्मीद धुंधली होती जाती है। अगर निसंतान दंपति अपनी सामाजिक सोच बदलें, तो बड़ी उम्र के बच्चों को भी परिवार मिल सकता है और उनका भविष्य संवर सकता है।वैसे भी बड़े बच्चे समझदार होते हैं और धीरे-धीरे माता-पिता से जुड़ाव के साथ नए परिवार में भी घुल-मिल जाते हैं। अगर दंपति धैर्य रखें और ऐसे बच्चों को प्यार एवं प्रोत्साहन दें, तो यह उनके लिए भी सुखद होगा। निस्संदेह हर बच्चे का अपना घर-परिवार होना चाहिए। इसलिए सामाजिक सोच में बदलाव जरूरी है, ताकि अनाथ बच्चों को भी सामान्य बच्चों की तरह खुशहाल जिंदगी मिल सके और वे अपने सपनों को पूरा कर सकें।परिवार में शामिल होने पर अनाथ बच्चे खुद को मूल्यवान महसूस करते हैं व इससे न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि वे समाज में सम्मान के भी हकदार होते हैं।

*राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे सामाजिक संगठनों के साथ ही केंद्र सरकार ने भी आर्थिक क्षेत्र में कई प्रयास किए हैं जिसके चलते हाल ही के समय में भारत की आर्थिक विकास दर में वृद्धि दर में लगातार सुधार दिखाई दिया है। विशेष रूप से ट्रम्प प्रशासन द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर लगाए गए 50 प्रतिशत के टैरिफ के प्रभाव को लगभग शून्य करने के उद्देश्य से भारत ने विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न किए हैं।*

## टैरिफ के बावजूद वर्ष 2026 में भारत की आर्थिक विकास दर छू सकती है नई ऊचाइयां

**(प्रह्लाद सबनानी)**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के 7.4 प्रतिशत के अनुमान को उत्साहवर्धक माना जाना चाहिए क्योंकि यह वृद्धि दर ट्रम्प द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न वस्तुओं के निर्यात पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के बावजूद रहने वाली है। दिनांक 1 फरवरी 2026 को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए केंद्र सरकार द्वारा भारतीय संसद में प्रस्तुत किए जाने वाले बजट के पूर्व वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के आर्थिक विकास से सबंधित प्रथम अग्रिम अनुमान के आंकड़े 7 जनवरी 2026 को जारी किए गए है। इस अनुमान के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल हुई थी जो वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढ़कर 7.4 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। सकल घरेलू उत्पाद से सम्बंधित प्रथम अग्रिम अनुमान के आंकड़ों के आधार पर ही वर्ष 2026-27 के बजट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आर्थिक विकास से सम्बंधित द्वितीय अग्रिम अनुमान 27 फरवरी 2026 को जारी किए जाने हैं। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में भारतीय रिजर्व बैंक का अनुमान भी 7.3 प्रतिशत की वृद्धि का ही है परंतु भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग का अनुमान 7.5 प्रतिशत अथवा इससे अधिक का है। भारत की आर्थिक विकास दर विश्व के सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे अधिक रहने की सम्भावना विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, एशियन विकास बैंक (7.2 प्रतिशत), फिच नामक रेटिंग संस्थान (7.4 प्रतिशत) आदि संस्थानों ने भी व्यक्त की है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वित्तीय वर्ष 2024-25 में हासिल की गई 6.5 प्रतिशत की वृद्धि से आगे बढ़कर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करने के कुछ मुख्य कारणों में शामिल हैं - (1) केंद्र सरकार के स्थिर उपभोग खर्च में वृद्धि दर जो वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2.3 प्रतिशत की रही थी, वह बढ़कर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 5.2 प्रतिशत रहने की सम्भावना है; (2) विनिर्माण के क्षेत्र में वृद्धि दर वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4.5 प्रतिशत की रही थी जो वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढ़कर 7.0 प्रतिशत रहने की सम्भावना है; (3) सकल मान योग में वृद्धि दर का 6.4 प्रतिशत से बढ़कर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है; (4) सकल स्थिर पूंजी निर्माण में वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत से बढ़कर 7.8 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है; (5) सेवा एवं कृषि क्षेत्र में क्रमशः 9.1 प्रतिशत एवं 3.1 प्रतिशत की सम्भावना व्यक्त की गई है; (6) भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात में वृद्धि दर का 6.3 प्रतिशत से बढ़कर 6.4 प्रतिशत रहने की सम्भावना होना भी शामिल है। अप्रेल 2025 से नवम्बर 2025 के खंडकाल में राजकोषीय घाटा 9.8 लाख करोड़ का रहा है जो वित्तीय वर्ष 2025-26 के कुल अनुमान का 62.3 प्रतिशत है, अतः बजटीय घाटा भी अभी तक नियंत्रण में ही रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजकोषीय घाटा 15.69 लाख करोड़ रहने का अनुमान लगाया गया था, जो सकल घरेलू उत्पाद का 4.4 प्रतिशत होगा। इस प्रकार केंद्र सरकार की आय एवं व्यय से सबंधित स्थिति भी पूर्णतः नियंत्रण में है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के 7.4 प्रतिशत के अनुमान को उत्साहवर्धक माना जाना चाहिए क्योंकि यह वृद्धि दर ट्रम्प द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न वस्तुओं के निर्यात पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के बावजूद रहने वाली है। दरअसल ट्रम्प द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर लगाए गए टैरिफ को वित्तीय बाजार में बहुत गम्भीरता से लिया जाकर इसके भारतीय अर्थव्यवस्था पर होने वाले प्रभाव को बहुत बढ़ा चढ़ाकर पेश किया गया है। परंतु, वास्तव में भारत के आर्थिक विकास दर पर इसका प्रभाव लगभग नहीं के बराबर रहा है। इसके पीछे मुख्य कारण अमेरिका को भारत से होने वाले निर्यात की कम मात्रा भी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत से अमेरिका को 7,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर के विभिन्न वस्तुओं के निर्यात हुए थे, जबकि भारत का सकल घरेलू उत्पाद 4.29 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा था। अतः भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात भारत के सकल घरेलू उत्पाद का मात्र 1.85 प्रतिशत ही रहे हैं। वैसे भी भारत की अर्थव्यवस्था निर्यात आधारित है ही नहीं (चीन की अर्थव्यवस्था निर्यात आधारित है, इसीलिए चीन पर अमेरिकी टैरिफ का प्रभाव अधिक हो सकता है), भारतीय अर्थव्यवस्था मुख्यतः आंतरिक उपभोग पर आधारित है। यदि भारत के नागरिक स्वदेशी उत्पादों का अधिक से अधिक सेवन करते हैं तो ट्रम्प द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर लगाए गए टैरिफ के भारतीय अर्थव्यवस्था पर होने वाले प्रभाव को शून्य भी किया जा सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा भी भारतीय समाज को लगातार प्रेरणा दी जा रही है कि वे भारत में निर्मित उत्पादों का ही उपयोग करें ताकि भारत को प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया जा सके। संघ ने पंच परिवर्तन नामक एक कार्यक्रम को प्रारम्भ किया है, जिसमें पांच बिंदु शामिल किए गए हैं - स्वदेशी का उपयोग, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन। भारत में समस्त नागरिकों का यह कर्तव्य है कि वे सनातन हिंदू संस्कृति के संस्कारों का अनुपालन सुनिश्चित करें। इन संस्कारों में भारत के नागरिकों में 'देश प्रथम' के भाव का जागरण भी शामिल है। लोकतंत्र की सफलता और स्थिरता नागरिकों की भागीदारी और कर्तव्यों के प्रति सजगता पर निर्भर करती हैं। जब नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील होते हैं और उनका ईमानदारी से पालन करते हैं तो समाज में सकारात्मक बदलाव आते हैं और देश की प्रगति होती हैं। समाज की प्रगति, सुरक्षा और समृद्धि के लिए नागरिकों की अपने कर्तव्यों के प्रति संवेदनशीलता तथा कटिबद्धत्ता आवश्यक है। करों का समय पर और सही राशि का भुगतान करना नागरिकों का कर्तव्य है। देश की आर्थिक प्रगति के लिए करों का उचित प्रबंधन आवश्यक है। प्रत्येक नागरिक का यह भी कर्तव्य है कि वह समाज की भलाई के लिए स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक विकास जैसी सामाजिक सेवाओं में भाग लें। किसी भी देश के नागरिक यदि स्वदेशी उत्पादों को अपनाना प्रारम्भ करते हैं तो इससे देश में उद्योगों को बढ़ावा मिलता है, अन्य देशों में उत्पादित वस्तुओं का आयात कम होता है और देश में ही रोजगार के नए अवसर निर्मित होते हैं। स्वदेशी का मतलब विदेशी सामान इस्तेमाल नहीं करना है परंतु यह कार्य इतना आसान नहीं है क्योंकि आज विश्व के समस्त देश एक वैश्विक गांव में परिवर्तित हो गए हैं, जिसके चलते उत्पादों का एक देश से दूसरे देश में आयात एवं निर्यात बहुत आसान बन पड़ा है। आचार्य श्री विनोबा भावे जी कहते हैं स्वदेशी का अर्थ है आत्मनिर्भरता और अहिंसा। संघ ने इसमें एक बिंदु जोड़ दियाः आत्मनिर्भरता, अहिंसा और सादगी। प्रत्येक भारतीय नागरिक से अपेक्षा की जाती है कि वह मितव्ययिता से जिए ताकि संसाधनों के दुरुपयोग को रोका जा सके।

## भ्रम में जी रहा अमेरिका... अपने रणनीतिक परोपकार दिखाने वाले मिथक को छोड़ना होगा, जानें क्यों

**(अनिल कुमार)**

भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर खींचतान जारी है। हालांकि, अमेरिका का भारत के प्रति यह रवैया नया नहीं है। वाइट हाउस में जो भी रहा हो भारत के प्रति उसकी नीति में कोई बड़ा बदलाव नहीं आया है। भारत-अमेरिका विवाद जैसे-जैसे छठे महीने में पहुंच रहा है, कई लोग इसे एक सफल रणनीतिक साझेदारी में एक अजीब घटना मान रहे हैं। वे इस संकट के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दोषी ठहराते हैं। वे लोग यह तर्क देते हैं कि उन्होंने भारत के साथ झगड़ा करने के लिए दशकों पुरानी अमेरिकी नीति से बेवजह किनारा कर लिया है। यह सोच गलत है। मौजूदा संकट का स्वरूप वाकई में ट्रंप जैसा ही है, उनकी दादागिरी वाली चालों की वजह से। हालांकि, इसके पीछे के तनाव के कारण उनके बनाए हुए नहीं हैं। असल में, भारत और अमेरिका पिछले कुछ सालों से किसी न किसी तरह के टकराव की ओर बढ़ रहे थे, चाहे वाइट हाउस में कोई भी रहा हो। रिश्ते में एक बड़ी दिक्कत यह है कि अमेरिका का मानना है कि उसने भारत के साथ दरियादिली दिखाई है, लेकिन बदले में उसे कुछ नहीं मिला। अमेरिकी पॉलिसी बनाने वाले अक्सर भारत के प्रति वॉशिंगटन के रवैये को बताने के लिए 'स्ट्रेटेजिक अल्ट्रूइज्म' (सामरिक परोपकार) शब्द का इस्तेमाल करते हैं। भारत को क्यों सपोर्ट कर रहा था अमेरिका कहानी यह है कि अमेरिका ने 2000 के दशक के बीच से भारत के उदय को बिना किसी लेन-देन की शर्त के सपोर्ट किया है, क्योंकि चीन के मुकाबले एक लोकतांत्रिक ताकत के तौर पर भारत का उभरना लंबे समय में अमेरिकी हितों के लिए फायदेमंद होता। देश अक्सर यह मानने लगते हैं कि वे अपने पार्टनर को जितना देते हैं, उससे अधिक पाते हैं। लेकिन 'स्ट्रेटेजिक अल्ट्रूइज्म' की कहानी इस सोच को एक खतरनाक भ्रम में बदल देती है। हालांकि भारत को इस पार्टनरशिप से निश्चित रूप से बहुत फायदा हुआ है, लेकिन वॉशिंगटन ने कभी भी बराबरी की मांग करने से पीछे नहीं हटा है। इसके अलावा, वह हमेशा नई दिल्ली से अपनी बात मनवाने के लिए कई तरह के तरीके अपनाने को तैयार रहा है, जिसमें पर्दे के पीछे से मनाना, राजनीतिक और डिप्लोमैटिक दबाव, और प्रतिबंधों की धमकी शामिल है। सच तो यह है कि अमेरिका ने 2000 के दशक के बीच में खुले दिल से कई डिप्लोमैटिक रियायतें देकर भारत को रणनीतिक पार्टनरशिप के लिए राजी किया था। उसने एडवांस्ड टेक्नोलॉजी तक पहुंच दी। भारत और पाकिस्तान को अलग-अलग देखने का वादा किया। साथ ही, भारत को असल में एक न्यूक्लियर पावर के तौर पर पहचानने का सौदा किया। उसने यह भी वादा किया कि वह 21वीं सदी में भारत को एक बड़ी वर्ल्ड पावर बनने में मदद करेगा। भारत से क्या चाह रहा था अमेरिका? हालांकि, अमेरिका को बदले में बहुत कुछ चाहिए था। चीन के मुकाबले भारत को एक ताकत के तौर पर बढ़ावा देने के अलावा, वह अफगानिस्तान, ईरान और रूस के मामलों में नई दिल्ली का सहयोग चाहता था। भारतीय बाजारों तक अधिक पहुंच चाहता था।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5982

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | 9 | | 8 | 5 |
| 9 | 4 | | | | 6 | | | 2 |
| | 8 | 1 | | | 4 | | | 3 |
| 6 | | | | | | 1 | | 8 |
| | | | | 3 | | | | |
| 2 | | 8 | | | | | | 9 |
| 3 | | | 1 | | | 8 | 4 | |
| 8 | | | 6 | | | | 5 | 7 |
| 4 | 7 | | 2 | | | | 3 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5981

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 1 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 6 | 2 | 8 | 4 | 1 | 7 | 5 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 1 | 7 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 1 |
| 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 | 8 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 9 | 7 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 3 | 1 | 9 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली 5982

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | | | ■ | 8 | | |
| | ■ | 9 | | 10 | ■ | | ■ |
| 11 | 12 | ■ | 13 | | 14 | | 15 |
| 16 | | | | ■ | | ■ | |
| ■ | | ■ | 17 | 18 | | ■ | ■ |
| 19 | | 20 | ■ | | ■ | 21 | 22 |
| 23 | | | | | ■ | 24 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. मध्यप्रदेश की एक औद्योगिक बस्ती जो अपने अखबारी कागज मिल के लिए प्रसिद्ध है (5)
5. कच्चे आम या इमली का बना खट्ठा-मीठा पेय पदार्थ (2)
7. कुलबुलाहट, कुलबुलाने का भाव (4)
8. यह विश्व का सबेस बड़ा लोकतांत्रिक देश है (3)
9. यह अरब का एक प्रायद्वीप है जिसकी राजधानी दोहा है (3)
11. निग्रह, दो की संख्या (2)
13. वह गद्य या पद्य का लेख जो किसी विजय के सुअवसर पर लिखा जाए (5)
15. वेतन, पगार, निश्चित अवधि में मिलने वाला पारिश्रमिक शुल्क (4)
17. गणित में से संख्याओं का योग (3)
19. हिम्मत, पराक्रम, बहादुरी (3)
21. रजनीमुख, संध्याकाल, सांझ (2)
23. दिल या मन के अंदर ही, चुपचाप (5)
25. ख्याति, शोहरत, प्रसिद्धि (2)

**ऊपर से नीचे**

1. ईमानदार और सच्चा (5)
2. नाव के मस्तूल से बांधा जाने वाला कपडा (2)
3. लवण, नोन (3)
4. बात या सही अर्थ न समझना (6)
5. शलभ, पतंगा, टिड्डा (4)
6. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
10. प्रवृत्तिशील, ध्यानमग्न (1)
12. मन को रिझाने वाला (5)
14. घी, जौ, तिल आदि को मंत्र पढ़ते हुए अग्नि में डालने का कृत्य (3)
15. यह गौतम बुद्ध की माता का नाम था (2)
18. एशिया महाद्वीप में स्थित देश जिसके निकटतप पडौसी देश, चीन कोरिया तथा रूस है (3)
19. गाए जाने वाले वेदमंत्र (2)
20. हस्ताक्षर, यथार्थ, दस्तखत (2)
21. कंधा, जुलाहे की कूंची (2)
22. मेरा या मेरी (संस्कृत) (2)

### वर्ग पहेली 5981 हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ने | पा | ल | ■ | क | ना | डा | ■ |
| की | म | त | ■ | मा | न | क | ■ |
| औ | ■ | खो | ल | ना | ■ | घ | ना |
| र | फ्ता | र | ■ | ■ | प | र | म |
| ब | ■ | ■ | अ | न | र्थ | ■ | क |
| र्दी | वा | ने | खा | स | ■ | त | र |
| ■ | ■ | म | त | ■ | ख | म | ण |
| बे | रू | त | ■ | फ | र | सा | ■ |

## आज का राशिफल

### मेष

आज नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति का योग बना हुआ है। संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेगा। रहन-सहन खान पान का स्तर बढ़ेगा, नए और सुन्दर-सुन्दर वस्त्रों के प्रति आपका रुझान घटेगा। नौकरी तथा व्यवसाय में भी भागीदारी व साथियों का सहयोग पर्याप्त मात्रा में मिलेगा। आलस्य का त्याग कर सक्रिय रहें।

### वृष

आज संपत्ति सुख में विस्तार होगा। परिवार में सुख शांति का वातावरण बनेगा। किसी बुजुर्ग से धन प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में स्थान परिवर्तन उन्नति के साथ होगा। पारिवारिक जीवन में सरसता बनी रहेगी। अनावश्यक व्यय पर नियंत्रण रखें। सायंकाल से लेकर रात्रि तक कला संगीत का आनंद भी मिल सकता है।

### मिथुन

आज पश्चिम दिशा की राजकीय यात्रा का योग बन रहा है। संतान सुख में वृद्धि होगी और कहीं से वस्त्र का उपहार मिलेगा। उत्तम मित्रों के सहयोग से मन में निराशा का भाव समाप्त होगा। सायंकाल से रात्रि तक अध्ययन, पठन-पाठन में मन लगेगा। रात्रि में शयन सुख की विशेषता रहेगी।

### तुला

आज घर में मांगलिक कार्यों के आयोजन से मन में प्रसन्नता व व्यस्तता रहेगी। अभिन्न मित्रों के सहयोग से व्यवसाय के नए स्रोत बनेंगे। आमदनी बढ़ने, अकस्मात् बड़ी मात्रा में पैसा हाथ में आने से मनोबल बढ़ा रहेगा। आज पाचन क्रिया मंद और वायु विकार से शरीर कष्ट दे सकता है। खान-पान पर नियंत्रण रखें।

### वृश्चिक

वृश्चिक राशि का स्वामी मंगल जन्म तृतीय में, मकर राशि का होकर चंद्र से दशम योग बन रहा है। माता का सानिध्य व आशीर्वाद विशेष रूप से फलीभूत होगा। बहुत समय से रुका हुआ धन किसी महापुरुष के सहयोग से प्राप्त हो जाएगा। संतान पक्ष से और बौद्धिक क्षेत्र में सुखद परिणाम मिलने से प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आज यदि संपत्ति या व्यवसाय में इनवैस्ट करना पड़े तो निश्चिंत होकर करें।

### धनु

आज आपकी इच्छा के विरूद्ध कोई कार्य मिल सकता है, जिससे आप असहज हो जाएंगे। परिवार में सर्वत्र सुख शांति रहेगी। अकस्मात् अनियोजित खर्च बढ़ सकते हैं। यदि आप नौकरी में हैं तो अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। सायंकाल के समय धार्मिक साहित्य पढ़ने में रुचि बढ़ेगी। रात्रि का समय सामाजिक आयोजन में बीतेगा।

### कर्क

आज कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। इस दौरान आय में यथोचित वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों व लेखन आदि से भी आय होगी। हालांकि आपको क्रोध से बचना होगा। संतान पक्ष से भी उच्च शिक्षा, शोधादि में सार्थक परिणाम मिलेंगे। आज सायंकाल के समय संपत्ति से भी कुछ आय हो सकती है। रात्रि में भाइयों का सहयोग से पुरानी रंजिश समाप्त हो जाएगी।

### सिंह

आज आपका दिन मिश्रित फलकारक है। धर्म-कर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी। संपत्ति के सुधार व रख रखाव में खर्च बढ़ेगा। आज दिन में कुछ निकट के मित्रों व रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। संपत्ति से भी आय के नए स्रोत विकसित होंगे। देश देशान्तर से शुभ समाचार मिलेंगे। राजनीति में बढ़ते जनसंपर्क का लाभ उठाएं।

### कन्या

आज आमदनी संतोषजनक रहेगी। इस दौरान धन प्राप्ति के कई योग बनेंगे। सायंकाल में मंगल कार्यों में व्यस्त रहेंगे। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति की संभावना बन रही है। बृहस्पति कर्क राशि पर मार्गी होगा, इससे स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है।

### मकर

आज कार्यक्षेत्र में कठिनाई व परिश्रम की अधिकता रखेगा। बातचीत में सतर्क रहें, किसी संपत्ति को लेकर परिवार में विवाद की स्थिति बन सकती है। भाइयों में वैचारिक मतभेद उत्पन्न होंगे। सायंकाल से लेकर आधी रात तक निकट की यात्रा का योग है। आगे आने वाले कुछ दिन स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

### कुंभ

आज का दिन मान, प्रतिष्ठा की वृद्धि कर रहा है। सप्तम भाव में गुरु उत्तम संपत्ति प्रदान करेगा। आज आपके भाग्य का उदय, धन, कर्म, कीर्ति की वृद्धि, शत्रु चिंताओं का दमन प्रबल से प्रबल विरोधियों के होने पर भी अंत में सर्वत्र विजय, विभूति, सफलता की प्राप्ति, हर्ष मंगलमय परिवर्तन और मनोरथ सिद्धि होगी। आगे बहुत फायदा होगा।

### मीन

आज कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारी और धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। संपत्ति का विस्तार और संपत्ति से आय में वृद्धि होगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, कहीं जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद उत्पन्न न हो जाए। सायंकाल के समय धार्मिक आयोजन में भागीदारी या धार्मिक यात्रा हो सकती है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा डी.बी. कॉर्पो. लि., के.जी. आश्रम के पास, बिफोर मंदिर, गोसाईंडीह, गोविंदपुर रोड, धनबाद, झारखण्ड – 828112 में मुद्रित एवं वार्ड नं. 8, बांधपाड़ा, दुमका, झारखंड – 814101 से प्रकाशित | संपादक- साकेत कुमार, मो.-9934957121, 7766886433 | E-mail : svvjh123@gmail.com | website : www.sonvarshavani.com



# जेलर 2 में होगा विजय सेतुपति का कैमियो?

अभिनेता विजय सेतुपति की गिनती उन दिग्गज कलाकारों में होती है, जिनकी फिल्मों का प्रशंसकों को बेसब्री से इंतजार रहता है। विजय सेतुपति को एक्टिंग का लीजेंड माना जाता है। पिछले कई दिनों से ऐसी चर्चाएं चल रही हैं कि विजय 'थलाइवा' रजनीकांत की आगामी फिल्म 'जेलर 2' में भी नजर आएंगे। अब विजय सेतुपति ने खुद इन चर्चाओं पर प्रतिक्रिया दी है। बातचीत के दौरान विजय सेतुपति ने 'जेलर 2' में अपने कैमियो की चर्चाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए ये कंफर्म किया कि वो फिल्म में नजर आएंगे। अभिनेता ने कहा कि मैंने जेलर 2 में कैमियो इसलिए किया है, क्योंकि मैं रजनीकांत सर का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। उनके साथ काम करके मुझे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उन जैसे सुपरस्टार ने इस इंडस्ट्री में इतने दशकों तक अपनी जगह बनाई है। उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

अपने करियर के विकल्पों पर विचार करते हुए सेतुपति ने कहा कि अब मैं सिर्फ स्क्रिप्ट के लिए खलनायक की भूमिका निभा रहा हूं, जो मुझे उत्साहित करता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वे खलनायक की भूमिका तभी स्वीकार करेंगे जब स्क्रिप्ट में कुछ अलग और दिलचस्प हो। एक्टर ने कहा कि अभी तक मुझे मिलने वाले अधिकाश विलेन के रोल हीरो को महिमामंडित करने के लिए बनाए गए सामान्य विलेन के जैसे होते हैं। ये मुझे बिल्कुल भी पसंद नहीं है। इसीलिए अब मैंने इस तरह के विलेन के रोल करने से साफ इनकार कर दिया है।



# मैं अभी करियर के शुरुआती दौर में हूं और सिर्फ अपने काम पर ध्यान देना चाहती हूं

**सारा अर्जुन को रणवीर सिंह के साथ फिल्म 'धुरंधर' से बॉलीवुड में बतौर लीड एक्ट्रेस डेब्यू करने के बाद काफी लोकप्रियता मिली है। एक्ट्रेस इन दिनों अपनी आगामी तेलुगु फिल्म यूफोरिया के प्रचार में व्यस्त हैं। इस दौरान हैदराबाद में हुए एक इवेंट में सारा ने 'धुरंधर' से मिली सफलता पर बात की। साथ ही उन्होंने अपने पसंदीदा टॉलीवुड स्टार का नाम भी बताया। हैरानी की बात ये है कि ये नाम महेश बाबू या अल्लू अर्जुन नहीं है।**

एक्ट्रेस ने कहा कि लंबे समय बाद अपने तेलुगु दर्शकों के सामने खड़े होना खास लग रहा है। यहां जिस तरह से गर्मजोशी से संस्कृति और कहानियों का जश्न मनाया जाता है, मैं उसकी प्रशंसा करती हूं। मुझे उम्मीद है कि 'यूफोरिया' भी दर्शकों से जुड़ेगी। यह एक बहुत महत्वपूर्ण कहानी है। इस दौरान जब सारा से पूछा गया कि उनका पसंदीदा तेलुगु स्टार कौन है? तो अभिनेत्री ने कुछ देर सोचने के बाद कहा कि बहुत सारे हैं। मैं चुन नहीं सकती। लेकिन अभी मुझे विजय देवरकोंडा बहुत पसंद हैं।

## सिर्फ अपने काम पर ध्यान देना चाहती हैं सारा

'धुरंधर' के बाद मिली लोकप्रियता के क्या अपने किरदार को लेकर उनका नजरिया बदला है? इस पर सारा ने कहा कि मैं हर प्रोजेक्ट में बदलाव नहीं देखती। मैं हर दिन बदलाव की तलाश करती हूं। मुझे एहसास है कि इसे अपने काम के रूप में अपनाना एक बड़ा सौभाग्य है। मुझे बेहतर प्रदर्शन करने की अधिक जिम्मेदारी महसूस होती है, बस इतना ही। मैं खुद पर ज्यादा दबाव डालना पसंद नहीं करती। बेहतर करने की जिम्मेदारी हमेशा मेरे कंधों पर रहेगी। मैं अभी करियर के शुरुआती दौर में हूं और मैं बस सिर्फ अपने काम पर ध्यान देना चाहती हूं। ताकि मैं लगातार काम करती रहूं।




## 6 फरवरी को रिलीज होगी 'यूरोफिया'

'धुरंधर' के बाद अब सारा अर्जुन अपनी आगामी तेलुगु फिल्म 'यूरोफिया' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। गुणेशेखर द्वारा निर्देशित यह फिल्म ड्रग्स जैसे मुद्दे पर आधारित है। फिल्म में सारा अर्जुन के अलावा भूमिका चावला और गौतम मेनन भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म 6 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# साउथ की बड़ी फिल्म में हुई अनिल कपूर की एंट्री

बॉलीवुड के एवर यंग एक्टर अनिल कपूर 69 साल की उम्र में भी काफी फिट हैं और फिल्मों में लगातार सक्रिय है। अब अनिल कपूर के हाथ साउथ की एक फिल्म लगी है। जिसमें वो जूनियर एनटीआर के साथ नजर आएंगे। इसकी जानकारी खुद अनिल कपूर ने दी है।


अनिल कपूर ने आज इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी के जरिए ये कंफर्म किया कि वो जूनियर एनटीआर की प्रशांत नील द्वारा निर्देशित फिल्म 'ड्रैगन' में नजर आएंगे। इस फिल्म के जरिए अनिल कपूर ने तेलुगु सिनेमा में वापसी की। अनिल कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक आईएमडीबी की फोटो शेयर की है। इसमें फिल्म 'ड्रैगन' को 2026 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल किया गया है। इसमें ड्रैगन की स्टारकास्ट में जूनियर एनटीआर और फिल्म की बाकी कास्ट के साथ अनिल कपूर का नाम भी शामिल है। इसके साथ ही अनिल ने कैप्शन में लिखा, 'एक आ चुकी है और बाकी दो लाइन में हैं।' इससे पता चलता है कि आने वाले दिनों में अनिल कपूर दो तेलुगु या साउथ की फिल्मों में नजर आ सकते हैं। या फिर हो सकता है कि साल 2026 में उनकी दो और फिल्मों की घोषणा होनी हो।

## रुक्मिणी वसंत और टोविनो थॉमस भी आएंगे नजर



'केजीएफ' फेम निर्देशक प्रशांत नील द्वारा निर्देशित 'ड्रैगन' में जूनियर एनटीआर प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। उनके साथ रुक्मिणी वसंत और टोविनो थॉमस भी इस फिल्म में प्रमुख भूमिका में दिखाई देंगे। अब अनिल कपूर ने भी फिल्म में अपनी मौजूदगी को कंफर्म कर दिया है। फैंस इस फिल्म का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

वर्कफ्रंट की बात करें अनिल कपूर आखिरी बार 'वॉर 2' में नजर आए थे। अब 'वॉर 2' के बाद अनिल कपूर एक बार फिर जूनियर एनटीआर के साथ स्क्रीन साझा करने जा रहे हैं। हालांकि, अनिल कपूर ने साल 1980 में तेलुगु फिल्म वंश वृक्षम से मुख्य भूमिका में अपने अभिनय की शुरुआत की थी।






# 'भाबीजी घर पर हैं' फिल्म में दो भोजपुरी स्टार्स की हुई एंट्री; कॉमेडी के साथ लगेगा हॉरर का तड़का

पिछले लगभग एक दशक से टीवी का लोकप्रिय शो 'भाबीजी घर पर हैं' अब एक फिल्म के तौर पर बड़े पर्दे पर आ रहा है। पिछले साल निर्माताओं ने इस लोकप्रिय सिटकॉम पर आधारित एक फीचर फिल्म की घोषणा करके प्रशंसकों को चौंका दिया था। अब इंतजार खत्म हुआ और निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया है। इसमें रवि किशन और मुकेश तिवारी की नई एंट्री हुई है, जबकि दिनेश लाल यादव निरहुआ की भी झलक दिखती है। ट्रेलर की शुरुआत ही होती है फेमस डायलॉग 'भाबीजी घर पर हैं' से। ट्रेलर की शुरुआत में ही नजर आते हैं विभूति नारायण (आसिफ शेख) और मनमोहन तिवारी (रोहिताश गौर) के साथ। इसके बाद शुरू में ही ट्रेलर में रवि किशन और शुभांगी आत्रे की भी झलक दिखती है। इसके बाद सीरियल की तरह यहां भी ये दोनों किरदार हमेशा की तरह मजेदार बहाने बनाते हुए एक-दूसरे की पत्नियों के करीब रहने के तरीके खोजते नजर आते हैं। विभूति अपने खास मजाकिया अंदाज में अंगूरी तिवारी के पास दूध मांगने जाता है, जबकि मनमोहन तिवारी अन्नू मिश्रा (विदिशा श्रीवास्तव) से कुछ चीनी उधार लेने के लिए जाते हैं। विभूति कहते हैं, 'दूधवाले के पास दूध खत्म हो गया था, तो मैंने सोचा कि क्या भाभी जी मुझे थोड़ा दूध दे सकती हैं।' कुछ देर बाद मनमोहन तिवारी को यह कहते हुए सुना जाता है, 'घर में चीनी खत्म हो गई है, तो मैंने सोचा कि क्या मैं भाभी जी से थोड़ी उधार ले सकता हूं।'

## रवि किशन और मुकेश तिवारी की हुई नई एंट्री






इसके बाद ट्रेलर में एंट्री होती है रवि किशन और मुकेश तिवारी की। दोनों फिल्म में गुंडे बने हुए हैं। प्यार को तलाश रहे ये दोनों अंगूरी और अन्नू के प्यार में पड़ जाते हैं। इसके बाद शुरू होता है असली हंगामा। ट्रेलर में एक सीन में ये दोनों गुंडे विभूति और मनमोहन तिवारी को बंदूक की नोक पर धमकाते हैं और उनकी बीवियों को जबरन शादी के लिए मजबूर करते हैं। इस फिल्म को हॉरर-कॉमेडी बनाने का प्रयास किया गया है। ट्रेलर में दिखता है कि अंगूरी भाभी पर अचानक भूत आ जाता है। इसके साथ ही ट्रेलर खत्म होता है। ट्रेलर में सीरियल के कई लोकप्रिय किरदार भी नजर आते हैं। जिनमें सानंद वर्मा सक्सेना के रूप में, योगेश त्रिपाठी दारोगा हप्पू सिंह के रूप में और सोमा राठौड़ रामकली तिवारी के रूप में शामिल हैं।

## 6 फरवरी को रिलीज होगी फिल्म

शशांक बाली द्वारा निर्देशित इस फिल्म को शशांक ने रघुवीर शेखावत और संजय कोहली के साथ मिलकर लिखा है। यह फिल्म 6 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। देखना ये है कि टीवी पर लोकप्रिय होने के बाद पर्दे पर 'भाबीजी घर पर हैं' क्या कमाल दिखा पाती है।






# फिल्म द ग्रेट एस्केपः फरार में नवाजुद्दीन पहली और परफेक्ट चॉइस थे

**नवाजुद्दीन सिद्दीकी, निमिषा सजयन, पार्थ भालेराव इलिया वोलोक स्टारर फिल्म द ग्रेट एस्केपः फरार एक थ्रिलिंग और इमोशनल फैमिली ड्रामा के तौर पर तैयार हो रही है। फिल्म का निर्देशन कुशाग्र शर्मा ने किया है। इस फिल्म को मेकर्स 1200 से 1500 स्क्रीन पर रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। कुशाग्र बताते हैं... फिल्म की कहानी थाईलैंड में बेस्ड एक साधारण लेकिन संघर्षशील परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है।**

नवाजुद्दीन फिल्म में फिजिक्स प्रोफेसर अमन वर्मा की भूमिका निभा रहे हैं। निमिषा सजयन, नवाज की पत्नी रीमा वर्मा के रोल में हैं, जो एम्बेसी में काम करती हैं। कहानी में हालात ऐसे बनते हैं कि पत्नी एक गंभीर ट्रैप में फंस जाती हैं और जब बेटी मां को वापस चाहती है, तब परिवार के पास देश से फरार होने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता। यह पूरी प्लानिंग फिजिक्स के सिद्धांतों पर आधारित है, जहां ताकत से ज्यादा दिमाग काम आता है।

## किरदार के लिए नवाजुद्दीन ने 5-6 किलो वजन भी बढ़ाया है...

कुशाग्र ये भी बताते हैं कि शर्मा के मुताबिक, फिल्म जटिल की वजह से की जरूरत थी, जो इमोशन, थ्रिल और टेंशन को पूरी तरह रियल बना सकें। इसी वजह से नवाजुद्दीन उनकी पहली और परफेक्ट चॉइस थे। फिजिक्स प्रोफेसर के किरदार में ढलने के लिए नवाजुद्दीन ने 5-6 किलो वजन बढ़ाया और अपने निजी अनुभव भी किरदार में शामिल किए।

## विलेन बने इलिया वोलोक की प्रोफेशनल अप्रोच से प्रभावित हुए नवाजुद्दीन

फिल्म के लिए गहन रिसर्च की गई है। कुशाग्र खुद साइंस बैकग्राउंड से हैं लेकिन इसके बावजूद उन्होंने कई शिक्षकों से मुलाकात की, किताबें पढ़ीं और शूटिंग के दौरान थाईलैंड में एक्सपेरिमेंट सीन के वक्त टीचर्स की मौजूदगी भी सुनिश्चित की गई।

## 8-10 रियल जानवरों संग सेफ्टी प्रोटोकॉल के साथ शूटिंग की गई

फिल्म की एक बड़ी यूएसपी है रियल टाइगर के साथ शूट किया गया सीक्वेंस, जिसे नवाजुद्दीन ने खुद किया। करीब 8-10 रियल जानवरों के साथ 7-8 दिनों में सेफ्टी प्रोटोकॉल के तहत शूटिंग की गई। कुल 60-65 दिनों की शूटिंग में से सिर्फ 5-7 दिन मुंबई में और बाकी शूटिंग थाईलैंड में हुई। क्लाइमेक्स को शूट करने में ही 4-5 दिन लगे, जिसे निर्देशक बेहद थ्रिलिंग और टेंशन से भरा बताते हैं। पोस्ट-प्रोडक्शन जारी है और फिल्म की अवधि करीब सवा दो घंटे रहने की उम्मीद है।

## ये फिल्म संदेश भी देती है कि हुनर कोई किसी से नहीं छीन सकता...

कुशाग्र कहते हैं...इस फिल्म में बेला-चियाओ... और आइने के सौ टुकड़े... जैसे गानों को नए अंदाज में रीक्रिएट किया गया है। फिल्म की टैगलाइन है-जब बात हो अपनों की, तब दम से ज्यादा दिमाग की जरूरत होती है। कुशाग्र ये कहते हैं कि फिल्म यह संदेश देती है कि जिंदगी में सब कुछ छीना जा सकता है, लेकिन हुनर कोई नहीं छीन सकता। वहीं, विलेन बने इलिया वोलोक की प्रोफेशनल अप्रोच से नवाजुद्दीन भी प्रभावित हुए। इलिया ने हिंदी डायलॉग्स पर कड़ी मेहनत की, जिस पर नवाजुद्दीन ने ये तक कह दिया कि वर्षों बाद मेरे टक्कर का एक्टर मिला है।

# पुराने लड़ाकू हैं अविमुक्तेश्वरानंद, शंकराचार्य पदवी से पहले छात्रसंघ अध्यक्ष थे, उमाशंकर पांडेय था नाम

**लखनऊ, एजेंसी।** प्रयागराज माघ मेला में मौनी अमावस्या पर स्नान के लिए ज्योतिर्मठ के विवादित शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के संगम घाट तक रथ पर या पैदल जाने को लेकर प्रशासन से तकरार के चार दिन बीत चुके हैं, लेकिन विवाद अब बवाल का रूप ले चुका है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने पुलिस पर भगदड़ मचाकर उनकी हत्या की साजिश रचने का आरोप भी लगा दिया है। स्वामी चार दिन से वहीं जमे हैं, जहां उन्हें प्रशासन छोड़ गया था। दो दिन पहले प्रशासन ने उन्हें नोटिस देकर खुद को शंकराचार्य कहने पर जवाब मांगा था। जवाब में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने शंकराचार्य को लेकर सुप्रीम कोर्ट में चल रहे मुकदमे का हवाला देते हुए नोटिस को अवमानना बता दिया है और उसे वापस लेने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। देश-दुनिया के मसलों पर खुलकर अपनी राय रखने वाले



अविमुक्तेश्वरानंद और प्रशासन के बीच तकरार पर साधु-संत समाज और राजनेता बंटे हुए हैं। जगतगुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि रथ पर बैठकर स्नान के लिए नहीं जाना चाहिए था, क्योंकि यह शास्त्र के विरुद्ध है। कई संत इसे सनातन का अपमान बता रहे हैं। समाजवादी पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष अखिलेश यादव सक्रियता से मसले को उठाकर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को घेरने की कोशिश में जुटे हैं। यह अलग बात है कि 2015 में सपा सरकार के दौरान भी यूपी पुलिस ने इनको पीटा था। बाद में अखिलेश ने उनके पास जाकर माफी मांग ली थी, ऐसा उन्होंने दावा किया था। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद हमेशा से संत थे, ऐसा नहीं है। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के एक गांव ब्राह्मणपुर में उनका जन्म हुआ था और नाम था उमाशंकर पांडेय। उनकी धर्म शास्त्र में दिलचस्पी बचपन से थी, लेकिन प्रारंभिक शिक्षा बाकी बच्चों की तरह ही हुई। आगे गुजरात गए। वहां स्वामी करपात्री जी महाराज के शिष्य ब्रह्मचारी राम चैतन्य से मुलाकात के बाद वो संस्कृत और शास्त्रों के अध्ययन में जुट गए। आगे वो संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी आए और यहां से शास्त्री और आचार्य की उपाधि प्राप्त की। वाराणसी में वो छात्र राजनीति में उतरे और 1994 में यूनिवर्सिटी के छात्रसंघ अध्यक्ष का चुनाव जीते। गुजरात में वो स्वामी करपात्री महाराज की छाया में आ ही गए थे। वेद, पुराण, उपनिषद में पारंगत होने के बाद उन्होंने संन्यास ले लिया।

# फरीदाबाद में एक ऑडियो मैसेज ने साइको किलर को दिलाई उम्रकैद की सजा, नानी ने रिकॉर्ड की थी कॉल

**फरीदाबाद , एजेंसी।**
मोबाइल फोन की एक ऑडियो रिकॉर्डिंग और फोन की अंतिम लोकेशन जैसे साक्ष्य साइको किलर को उम्रकैद की सजा दिलाने में अहम सबूत बने। दोषी ने छात्रा की नानी को फोन कर खुद छात्रा की हत्या करना कबूला था।



छात्रा की नानी ने अपने पड़ोसी की मदद लेकर इस फोन कॉल को रिकॉर्ड कर लिया था। इस कॉल रिकॉर्ड को पुलिस ने कब्जे में ले लिया था। वहीं पुलिस ने छात्राऔर दोषी के मोबाइल की कॉल डिटेल्स का रिकॉर्ड भी खंगाला था। छात्रा के मोबाइल पर अंतिम फोन भी दोषी का ही था। वहीं उसके और छात्रा के मोबाइल की अंतिम लोकेशन भी सेक्टर-16 की थी। अदालत में दोनों अहम सबूत उसे सजा दिलाने में निर्णायक रहे। इस मामले में कोई चश्मदीद गवाह नहीं था। फोन कॉल रिकॉर्डिंग, मोबाइल कॉल डिटेल्स और मोबाइल की अंतिम लोकेशन पुलिस की ओर से साक्ष्य के तौर पर पेशकिए गए थे। हालांकि, इस मामले में 28 गवाह भी शामिल थे, लेकिन इनमें से कोई भी घटना का चश्मदीद नहीं था। 31 दिसंबर वर्ष 2021 को 22 वर्षीय छात्रा अकेले ही अपनी नानी के घर जा रही थी। इस वजह से घटना का कोई चश्मदीद नहीं था। दोषी ने हत्या कर शव को नहर में फेंक दिया था। अपराध जांचशाखा, डीएलएफ की टीम ने सात जनवरी 2022को उसे गिरफ्तार कर लियाथा। गिफ्तारी के दौरान उसने कबूल किया था कि उसने छात्रा को फोन कर सेक्टर-17-18 की डिवाइडिंग पर बुलालिया था। परिवार का परिचित होने की वजह से छात्रा ने उस पर भरोसा कर लिया था। वह छात्रा को झांसा देकर साइकिल से सेक्टर-17में आगरा नहर किनारे ले गया था और वहां पर कपड़े से गला घोंटकर हत्या कर दी थी। पुलिस जांच के अनुसार, उसने पहले छात्रा के साथ दुष्कर्म किया था। छात्रा द्वारा विरोध जताने और परिजनों को इस बारे में बताने की कहने से वह डर गया था।

### मुख्तार के विधायक बेटे अब्बास की बढ़ी मुश्किलें

# चुनाव आचार संहिता उल्लंघन मामले में आरोप तय

**मऊ, एजेंसी।** मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास की मुश्किलें बढ़ गई हैं। आचार संहिता उल्लंघन मामले में विधायक अब्बास अंसारी समेत पांच आरोपियों के खिलाफ बुधवार को कोर्ट ने आरोप तय कर दिए। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. कृष्ण प्रताप सिंह की अदालत ने साक्ष्य के लिए चार फरवरी की तिथि तय की है। अब्बास की पेशी को लेकर न्यायालय परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मुख्य द्वार पर गहन तलाशी के बाद ही लोगों को कोर्ट परिसर में प्रवेश दिया गया। मामला 2022 के अ चुनाव से जुड़ा है। प्रचार के दौरान आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में 12 फरवरी 2022 को दक्षिणटोला थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप था कि अब्बास तय सीमा से अधिक वाहनों के काफिले के साथ प्रचार कर रहे थे। चुनाव आयोग की शिकायत पर तत्कालीन थानाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने



अब्बास अंसारी, शाहिद लारी, साकिब लारी, इसराइल अंसारी और रमेश राम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। बुधवार को इसी मामले में सभी आरोपी अदालत में पेश हुए। अब्बास के अधिवक्ता दरोगा सिंह ने बताया कि कोर्ट ने मामले में लगी तीन धाराओं में से दो हटा दी हैं। जबकि धारा 133 के तहत आचार संहिता उल्लंघन के मामले में प्रथम दृष्टया पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर आरोप तय किए गए हैं। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए चार फरवरी की तारीख निर्धारित की है।

# एकनाथ शिंदे के एक फैसले से उद्धव ठाकरे और भाजपा दोनों सकते में

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में सीएम देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच खींचतान की खबरें आती रही हैं। कई बार शिंदे नाराज भी दिखे हैं, लेकिन अब उन्होंने ऐसा कदम उठा लिया है, जिससे भाजपा और उद्धव ठाकरे की शिवसेना दोनों ही सकते में आ गए हैं। उन्होंने इसके साथ ही महाराष्ट्र की राजनीति में नए समीकरण तैयार करने के भी संकेत दे दिए हैं। उन्होंने कल्याण डोंबिवली नगर निगम में राज ठाकरे की मनसे से हाथ मिला लिया है। इस तरह यहां भाजपा अकेली ही रह गई है, जिसके साथ मिलकर एकनाथ शिंदे की पार्टी ने चुनाव लड़ा था। इसके अलावा राज ठाकरे ने उद्धव सेना का साथ छोड़कर एकनाथ शिंदे के दल का समर्थन कर दिया है। इस तरह एकनाथ शिंदे की शिवसेना को एक महत्वपूर्ण नगर निगम में सत्ता मिल जाएगी। इसके अलावा भाजपा को वह झटका



दे सकेंगे, जिसके साथ महीनों से रस्साकशी चल रही है। वहीं उस उद्धव सेना को भी उन्होंने झटका दिया है, जिसे तोड़ने के आरोप उन पर लगते हैं। ठाकरे परिवार को उसी फैमिली के एक अहम सदस्य को साथ लेकर झटका देने की एकनाथ शिंदे की नीति ने सभी को चौंका दिया है। इस तरह राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे की एकता एक महीने भी नहीं चल पाई और नए समीकरण बनाते हुए राज ठाकरे ने एकनाथ शिंदे की शिवसेना से हाथ मिला लिया है। राज ठाकरे की पार्टी को इस तरह सत्ता में रहने का एक मौका मिल जाएगा।

कल्याण-डोंबिवली में कुल 122 सीटें हैं। यहां शिवसेना को 53 पर जीत मिली है, जबकि भाजपा को 50 हासिल हुई हैं। अब शिवसेना ने मनसे के भी 5 पार्षदों का समर्थन मिल गया है। यहां मेयर बनाने के लिए जादुई नंबर 62 का है और 58 पार्षद एकनाथ शिंदे को मिल चुके हैं।

# नोएडा में दो महिलाओं समेत पांच गांजा तस्कर गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ईकोटेक-3 कोतवाली की पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर में गांजा बेचने वाले गिरोह का बुधवार को पर्दाफाश कर दो महिलाओं समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से नौ किलो 900 ग्राम गांजा और 2,90,400 रुपये बरामद किए। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि सेक्टर ईकोटेक-3 कोतवाली की पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग गांजा बेचने के लिए सीआईएसएफ यूटर्न के समीप एकत्रित हो रहे हैं। पुलिस टीम ने बुधवार को मौके पर दबिश दी और आरोपियों को धर दबोचा। उनकी पहचान सत्यशरण निवासी शाहजहांपुर, सुमित निवासी हमीरपुर, अभिषेक निवासी हमीरपुर, लाली निवासी फिरोजाबाद और काश्मीरा निवासी बदायूं के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी दूसरे राज्यों से गांजा लाकर दिल्ली-एनसीआर में बेचते थे। पुलिस के मुताबिक आरोपी गांजे की पुड़िया तैयार करते थे और स्थानीय युवाओं को सप्लाई करते थे। बरामद स्टेपलर, पिन और पॉलीथीन से यह स्पष्ट होता है कि मौके पर ही गांजा की पैकिंग कर बिक्री की जा रही थी। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि गांजा की सप्लाई कहां से की जाती थी और इसके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क तो सक्रिय नहीं है।

# गाजियाबाद में लड़की की बहादुरी से चोरी नाकाम

### चोर को ही दुकान में बंद किया

**गाजियाबाद, एजेंसी।**
गाजियाबाद के नेहरू नगर थर्ड में युवती की सूझबूझ और हिम्मत के चलते न सिर्फ चोरी की वारदात टल गई, बल्कि चोर भी पकड़ा गया। डेयरी में घुसे चोर को सीसीटीवी कैमरे में देखते ही युवती ने भागकर दुकान का शटर बंद कर दिया। चोर ने शटर उठाकर भागने की कोशिश की तो उसे तब तक दबोचे रखा, जब तक परिजन नहीं आ गए। परिजनों ने आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। नेहरू नगर थर्ड में रहने वाले विनोद कुमार का कहना है कि वह घर के पास ही मदर डेयरी की दुकान करते हैं। 19 जनवरी की शाम चार बजे दुकान बंद थी। दुकान का शटर डला हुआ था, लेकिन ताला नहीं लगा था। इसी का फायदा उठाकर एक युवक चोरी की नीयत से शटर उठाकर दुकान के अंदर घुस गया और दराज व गल्ला खोलने की कोशिश करने लगा। इसी दौरान दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में युवक की संदिग्ध गतिविधियां कैद हो गईं। विनोद कुमार के मुताबिक घर पर मौजूद बेटी ने दुकान में घुसे संदिग्ध को कैमरे में देखा तो उसने बिना देर किए साहसिक फैसला लिया। वह तुरंत दुकान पर पहुंची और आधा खुले शटर को जोर से गिराकर चोर को दुकान में बंद कर दिया। विनोद कुमार के मुताबिक दुकान में बंद चोर ने शटर उठाकर भागने की कोशिश की बेटी भिड़ गई और उसे दबोच लिया। इस बीच बेटी ने उन्हें और उनकी पत्नी को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी।

### मुंबई में बिहार भवन नहीं बनने देंगे

# राज ठाकरे की मनसे के नेता की नीतीश सरकार को धमकी

**मुंबई, एजेंसी।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में बनाए जाने वाले बिहार भवन को लेकर सियासत तेज हो गई है। राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के एक नेता ने नीतीश सरकार को धमकी दी है कि भवन का निर्माण किया जाएगा। इसमें कैंसर का इलाज कराने मुंबई आने वाले बिहार के मरीजों को ठहरने की विशेष सुविधा मिलेगी। इसका निर्माण जल्द शुरू होने की संभावना है।






जब तक मनसे है, मुंबई में बिहार भवन नहीं बनने दिया जाएगा। मनसे के कॉर्पोरेटर ने यशवंत किलेदार ने कहा कि महाराष्ट्र पहले से कई समस्याओं से जूझ रहा है। इसके बावजूद करोड़ों की राशि मुंबई में बिहार भवन बनाने पर खर्च कर दी जाएगी।

दरअसल, नीतीश सरकार द्वारा हाल ही में दिल्ली की तर्ज पर मुंबई में बिहार भवन बनाने का फैसला लिया था। इसके लिए नीतीश कैबिनेट से प्रस्ताव पारित किया गया था। लगभग 314 करोड़ रुपये की लागत से मुंबई के एलफिंस्टन एस्टेट में बिहार

राज ठाकरे की पार्टी के कॉर्पोरेटर (नगर सेवक) किलेदार ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि महाराष्ट्र में कई मुद्दे हैं, किसान चिंतित हैं, स्कूली शिक्षा महंगी हो गई है, महंगाई और बेरोजगारी है। इन पर ध्यान देने की बजाय मुंबई में 314 करोड़ रुपये बिहार भवन बनाने में खर्च किए जाएंगे। उन्होंने नीतीश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर उन्हें कैंसर के मरीजों पर पैसा खर्च करना है तो अपने बिहार में ही ऐसी व्यवस्था क्यों नहीं बनाती है।

# अखाड़ा परिषद ने कहा- उनके भीतर अहंकार बहुत है

### योगी पर शंकराचार्य की टिप्पणी से संतों में नाराजगी

**प्रयागराज, एजेंसी।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने मीडिया से बातचीत के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ पर गंभीर टिप्पणी की है। जिसकी अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद व मनसा देवी ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रविंद्रपुरी निंदा करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर टिप्पणी करना गलत है। क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दोष है कि उन्होंने राम मंदिर बनवाया। प्रयागराज की धरती पर माघ मेले का नहीं मिनी कुम्भ मेले का आयोजन हो रहा है। यहां पर शाही स्नान जैसी कोई बात नहीं होती है। करोड़ों की भीड़ को देखते हुए अगर प्रशासन ने रोका तो उसे मानना चाहिए था। इस पर अगर कोई आपत्ति है तो उस पर सरकार से बात करनी चाहिए। आखिर हमें कोई समस्या होती है तो सरकार से बात करते हैं। फिर यहां विरोध क्यों?





उन्होंने शंकराचार्य पर सीधी टिप्पणी करने से यह कह कर इनकार कर दिया कि उनके अंदर अहंकार बहुत अधिक है। यह पूछे जाने पर कि बटुकों को पीटा गया तो उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि यह गलत है लेकिन इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि इसमें सीएम का कोई कसूर नहीं है। पुलिस की व्यवस्था में लगे चार से पांच अधिकारी थे। जिसकी जांच कराकर कार्रवाई करने के लिए परिषद सीएम को पत्र लिख रहा है। वहीं, इस प्रकरण पर सतुआ बाबा ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर तीखी टिप्पणी की है। उन्होंने शंकराचार्य को सम्बोधित करते हुए कहा, 'गुरुजी आप जानते हैं कि बचपन से मैं आपके साथ रहा हूं। जब भी आपने देश और गंगा की बात की है, मैं हमेशा आपके साथ रहा हूं, लेकिन गोरक्षपीठ के संत के खिलाफ ऐसी टिप्पणी बर्दाश्त नहीं होगी।' उन्होंने चेताया कि हमारा संत समाज माला और भाला दोनों की भाषा जानता है।

**प्रयागराज की मर्यादा धूमिल हो रही है:** इस प्रकरण पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री महंत हरिगिरि ने कहा कि इस घटना से प्रयागराज की मर्यादा धूमिल हो रही है। कहा कि जिस दिन की घटना है वो प्रयागराज में नहीं थे। इस बारे में अधिक जानकारी नहीं है। लेकिन यह घटना नहीं होनी चाहिए थी। दोनों ही पक्षों को यह ध्यान रखना चाहिए कि प्रयागराज की मर्यादा बनी रहे।

# बहादुरगढ़ की जूता फैक्ट्री में भीषण आग 2 की जिंदा जलकर मौत, एक छत से कूदा

**चंडीगढ़, एजेंसी।** बहादुरगढ़ में आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र में स्थित जूतों की फैक्ट्री 817 में आज अल सुबह भीषण आग लग गई। आग में दो कर्मचारी जिंदा जल गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से झुलसे एक अन्य कर्मचारी आरिफ को उपचार के लिए जानकारी के अनुसार, गुरुवार को अल सुबह 4 बजे बहादुरगढ़ शहर के एमआईई पार्ट 1 में फैक्ट्री नंबर 817 उत्कर्ष इंटरप्राइजिज फैक्ट्री में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। फैक्ट्री के अंदर कर्मचारी सो रहे थे। इस अग्निकांड में सोएब



बहादुरगढ़ के जेजे अस्पताल में भर्ती किया गया है। मृतकों की पहचान अब्दुल अतावारिस और शोएब के रूप में हुई है। वे उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के पाली कस्बे के रहने वाले थे और दोनों आपस में चचेरे भाई थे। दोनों ही दो दिन पहले अपने गांव से बहादुरगढ़ काम पर लौटे थे। और अतावली जिंदा जल गए।

**जान बचाने को छत से लगाई छलांग**

वहीं, आरिफ ने जान बचाने के लिए छत से छलांग लगा दी। उसके हाथ, पैर और सिर में चोट आई है। उसे गंभीर हालत में जेजे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। आग लगने की सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। शार्ट सर्किट से ही आग लगने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिविल हॉस्पिटल भेज दिया गया है।

उत्कर्ष इंटरप्राइजिज फैक्ट्री का मालिक दिल्ली के सुल्तानपुरी निवासी नितेश गुप्ता है। पुलिस मौके पर पहुंची और आग लगने के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। एमआईई क्षेत्र की फैक्ट्रियों में पहले भी आग लगने की कई घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन यह हाल के दिनों का सबसे बड़ा हादसा है जिसमें दो लोगों की जान गई है।

करीब एक माह पहले भी एमआईई पार्ट-ए स्थित फ्री होल्ड प्लॉट में बनी एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई थी। फैक्ट्री में रखा कच्चा माल, तैयार जूते, मशीनें और अन्य सामान आग की भेंट चढ़ गया था। लगातार हो रही आग की घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था और फायर सेफ्टी इंतजामों पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

# पनीर तो 85 प्रतिशत मिलावटी, आटे के भी आधे सैंपल फेल

### ● गाजियाबाद में हुई जांच ने चौंकाया

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद जिले में मिलावटखोर लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। दूध से बने उत्पाद हो या फिर रोजमर्रा की थाली में शामिल अनाज, हर जगह मिलावट की जा रही। जांच रिपोर्ट में पनीर के 85.05 प्रतिशत और खोया के 67.86 प्रतिशत नमूने फेल मिले। अनाज और आटे के भी आधे से ज्यादा नमूने रिपोर्ट में फेल हो गए। शहर में त्योहारों के दिनों के साथ-साथ सामान्य दिनों में भी खाद्य पदार्थों में मिलावट की जा रही है। इसका खुलासा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की अप्रैल से दिसंबर तक की नौ माह की रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार पनीर, खोया और विभिन्न प्रकार के अनाज और उनसे बने आटे के अधिकांश नमूने मानकों पर खरे नहीं उतरे। बाजार में बने खाद्य पदार्थों सहित भोजन बनाने वाले पदार्थ जैसे सरसों तेल, रिफाइंड तेल, मसाले, दाल, आटा में भी मिलावट पाई गई। विभाग ने नौ महीने में 105 खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर पनीर के 144 नमूने लिए, इनमें से 107 सेंपल की रिपोर्ट में से 91 नमूने फेल पाए गए। वहीं, खोए के लिए भी 174 खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर 58 नमूने लिए, इनमें से 28 सेंपल की रिपोर्ट में से 19 के नमूने फेल पाए गए। इसी तरह घर में इस्तेमाल होने वाले विभिन्न प्रकार के अनाज और आटे के 117 नमूने लिए, जिसमें से 104 सेंपल की रिपोर्ट आई है इसमें से 61 नमूने फेल पाए गए। वहीं, अधिकारियों का कहना है कि खाद्य सुरक्षा विभाग अभियान चलाकर मिलावटखोरों पर नकेल कसता है।

# गुरुग्राम मेट्रो डिपो का काम अटका, सुप्रीम कोर्ट ने मार्बल मार्केट में तोड़फोड़ पर लगाया स्टे

**गुरुग्राम , एजेंसी।** ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो के डिपो का निर्माण फिलहाल अटक गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने सेक्टर-33 स्थित मार्बल मार्केट के दो व्यापारियों की याचिका पर तोड़फोड़ की कार्रवाई पर स्टे दे दिया है। इस मामले में अगली सुनवाई 30 जनवरी को होनी है। वहीं, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय से राहत नहीं मिलने से निराश और मार्बल व्यापारी भी सुप्रीम कोर्ट का रूख करने की तैयारी कर रहे हैं। बता दें कि करीब 45 एकड़ में प्रस्तावित मेट्रो डिपो में नौ एकड़ जमीन पर मार्बल मार्केट है। इस मार्केट में प्रत्येक दुकानदार को 206 वर्ग मीटर जमीन आवंटित थी। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने गत 29 दिसंबर को व्यापारियों के विरोध के बीच मार्बल मार्केट की 61 दुकानों को तोड़ दिया था। नई जगह मार्बल मार्केट विकसित नहीं होने पर अभी व्यापारी इस




जगह पर व्यापार कर रहे हैं। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय से राहत नहीं मिलने पर दो मार्बल व्यापारियों ने सर्वाच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। इसकी सुनवाई मंगलवार को हुई। अदालत ने तोड़फोड़ पर स्टे दे दिया है। मार्बल व्यापारियों ने अदालत को बताया था कि उनके साथ अन्याय हो रहा है। एचएसवीपी ने दुकान का कब्जा दिया था। आवंटन पत्र दिया था।

# कप्तानी डेब्यू पर सिराज को 8वें ओवर में मिला पहला विकेट



रंजी ट्रॉफी

## गिल की टीम के आगे जडेजा फेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रणजी ट्रॉफी 2025-26 के छठे राउंड में गुरुवार (22 जनवरी) को भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कप्तानी का डेब्यू किया। मुंबई खिलाफ मैच में हैदराबाद ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी, लेकिन कप्तान सिराज पहले सत्र में विकेट के लेने के लिए इंतजार करना पड़ा। सिराज के अलावा भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल और रविंद्र जडेजा भी रणजी ट्रॉफी के इस राउंड का हिस्सा हैं। दोनों आमने



सामने हैं और गिल की अगुआई वाली पंजाब के खिलाफ सौराष्ट्र की टीम संकट में है। वह पहले सत्र में ही 6 विकेट गंवा चुकी है। जडेजा भी पवेलियन लौट चुके हैं।

### सिराज विकेट के लिए जूझे

हैदराबाद के खिलाफ मुंबई ने अच्छी शुरुआत की। मुंबई ने 27 ओवर में 2 विकेट पर 66 रन बना लिए। अखिल हेरवाडकर के तौर पर मुंबई को पहला झटका लगा।

रोहित रायुडू ने उनका विकेट झटका। उन्होंने 71 गेंद पर 27 रन बनाए। मोहम्मद सिराज को आकाश आनंद का विकेट मिला।

उन्होंने 77 गेंद पर 35 रन बनाए। सिराज को पहला विकेट 8वें ओवर में मिला। उन्होंने 3 मेडन किए और 14 रन देकर 1 विकेट लिया। सिराज के अगुआई में नितीश कुमार रेड्डी भी खेल रहे हैं।

## भारत से हटाकर श्रीलंका में मैच कराने की मांग खारिज होने से पाकिस्तान निराश, बोला- टी20 वर्ल्ड कप खेलने से नहीं हटेंगे पीछे

**मुंबई, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के उस फैसले से पाकिस्तान में निराशा देखी जा रही है, जिसमें बांग्लादेश के आगामी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप के मैच तय कार्यक्रम के अनुसार भारत में ही कराने का निर्णय लिया गया है। सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तान इस मुद्दे पर बांग्लादेश का समर्थन जरूर कर रहा है, लेकिन टूर्नामेंट से हटने पर किसी भी तरह से विचार नहीं किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अपने टी20 वर्ल्ड कप मैचों को भारत से हटाकर श्रीलंका में कराने की मांग की थी, लेकिन आईसीसी ने इस अनुरोध को खारिज कर दिया।

# बांग्लादेश का भारत में टी-20 वर्ल्ड कप खेलने से इनकार

## आईसीसी ने वेन्यू और ग्रुप बदलने की मांग खारिज की थी, स्कॉटलैंड को मिल सकता है मौका

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश ने भारत में टी-20 वर्ल्ड कप खेलने से इनकार कर दिया है। मीडिया सूत्रों के अनुसार बीसीबी के प्रेसिडेंट अमीनुल इस्लाम ने कहा है कि हम टी-20 वर्ल्ड कप खेलना चाहते हैं, लेकिन भारत में नहीं। हम आईसीसी से एक बार फिर बात करेंगे और कहेंगे कि वे हमारी चिंताओं पर ध्यान दें।

एक दिन पहले 21 जनवरी को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को भारत में वर्ल्ड कप खेलने पर फैसला करने के लिए एक दिन की मोहलत दी थी।

आईसीसी ने बोर्ड मीटिंग में बीसीबी की वेन्यू बदलने की मांग भी खारिज कर दी थी। बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अपने मैच भारत की बजाय श्रीलंका में मैच कराने को कहा था।



### स्कॉटलैंड को मौका मिलना लगभग तय

बांग्लादेश के वर्ल्ड कप से हटने के बाद स्कॉटलैंड मिलना लगभम तय है। हालियो मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि स्कॉटलैंड को रैंकिंग के आधार पर वर्ल्ड कप में मौका दिया जा सकता है। जैसा कि 2009 में जिम्बाब्वे के हटने पर हुआ था।

### पाकिस्तान ने समर्थन किया था, लेकिन बहिष्कार नहीं

एक दिन पहले बांग्लादेश को उम्मीद थी कि पीसीबी उसके समर्थन में टूर्नामेंट का बहिष्कार करेगा। पाकिस्तानी बोर्ड ने आईसीसी बोर्ड मीटिंग में सपोर्ट भी किया, लेकिन टूर्नामेंट से हटने की बात नहीं कही।

### 7 फरवरी को बांग्लादेश का पहला मैच

टी-20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में खेला जाना है। टूर्नामेंट में बांग्लादेश को ग्रुप-सी में रखा गया है। उसके तीन ग्रुप मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेले जाने हैं। टीम का आखिरी ग्रुप स्टेज मैच मुंबई में होना है।

### वर्ल्ड कप से हटने से क्या नुकसान?

आईसीसी रैंकिंग में नुकसान होगा बांग्लादेशी टीम को आईसीसी की टी-20 रैंकिंग पर नुकसान होगा। अन्य टीमें रैंकिंग पॉइंट्स हासिल करेंगी, जबकि बांग्लादेश की स्थिति स्थिर रह जाएगी। वहां के प्लेयर्स की रैंकिंग भी कम होगी। भारत-बांग्लादेश क्रिकेट संबंध खराब होंगे भारत और बांग्लादेश के क्रिकेट संबंध खराब हो जाएंगे। जिस तरह से भारतीय टीम पाकिस्तान से द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेलती है। वैसे ही इंडिया बांग्लादेश दौरे से इनकार कर सकता है। आईपीएल में बांग्लादेशी क्रिकेटर्स बैन हो सकते हैं वर्ल्ड कप से हटने के बाद भारतीय बोर्ड बांग्लादेशी प्लेयर्स के आईपीएल खेलने पर रोक लगा सकता है। बीसीसीआई ने पाकिस्तान के खिलाड़ियों को आईपीएल से बैन कर रखा है। बीसीबी को फाइनेंशियल नुकसान टूर्नामेंट से हटने पर बीसीबी को आईसीसी से मिलने वाली करीब 5 लाख अमेरिकी डॉलर की भागीदारी राशि नहीं मिलेगी। खिलाड़ियों को मैच फीस, पुरस्कार राशि और प्रदर्शन आधारित भुगतान नहीं होंगे। बीसीबी को प्लेयर्स का विरोध झेलना पड़ सकता है बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने कहा था कि वर्ल्ड कप के मामले पर समझदारी से फैसला लेना चाहिए। क्योंकि, इसका असर भविष्य की पीढ़ियों पर पड़ेगा।

क्रिकेट वर्ल्ड में बांग्लादेश अलग-थलग हो सकता है वर्ल्ड कप से हटने के बाद बांग्लादेश क्रिकेट की दुनिया में अलग-थलग हो सकता है। क्योंकि, बीसीसीआई का क्रिकेट वर्ल्ड में दबदबा है। इसका असर एक दिन पहले आईसीसी की मीटिंग में देखने को मिला। जब वेन्यू बदलने की मांग पर बांग्लादेश को दो और भारत को 14 वोट मिले थे।

चैंपियंस लीग

## केन के दो गोल से बायर्न म्यूनिख ने मेंरॉयल यूनियन सेंट-गिलोइस को हराया

**बर्लिन (एजेंसी)।** आखिरी 30 मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही बायर्न म्यूनिख ने हैरी केन ने दूसरे हाफ में किए गए दो गोल की बदौलत रॉयल यूनियन सेंट-गिलोइस पर 2-0 से जीत हासिल दर्ज की। बुधवार को खेले गये मुकाबले में बायर्न ने अच्छी शुरुआत की और दूसरे ही मिनट में बढ़त बनाने के करीब पहुंच गया



जब लुइस डियाज एरिया में घुसे और केन को पास दिया, लेकिन यूनियन के गोलकीपर केजेल शेर्पेन ने शानदार बचाव किया। दोनों टीमें कई प्रयासों के बावजूद पहले हाफ में गोल करने में विफल रहीं।

ब्रेक के बाद बायर्न के लिए केन ने 52वें मिनट में हेडर से गोल किया और तीन मिनट बाद उसने पेनल्टी को गोल में बदलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। बायर्न का कंट्रोल तब मुश्किल में पड़ गया जब 63वें मिनट में किम मिन-जे को दूसरा पीला कार्ड मिलने पर बाहर भेज दिया गया। यूनियन ने आगे बढ़ने का प्रयास करते हुए मौके बनाने के लिए संघर्ष किया, जबकि बायर्न ने जवाबी हमला किया। केन लगभग हैट्रिक पूरी करने ही वाला था, लेकिन उसने देर से मिली पेनल्टी को क्रॉसबार पर मार दिया।

## सिंधू और लक्ष्य इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**जकार्ता (एजेंसी)।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने गुरुवार को यहां सीधे गेम में जीत हासिल करके इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। लक्ष्य ने हांगकांग के जेसन गुनावन को आधे घंटे से कुछ अधिक समय तक चले मुकाबले में 21-10 21-11 से हराया।



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने अपने प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में डेनमार्क की अपनी जानी-पहचानी प्रतिद्वंदी लाइन होजमार्क कजेरफेल्ड पर 21-19 21-18 से जीत दर्ज की। यह मैच 43 मिनट तक चला। डेनमार्क की खिलाड़ी के खिलाफ अब तक हुए छह मुकाबलों में सिंधू की यह पांचवीं जीत थी।

## बाबर आजम ने बीबीएल बीच में छोड़ा, खराब आंकड़ों के साथ लौटे पाकिस्तान

**सिडनी (एजेंसी)।** सिडनी सिक्सर्स ने गुरुवार को कहा कि बाबर आजम बिग बैश लीग-15 फाइनल सीरीज के बाकी मैचों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे क्योंकि वह आने वाले इंटरनेशनल मैचों की तैयारी शुरू करने के लिए अपनी नेशनल टीम में शामिल होने के लिए पाकिस्तान लौट रहे हैं। सिक्सर्स ने पुष्टि की है कि डेनियल ह्यूजेस टीम में बाबर की जगह लेंगे और सीधे ओपनर के तौर पर खेलेंगे। सिक्सर्स ने एक बयान में कहा, आने वाले इंटरनेशनल मैचों से पहले बाबर आज़म को पाकिस्तान के नेशनल कैंप में शामिल होने के लिए वापस बुलाया गया है। वह बीबीएल 15 फाइनल सीरीज़ के बाकी मैचों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। बाबर ने बीबीएल क्लब में रहने के दौरान अपने सपोर्ट के लिए सभी फैंस को धन्यवाद भी दिया। सिक्सर्स द्वारा एक्स पर शेयर किए गए एक वीडियो में उन्होंने कहा, सबसे पहले मुझे मौका देने के लिए सिडनी सिक्सर्स का बहुत-बहुत धन्यवाद। सभी लड़कों और सभी कोचों के साथ मैंने अपने समय का बहुत आनंद लिया। दुर्भाग्य से अब मुझे नेशनल ड्यूटी के लिए टीम छोड़नी होगी।

डब्ल्यूपीजीटी 2026

## दूसरे लेग के पहले दिन रिद्धिमा ने स्नेहा पर बढ़त बनाई

**अहमदाबाद, एजेंसी।** विमेंस प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) 2026 के पहले चरण में एक सप्ताह पहले उपविजेता रहीं रिद्धिमा दिलावरी ने अहमदाबाद के कल्हार ब्लूज एंड ग्रीन्स में खेले जा रहे दूसरे चरण के पहले राउंड में एक शॉट की बढ़त हासिल कर ली है। बुधवार को रिद्धिमा ने अंतिम 8 होल्स में संयमित खेल का प्रदर्शन किया। सीजन के दूसरे टूर्नामेंट की शुरुआत में रिद्धिमा ने दो बार लगातार बर्डी लगाई। उन्होंने पहले 7वें और 8वें होल पर बर्डी लगाई, जिसके बाद फिर 14वें और 15वें होल पर ऐसा किया। हालांकि, उन्होंने 5वें और 10वें होल पर एक-एक शॉट गंवाया, लेकिन इसके बावजूद वह 2 अंडर 70 के स्कोर के साथ राउंड पूरा करने में सफल रहीं। स्नेहा सिंह पहले लेग में अच्छे प्रदर्शन न कर पाने की भरपाई करना चाहती थीं। उन्होंने बोगी-फ्री राउंड खेला, लेकिन सिर्फ एक बर्डी के साथ, वह 1-अंडर 71 पर रहीं और रिद्धिमा से दूसरे स्थान पर रहीं। छह खिलाड़ी, जिनमें 2025 ऑर्डर ऑफ मेरिट विजेता वाणी कपूर, जहान्वी बख्शी, नयनिका सांगा, एमेच्योर महरीन भाटिया, करिश्मा गोविंद और रूकी प्रो सान्वी सोमू शामिल हैं, सभी 1-ओवर 73 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहीं।



रिद्धिमा इस साल वीमेंस प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) और आईजीपीएल के घरेलू इवेंट्स पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रही हैं। उन्होंने पार-5 पांचवें होल पर एक शॉट गंवाने से पहले चार पार के साथ शुरुआत की। रिद्धिमा ने 7वें और 8वें होल पर बर्डी बनाकर इसकी भरपाई की। 10वें होल पर एक और शॉट गंवाने का मतलब था कि वह फिर से इवन पार पर थीं। 14वें और 15वें होल पर लगातार बढ़त ने अंडर-पार राउंड और बढ़त सुनिश्चित की। 2025 में दो खिताब जीत चुकीं स्नेहा सिंह ने लगातार 15 होल पार खेले, इसके बाद पार-3 16वें होल पर बर्डी लगाकर राउंड की अपनी एकमात्र बर्डी हासिल की। उन्होंने अंतिम दो होल भी पार खेले और 71 के स्कोर के साथ राउंड समाप्त किया। अमनदीप ने दो बर्डी लगाई, हालांकि एक डबल बोगी के कारण उनका स्कोर प्रभावित हुआ, जबकि एमेच्योर जारा ने बोगी के साथ शुरुआत की और राउंड में 17वें होल पर एक और बोगी लगाई। संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहीं छह खिलाड़ियों में शामिल नयनिका सांगा ने सबसे ज्यादा पांच बर्डी लगाई, लेकिन उनके नाम चार बोगी भी रहीं।

मुजीब की टी-20 इंटरनेशनल में पहली हैट्रिक

## अफगानिस्तान ने वेस्टइंडीज को 39 रन से हराया, सीरीज अपने नाम की

**नई दिल्ली।** मुजीब, राशिद खान और करीम जनत के बाद टी-20 इंटरनेशनल में हैट्रिक लेने वाले तीसरे अफगानिस्तानी बॉलर बने। अफगानिस्तान ने दुबई में खेले गए दूसरे टी-20 में वेस्टइंडीज को 39 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ अफगानिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। स्पिनर मुजीब उर रहमान ने अपने टी-20 करियर की पहली हैट्रिक ली। जबकि सेदीकुल्लाह अटल और दरविश रसूली ने अर्धशतक लगाए। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। अफगानिस्तान ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 189 रन बनाए। वेस्टइंडीज की टीम 18.5 ओवर में 150 रन पर ऑलआउट हो गई। अफगान टीम ने पहला मैच 38 रन से जीता था। सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला आज शाम दुबई में ही खेला जाएगा।



अटल -रसूली के बीच 115 रन की साझेदारी पहले बैटिंग करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही और 4.5 ओवर में टीम का स्कोर 37/2 था। इसके बाद सेदीकुल्लाह अटल और दरविश रसूली ने तीसरे विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी कर टीम को संभाला। अटल ने 42 गेंदों में 53 रन बनाए, जिसमें 2 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। रसूली ने 39 गेंदों में 68 रन की पारी खेली, उन्होंने 5 चौके और 3 छक्के लगाए। अंत में ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई ने 13 गेंदों में नाबाद 26 रन की तेज पारी खेली। उनकी पारी में एक चौका और दो छक्के रहे। वेस्टइंडीज की ओर से मैथ्यू फोर्डे ने 4 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट लिए। शमार जोसेफ और रेमन सिमंड्स को एक-एक विकेट मिला।

सेदीकुल्लाह अटल और दरविश रसूली ने तीसरे विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी की। मुजीब को प्लेयर ऑफ द मैच चुना 190 रन के टारगेट का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम ने 8 ओवर में 38 रन पर ही 3 विकेट गंवा दिए।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन: मैडिसन कीज, जाकुब मेंसिक और जोकोविच तीसरे राउंड में

**मेलबर्न (एजेंसी)।** डिफेंडिंग चैंपियन मैडिसन कीज और वर्ल्ड नंबर-16 जाकुब मेंसिक और नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे राउंड में जगह बना ली है। गुरुवार को जॉन केन एरीना में खेले गए विमेंस सिंगल्स मुकाबले में नौवीं वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज ने अपनी हमवतन ऐशलिन क्रूगर को 6-1, 7-5 से हराया।



कीज ने पहला सेट आसानी से जीता, लेकिन दूसरे सेट में वह 2-5 से पीछे चल रही थीं। इसके बावजूद उन्होंने शानदार वापसी करते हुए लगातार गेम जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।

**जोकोविच ने फ्रांसेस्को मैस्ट्रेल्ली को हराया-** मेलबर्न में खेले जा रहे ऑस्ट्रेलियन ओपन में रिकॉर्ड 10 बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने गुरुवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर का मुकाबला आसानी से जीत लिया। चौथी वरीयता प्राप्त जोकोविच ने इटली के फ्रांसेस्को मैस्ट्रेल्ली को सीधे सेटों में 6-3, 6-2, 6-2 से हराया।

**पहले सेट में संघर्ष, फिर पूरा दबदबा-** जोकोविच को पहला सेट जीतने के लिए 7 सेट पॉइंट लगाने पड़े और 47 मिनट में उन्होंने यह सेट अपने नाम किया। इसके बाद मुकाबले पर उनका पूरा नियंत्रण रहा।

## देसी अंदाज में होंगी रेसलर दीपक की विवाह रस्में

### झज्जर में 7 दिन पहले बान होंगे, देसी-घी का चूरमा परोसेंगे; मंगेतर पीएससी की तैयारी कर रहीं

**झज्जर (एजेंसी)।** ओलिंपियन रेसलर दीपक पूनिया 3 फरवरी को विवाह बंधन में बंधने जा रहे हैं। उन्होंने ठेठ देसी अंदाज में शादी की रस्में निभाने का फैसला लिया है। सारी रस्में झज्जर के गांव छारा में होंगी। 7 दिन पहले बान बैठाएंगे। बिना दहेज शादी होगी। मेहमानों को भी देसी घी का चूरमा, दूध जलेबी जैसे व्यंजन परोसे जाएंगे। सारा खाना देसी घी में ही तैयार होगा। दीपक आर्मी में सूबेदार हैं। उनका रिश्ता पिता के पुराने दोस्त की बेटी शिवानी से तय हुआ। दोनों की रिंग सेरेमनी 28 सितंबर 2025 को हुई थी। रिंग सेरेमनी प्रोग्राम में सिर्फ दोनों परिवार और करीबी ही शामिल हुए।



शिवानी पीएससी की तैयारी कर रही हैं। उनका आईएएस अफसर बनने का सपना है। शिवानी और दीपक के पिता अच्छे दोस्त हैं। दोनों परिवारों ने दोस्ती को आगे बढ़ाते हुए दोनों बच्चों का रिश्ता तय किया। शादी समारोह में आने वाले मेहमानों में लंबी लिस्ट पहलवानों की ही है। इसलिए सारा खाना देसी घी में तैयार होगा। शुद्धता पर खास ध्यान होगा।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत का हाईएस्ट टी-20 स्कोर

**नागपुर (एजेंसी)।** भारत ने नागपुर में खेले गए पहले टी-20 इंटरनेशनल में न्यूजीलैंड को 48 रन से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। बुधवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 7 विकेट पर 238 रन बनाए, जो न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत का अब तक का सबसे बड़ा टी-20 स्कोर है। लक्ष्य का पीछा करते हुए कीवी टीम 190 रन ही बना सकी।

इस जीत के सबसे बड़े हीरो रहे अभिषेक शर्मा, जिन्होंने 84 रनों की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने चौथी बार एक पारी में 8 या उससे ज्यादा छक्के लगाए। वहीं न्यूजीलैंड की पारी की शुरुआत में ही भारत को बड़ी सफलता मिली, जब पहले ओवर में संजू सैमसन ने डेवोन कॉन्वे का एक हाथ से डाइविंग कैच लपक लिया।



नागपुर में भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना अब तक का सबसे बड़ा स्कोर 238/7 रन बनाया। इससे पहले भारत का बेस्ट स्कोर 234/4 रन था, जो अहमदाबाद में 2023 में बना था। न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत ने 5 बार 200+ का स्कोर बनाया है। सूर्यकुमार यादव ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने डेब्यू के बाद सिर्फ 1774 दिनों में अपना 100वां टी-20 मैच खेल लिया, जो फुल मेंबर देशों के खिलाड़ियों में इस मुकाम तक पहुंचने का सबसे तेज रिकॉर्ड है।

## न्यूज बाइट्स

### गुरु गोष्ठी में प्रधानाध्यापकों ने लिया ऐतिहासिक निर्णय

**ठाकुर गंगटी (गोड्डा)(नि. सं.)।** प्रखंड मुख्यालय चौक के निकट स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय ठाकुर गंगटी में गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की मासिक गुरु गोष्ठी हुई। गोष्ठी में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मोहम्मद रफीक आलम ने कहा कि सभी प्रधानाध्यापक शिक्षा विभाग के नियमानुसार शैक्षणिक सहित सभी प्रकार के कार्यों को समय पर पूर्ण करें। दैनिक पंजी, रोकड़ पंजी आदि का नियमित संधारण करने करें। मीनू के आधार पर मध्यान भोजन का संचालन करने, बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल कूद कराने और संस्कार सिखाने का भी दिशा निर्देश दिया। कहा आज बहुत बड़े सौभाग्य की बात है कि इस प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय खरखोदिया को केंद्र के आधार पर राज्य और देश स्तर का पुरस्कार मिल रहा है। बैठक में मध्यान भोजन सहित विभिन्न प्रकार का उपयोगिता प्रमाण पत्र रिपोर्ट आदि जमा लिया गया। दिन के बाद ही विद्यालय छोड़ने को कहा।

### सीनियर अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए ट्रायल मैच का आयोजन

**ठाकुर गंगटी (गोड्डा)(नि. सं.)।** झारखण्ड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए ट्रायल मैच का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन जेएससीए के पूर्व उपाध्यक्ष सह वर्तमान धनबाद क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मनोज सिंह एवं गोड्डा के वरिष्ठ क्रिकेटर धर्मेंद्र नारायण के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। जेएससीए के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि गोड्डा की अंडर 19 टीम ने शानदार जीत दर्ज की है अब सीनियर टीम की बारी है। आपसे भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। गोड्डा के वरिष्ठ क्रिकेटर धर्मेंद्र नारायण ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बेहतर प्रदर्शन से अपना और अपने जिले का नाम रौशन कीजिए।गोड्डा की टीम अभी सभी फॉर्मेट में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। सचिव रंजन कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि जिला क्रिकेट लीग एवं गोड्डा प्रीमियर लीग में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 30 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है जिनके बीच ट्रायल मैच का आयोजन कराया जा रहा है।

# 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजित

## उपायुक्त ने दिलाई मतदाता प्रतिज्ञा

• मतदान को अधिकार के साथ प्रत्येक नागरिक का महत्वपूर्ण कर्तव्य बताया गया।

निज संवाददाता | गोड्डा




16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस–2026 के अवसर पर गुरुवार को समाहरणालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने उपस्थित पदाधिकारियों, कर्मियों एवं आमजनों को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा एवं सुदृढ़ लोकतंत्र के निर्माण हेतु मतदाता प्रतिज्ञा दिलाई।

मतदाता प्रतिज्ञा के माध्यम से सभी को यह संकल्प दिलाया गया कि वे संविधान में निहित लोकतांत्रिक परंपराओं, मूल्यों एवं आदर्शों में अपनी आस्था रखते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर प्रत्येक चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे तथा किसी भी प्रकार के प्रलोभन से दूर रहकर लोकतंत्र को मजबूत बनाएंगे। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य नागरिकों, विशेषकर युवाओं को मतदाता सूची में नामांकन एवं मतदान के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का महत्वपूर्ण कर्तव्य भी है। अधिक से अधिक नागरिकों की भागीदारी से ही लोकतंत्र सशक्त बनता है।

कार्यक्रम के दौरान निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं मतदाता जागरूकता से संबंधित विषयों पर भी प्रकाश डाला गया। साथ ही उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों से यह अपेक्षा की गई कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त , पुलिस अधीक्षक, गोड्डा, सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा 15 नए मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र वितरित किया गया। अवसर पर पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार, अपर समाहर्ता प्रेमलता मुर्मू, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रितेश जयसवाल , जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी अभय कुमार झा, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिला टुडू, जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अन्य पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य सहित जिला निर्वाचन विभाग के कर्मीगण मौजूद रहे।

# सिविल सर्जन कार्यालय में झांसा की अहम बैठक, कई अहम प्रस्तावों पर बनी सहमति

• जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों से जुड़े चिकित्सक और झांसा के पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए

निज संवाददाता | गोड्डा



जिले के सिविल सर्जन कार्यालय परिसर में गुरुवार को झारखंड राज्य स्वास्थ्य सेवा संघ (झांसा) की एक महत्वपूर्ण बैठक सिविल सर्जन डॉ. सुभाष चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रमंडलीय उपाध्यक्ष डॉ. मोहन पासवान विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों से जुड़े चिकित्सक एवं झांसा के पदाधिकारी शामिल हुए।

बैठक के दौरान स्वास्थ्य सेवा से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि झारखंड राज्य में भी केंद्र सरकार एवं बिहार राज्य की तर्ज पर चिकित्सकों को पदोन्नति की सुविधा दी जाए, ताकि चिकित्सकों का मनोबल बढ़े और सेवा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सके। इसके साथ ही यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि झारखंड के प्रत्येक जिले में झांसा की मासिक बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाए, जिससे जमीनी स्तर की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो सके। बैठक में क्लिनिकल प्रोटेक्शन एक्ट (सीपीए) को अविलंब लागू करने की मांग को भी प्रमुखता से उठाया गया।

बैठक के दौरान गुमला जिले में सिविल सर्जन एवं जिला स्वास्थ्य पदाधिकारी (सीएस-डीएस) के साथ घटित दुर्भाग्यपूर्ण घटना की कड़े शब्दों में निंदा की गई। झांसा ने इस घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया कि संगठन इस प्रकार की घटनाओं का पुरजोर विरोध करता है और चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग करता है। वहीं अध्यक्षता कर रहे सिविल सर्जन डॉ. सुभाष चंद्र शर्मा ने कहा कि चिकित्सक समाज पूरी निष्ठा के साथ जनता की सेवा में जुटा है, ऐसे में उनकी जायज मांगों पर सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। वहीं प्रमंडलीय उपाध्यक्ष डॉ. मोहन पासवान ने संगठन की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि झांसा चिकित्सकों के हितों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करता रहेगा।बैठक का समापन संगठनात्मक मजबूती और भविष्य की रणनीति पर विचार-विमर्श के साथ किया गया।

# झारखंड दिवस की तैयारी को लेकर गांधी मैदान का निरीक्षण



निज संवाददाता | दुमका

बसंत सोरेन ने आगामी 2 फरवरी को झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से आयोजित 47वें झारखंड दिवस समारोह की तैयारी को लेकर गुरुवार को दुमका स्थित गांधी मैदान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ पार्टी के कई कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। विधायक ने मैदान की व्यवस्था, मंच, बैठने की सुविधा और कार्यक्रम स्थल से जुड़ी अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

विधायक बसंत सोरेन ने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का 47वां झारखंड दिवस इस बार भव्य और ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड दिवस केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि यह राज्य के निर्माण से जुड़े संघर्ष, त्याग और संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि सभी अनुशासन और एकजुटता के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि इस समारोह में झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी सांसद, विधायक और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे, जिससे कार्यक्रम की भव्यता और गरिमा और बढ़ेगी।

निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और सफल बनाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए, ताकि झारखंड दिवस का आयोजन पूरी गरिमा और उत्साह के साथ संपन्न हो सके।

# जिला युवा कांग्रेस की प्रथम कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

**गोड्डा (नि. सं.)।** जिला परिषदन में गुरुवार को झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार गौरव की गरिमामयी उपस्थिति में गोड्डा जिला युवा कांग्रेस की प्रथम कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष शशी कुमार ने किया। इस अवसर पर पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तथा मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष कुमार गौरव ने युवाओं से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा कि युवा कांग्रेस की भूमिका आने वाले समय में और अधिक निर्णायक होगी। विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि युवा कांग्रेस सामाजिक सरोकारों और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाए, जिससे आम जनता को लाभ मिल सके।

# ऑडिशन में रिकॉर्ड 54 संस्थानों की रही प्रतिभागिता





निज संवाददाता | गोड्डा

जिला प्रशासन के तत्वावधान में 27 से 31 जनवरी तक प्रति शाम 6 से 9 बजे तक प्रस्तावित गणतंत्र दिवसीय सांस्कृतिक समारोह हेतु श्रेष्ठ प्रस्तुतियों के चयन को लेकर गुरुवार को स्थानीय भतडीहा अवस्थित नगर भवन में एक दिवसीय ऑडिशन का आयोजन किया गया।

ऑडिशन रिकॉर्ड 54 की संख्या में सरकारी एवं निजी विद्यालय के अलावा, कोचिंग, डांस एकेडमी के प्रतिभागी सहित स्वतंत्र प्रतिभागी शामिल हुए। उक्त आशय की जानकारी देते हुए ऑडिशन के संयोजक सुरजीत झा ने बताया कि ऑडिशन में चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल, द स्टडी डांस स्टूडियो, डिवाइन हैप्पी पब्लिक स्कूल, उच्च विद्यालय सैदापुर, नव प्रभात मिशन स्कूल, सीकेश इंग्लिश कोचिंग, दोन बोस्को स्कूल, ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल, लॉवेल एकेडमी, गुरुकुल डांस एकेडमी साई म्यूजिक बैंड, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रायना पब्लिक स्कूल, सेंट जोसेफ स्कूल, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय बसंतराय, जावा किड्स प्ले स्कूल, एस आर पब्लिक स्कूल, डी डांस एकेडमी, डी ए वी गोड्डा, मधुस्थली पब्लिक स्कूल, बेथेल मिशन स्कूल, भारत भारती पब्लिक स्कूल, इग्नू, रेनबो म्यूजिकल ग्रुप, टेंडर हर्ट पब्लिक स्कूल, संस्कार भारती पब्लिक स्कूल, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका आवासीय विद्यालय गोड्डा, सेंट थॉमस स्कूल गोड्डा, आवाज महल, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सुंदर पहाड़ी, नटराज डांस एकेडमी, डांस प्रेमी कला केंद्र, सीएमएसओइ प्लस टू गोड्डा गर्ल्स, ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल, आदर्श पब्लिक स्कूल, समर्थ सेवा क्लब, कस्तूबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पोड़ैयाहाट, द लक्ष्य एकेडमी, पीएम श्री कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय महागामा, मॉडल स्कूल गोड्डा, पी एंड डी डांस एकेडमी, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पथरगामा, डॉल्फिन डांस एकेडमी, पथारगाम कॉलेज, सरगम म्यूजिकल इंस्टीट्यूट, साज म्यूजिकल स्कूल, नगर परिषद गोड्डा, बाल विकास विद्यालय, उच्च विद्यालय रतौरा एवं ज्ञान स्टडी सेंटर के नाम शामिल हैं। चयन समिति में जामताड़ा के प्रसिद्ध कोरियोग्राफर विजय कुमार सिंह, पोड़ैयाहाट की प्रसिद्ध गायिका अर्पणा कुमारी एवं स्थानीय प्रसिद्ध गायक अभिजीत सरकार शामिल थे।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक कुमार, आयोजन समिति सदस्य अबुल कलाम आज़ाद, संजीव कुमार झा, मनीष कुमार सिंह, मो. इस्लाम, मो. इम्तियाज भारती, अमरेंद्र सिंह बिट्टू एवं संगीता कुमारी के अलावा अमित राय, अखिल कुमार झा, उर्मिला कुमारी सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे। संयोजक श्री झा ने बताया की श्रेष्ठ प्रस्तुतियों का संकलन कर उसको अंतिम रूप देते हुए शुक्रवार शाम तक सूची को सार्वजनिक कर दिया जाएगा।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर समाहरणालय सभागार में मतदाता शपथ ग्रहण का आयोजन

• अधिकारियों व कर्मियों को दिलाई गई लोकतांत्रिक मूल्यों की शपथ

निज संवाददाता | दुमका



गुरुवार को दोपहर करीब 1 बजे दुमका समाहरणालय सभागार में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने की। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों को मतदाता शपथ दिलाई। शपथ के माध्यम से सभी ने संविधान में निहित लोकतांत्रिक मूल्यों, परंपराओं और आदर्शों में आस्था रखते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक होकर प्रत्येक चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लिया। साथ ही किसी भी प्रकार के प्रलोभन से दूर रहकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई गई। उप विकास आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि मतदान लोकतंत्र की मजबूती का आधार है और यह प्रत्येक नागरिक का महत्वपूर्ण कर्तव्य है।

उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था तभी सशक्त होती है, जब अधिक से अधिक नागरिक मतदान प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। उन्होंने अधिकारियों और कर्मियों से अपील की कि वे न केवल स्वयं मतदान करें, बल्कि अपने-अपने कार्यक्षेत्र में आम नागरिकों, विशेषकर युवाओं को भी मतदान के प्रति जागरूक करें।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया और यह संदेश दिया गया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया में सभी की सहभागिता आवश्यक है। उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों ने भी लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण और सुदृढ़ लोकतंत्र के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प व्यक्त किया।

# अनुमंडल स्तर पर बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित




निज संवाददाता | महागामा (गोड्डा)

संवाददाता अनुमंडल क्षेत्र में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर एक महत्वपूर्ण अनुमंडलस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बाल विवाह जैसी कुप्रथा के प्रति जागरूकता फैलाना एवं इसे जड़ से समाप्त करने के लिए सभी संबंधित विभागों को सक्रिय करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) आलोक वरण केसरी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध है और इससे बच्चों, विशेषकर बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सभी को बाल विवाह की सूचना मिलने पर तुरंत प्रशासन को अवगत कराने की अपील की। इस मौके पर अनुमंडल क्षेत्र के सभी बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) उपस्थित रहे। उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क रहते हुए बाल विवाह की संभावनाओं की पहचान करने तथा समय रहते रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह निषेध अधिनियम, इससे जुड़ी कानूनी धाराओं तथा सामाजिक जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। अंत में सभी उपस्थित कर्मियों ने बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# 34वां वार्षिक दो दिवसीय अधिवेशन कोठया मुडियार में श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न

निज संवाददाता | दुमका



34वां वार्षिक दो दिवसीय अधिवेशन कोठया मुडियार में श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। दो दिवसीय अधिवेशन के दौरान प्रातः काल से भजन-कीर्तन, संत स्तुति, गुरु विनती तथा पवित्र ग्रंथ सत्संग योग का पाठ किया गया। वहीं अपराह्न काल में भजन-कीर्तन के साथ पवित्र रामचरितमानस का पाठ हुआ, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना रहा।

इस अवसर पर सिद्धपीठ महर्षि मेंही आश्रम, कुप्पाघाट भागलपुर से पधारे पूज्य स्वामी भागीरथी दास जी महाराज ने कहा कि बड़े भाग्य से मनुष्य शरीर की प्राप्ति होती है। सभी शास्त्रों में बताया गया है कि यह शरीर देवताओं के लिए भी दुर्लभ है। उन्होंने कहा कि सत्संग में आना और सत्संग की गंगा में स्नान करना सौभाग्यशाली लोगों को ही प्राप्त होता है। सत्संग से मानव अपने जीवन को इहलोक और परलोक दोनों में सफल बनाता है। सत्संग के बिना मानव जीवन अधूरा है, इसलिए सभी को नित्य सत्संग, ज्ञान और भजन करते रहना चाहिए।

इसी विषय पर पूज्य स्वामी प्रमोद जी महाराज ने कहा कि सत्संग सत्य की संगति है। संत-महात्माओं के प्रवचन सुनना, शास्त्रों का अध्ययन करना और सदमार्ग पर चलने वालों का साथ मन को शुद्ध करता है, विवेक को जाग्रत करता है और आध्यात्मिक उन्नति में सहायक होता है। सत्संग से जीवन का उद्देश्य स्पष्ट होता है और ईश्वर की ओर बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस दो दिवसीय अधिवेशन में दुमका, गोड्डा, पाकुड़ सहित पड़ोसी राज्य बिहार और पश्चिम बंगाल से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम दुमका जिला संतमत सत्संग समिति द्वारा पूज्य स्वामी अरण्यानंद भिक्षु जी महाराज के सानिध्य में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# आपसी विवाद में दो भाइयों के बीच मारपीट, एक गंभीर घायल

निज संवाददाता | भैरोपुर(दुमका)

थाना क्षेत्र के भैरोपुर गांव में गुरुवार को आपसी विवाद को लेकर दो भाइयों के बीच मारपीट की घटना सामने आई है, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में घायल दुजन कुमार मंडल ने जामा थाना में आवेदन देकर अपने भाई प्रमोद कुमार मंडल और भतीजा विनोद कुमार मंडल पर मारपीट का आरोप लगाया है।

आवेदन में बताया गया है कि आरोपियों ने उनके घर का दरवाजा तोड़ दिया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो दोनों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि प्रमोद कुमार मंडल ने लोहे की रॉड से उनके सिर पर वार किया, जिससे उनका सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के दौरान प्रमोद कुमार मंडल की पत्नी अनिता देवी द्वारा भी मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है। घटना के बाद घायल दुजन कुमार मंडल को जामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए दुमका अस्पताल रेफर कर दिया।

जामा थाना पुलिस ने पीड़ित के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# गणतंत्र क्रीड़ा सप्ताह समारोह का साइकिल रेस के साथ हुआ आगाज

## ब्रजेश हेंब्रम बना साइकिल रेस का चैंपियन

• हरियारी के ब्रजेश हेंब्रम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

निज संवाददाता | गोड्डा



गणतंत्र क्रीड़ा सप्ताह समारोह के तहत गुरुवार को साइकिल रेस का आयोजन किया गया जहां हरियारी के ब्रजेश हेंब्रम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियन होने का गौरव प्राप्त किया। गणतंत्र क्रीड़ा सप्ताह समारोह का यह तीसरा मौका था जब अपने निर्धारित रूट को छोड़कर डुमरिया से गोड्डा हाईस्कूल मुख्य द्वार तक तकरीबन 12 किलोमीटर लंबी साइकिल रेस का आयोजन किया गया। इसके पूर्व कई दशक तक हरियारी से गोड्डा तक साइकिल रेस का आयोजन होता रहा था। साइकिल रेस प्रतियोगिता में दर्जन भर प्रतिभागियों के द्वारा भाग लिया गया। जिसमें प्रथम स्थान ब्रजेश हेंब्रम ने प्राप्त किया। वही द्वितीय स्थान पर कठौन के पप्पू बाउड़ी एवं तृतीय स्थान पर पांडू बथान के रंजीत कोड़ा रहे ।

प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को खेल पदाधिकारी के द्वारा पुरस्कृत किया गया। साइकिल रेस को सफलतापूर्वक संचालन के लिए विभिन्न खेलों के खेल प्रशिक्षक एवं कार्यालय स्टाफ के द्वारा टर्निंग प्वाइंट एवं सभी मोड व चौराहा के जगह-जगह पर टेक्निकल कमेटी के रूप में कार्य करते हुए कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया साथ ही पुलिस प्रशासन द्वारा ट्रैफिक कंट्रोल कर प्रशासनिक सहयोग प्रदान किया गया।

मौके पर जिला खेल पदाधिकारी डॉ. प्राण महतो के अलावा साइकिल रेस के संयोजक पवन कुमार सिंह, कमीटी सदस्य विनोद कुमार बेदी, संजीव कुमार झा, पुनीत सिंह, आर्यन चंद्रवंशी, अमरेंद्र कुमार अमर, नवल बिहारी झा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# जमीन विवाद के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

निज संवाददाता | सरैयाहाट(दुमका)

सरैयाहाट थाना पुलिस ने जमीन विवाद से जुड़े एक कांड में गुरुवार को दो आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। यह कार्रवाई सरैयाहाट थाना कांड के तहत की गई है, जिसमें दोनों आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे और पुलिस को उनकी तलाश थी।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सिलवा साह उर्फ शिवशंकर साह और कैलाश साह के रूप में हुई है। दोनों आरोपी सरैयाहाट थाना क्षेत्र के चोराजोर गांव के निवासी बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार यह मामला दो पक्षों के बीच जमीन को लेकर चले आ रहे विवाद से संबंधित है, जिसे लेकर पूर्व में सरैयाहाट थाना में मामला दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी राजेन्द्र यादव ने बताया कि जांच के क्रम में जमीन विवाद मामले में दोनों आरोपियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई थी। मामला दर्ज होने के बाद से ही दोनों आरोपी फरार चल रहे थे, जिस कारण पुलिस लगातार उनकी तलाश में जुटी हुई थी। इसी बीच गुप्त सूचना प्राप्त होने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस जमीन विवाद कांड में आगे की जांच-पड़ताल जारी है और इससे जुड़े अन्य पहलुओं की भी गहनता से जांच की जा रही है।